e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 293
शनिवार
28.10.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**
यदि आप सूर्य की तरह चमकना चाहते है, तो पहले सूर्य की तरह जलना सीखिए !




## क्विक न्यूज

### कौमी तंजीम के स्थानीय संपादक एएच रिजवी का निधन



**रांची** :कौमी तंजीम अखबार के स्थानीय संपादक ए एच रिजवी जिसे लोग रिजवी साहब से जानते हैं आज उनका इंतकाल (निधन) हो गया। इन्ना लिल्लाही वा इन्ना इलैही राजिउन शनिवार 28 अक्टूबर बाद नमाज़ जोहर 1:30 बजे डोरंडा कब्रिस्तान में नमाज़ जनाजा अदा की जाएगी और वहीं सुपुर्द ए खाक किया जाएगा। ज्ञात हो कि रिजवी साहब ख़बर एक्सप्रेस और प्रभात मंत्र के निदेशक सैयद जसीम रिजवी के पिता थे।

### हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू दिल्ली एम्स में भर्ती

**शिमला** : हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को शिमला के अस्पताल से दिल्ली के एम्स में रेफर कर दिया गया है. पेट में इन्फेक्शन की शिकायत के बाद उन्हें शिमला के अस्पताल में एडमिट कराया गया था. मुख्यमंत्री सुबह एम्स पहुंचे और गैस्ट्रोएंटरोलॉजी डिपार्टमेंट के प्रोफेसर डॉक्टल प्रमोद गर्ग की अगुवाई में डॉक्टरों की एक टीम उनका इलाज कर रही है. डॉक्टरों की शुरुआती जांच में पता चला कि मुख्यमंत्री पैंक्रिएटिटिस से पीड़ित हैं, लेकिन उनकी हालत स्थिर है.

### कोर्ट ने आप नेता संजय सिंह की न्यायिक हिरासत 10 नवंबर तक बढ़ाई

**नई दिल्ली** : आबकारी नीति मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह की न्यायिक हिरासत शुक्रवार ।को राउज एवेन्यू कोर्ट ने 10 नवंबर तक बढ़ा दी. उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत अवधि समाप्त होने के बाद कोर्ट में पेश किया गया था.कोर्ट में सुनवाई के लिए पेश होने से पहले आप सांसद ने कहा कि सत्ता में बैठे लोगों के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी. आम आदमी पार्टी ने नेता का दावा है कि उन्हें भारतीय जनता पार्टी की साजिश के तहत गिरफ्तार कराया गया है.

### भाजपा ने 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी की

**भोपाल** : मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को स्टार प्रचारकों की लिस्ट जारी की। इस लिस्ट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह सहित 40 प्रचारकों के नाम शामिल हैं। प्रदेश की 230 सदस्यीय विधानसभा के लिए भाजपा ने 228 सीटों पर उम्मीदवारों का एलान किया है, जबकि कांग्रेस ने सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। हालांकि, माना जा रहा है कि भाजपा शेष बची हुई सीटों पर जल्द ही प्रत्याशी उतारेगी।

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 23° |

### मरांग गोमके जयपाल सिंह स्टेडियम में शुरू हुआ झारखंड वूमेंस एशियन चैपियंस ट्रॉफी

# हॉकी का महामुकाबला शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : रांची में एशियन महिला हॉकी का महामुकाबला शुक्रवार शाम चार बजे शुरू हुआ. झारखंड एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में हुई. उद्घाटन के मौके पर राज्य के खेल मंत्री हफीजुल हसन, विकास आयुक्त झारखंड अरुण कुमार सिंह, डीजीपी अजय कुमार सिंह, हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह मौजूद थे. प्रतियोगिता का पहला मुकाबला मलेशिया और जापान के बीच खेला गया.जापान ने 3-0 मुकाबले से जीत दर्ज की. मुकाबले के पहले क्वार्टर से ही जापान की टीम ने आक्रामक खेल दिखाया और पहले 13 मिनट में 4 पेनाल्टी कॉर्नर हासिल किए. 13वें मिनट में जापान की ओगावा रिका ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर 1-0 से बढ़त दिलाई. दूसरे क्वार्टर में दोनों टीम गोल करने में असमर्थ रही. तीसरे क्वार्टर में 43वें मिनट में तोरियामा मई ने शानदार फील्ड गोल कर लीड को 2- 0 किया. मैच के आखिरी मौके पर 54वें मिनट में कोबायकवा शिहो ने गोल कर जापान को 3-0 से जीत दर्ज करने में मदद की. पूरे मैच के दौरान जापान को 11 पेनाल्टी कॉर्नर मिले और मलेशिया को 1 पेनाल्टी कॉर्नर मिला. जापान ने मलेशिया पर जीत का सिलसिला कायम रखते हुए 8वीं जीत दर्ज की. दोनों के बीच हेड टु हेड 9 मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें मलेशिया ने 2018 में जापान को हराया था. इसी तरह चीन और साउथ कोरिया के बीच दूसरा व भारत और थाईलैंड के बीच तीसरा मैच खेला गया।

#### पोस्टर से पटा मोरहाबादी परिसर

रांची शहर पूरी तरह से एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के पोस्टर से पट चुका है. जोहार एशिया पोस्टर से स्टेडियम और स्टेडियम के आसपास का एरिया पटा नजर आ रहा है. सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है. पार्किंग के लिए मोरहाबादी मैदान में सुविधा मुहैया कराई गई है. एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड की गाड़ियां स्टेडियम परिसर में मौजूद हैं. मैदान के बाहर सीएम हेमंत सोरेन का हॉकी स्टिक के साथ कट आउट लगाया गया है.

**खेल मंत्री हफीजुल हसन, डीजीपी व विकास आयुक्त उद्घाटन समारोह में हुए शामिल**






#### स्टेडियम में 10 हजार दर्शकों के बैठने की क्षमता

स्टेडियम की क्षमता लगभग 10 हजार दर्शकों के बैठने की है. अगर कोई दर्शक स्टेडियम में मैच नहीं देख पाता है, तो उनके लिए मोरहाबादी के टाइम्स स्क्वायर में व्यवस्था की गई है. जहां लोग बड़े एलइडी स्क्रीन पर मैच का लुत्फ उठा सकते हैं. मैच का सीधा प्रसारण सोनी पर किया जा रहा है.

### कोर्ट में बेहोश हुए पश्चिम बंगाल के मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक, ईडी ने किया है गिरफ्तार

**कोलकाता** : पश्चिम बंगाल में कई करोड़ रुपये के राशन वितरण मामले से जुडे मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक कोर्ट में सुनवाई के दौरान शुक्रवार को बेहोश हो गए. मलिक को इसके बाद बालकनी में ले जाकर पानी दिया गया. उन्हें दस दिनों की ईडी हिरासत में कोर्ट ने भेज दिया.जांच एजेंसी ने गुरुवार को मलिक के परिसरों पर तलाशी ली थी. ईडी ने एमहर्स्ट स्ट्रीट पर उनके पैतृक आवास की भी तलाशी ली. फिर कई घंटों की पूछताछ के बाद ज्योतिप्रिय मलिक को गिरफ्तार किया था.गिरफ्तार किए जाने के बाद टीएमसी नेता ज्योतिप्रिय मलिक ने कहा था कि मैं बहुत बड़ी साजिश का शिकार हुआ हूं. मलिक ने यह भी आरोप लगाया कि यह साजिश बीजेपी और उसके नेता शुभेंदु अधिकारी ने रची है. वहीं बीजेपी प्रवक्ता सामिक भट्टाचार्य ने कहा कि टीएमसी भ्रष्टाचार में डूबी हुई है.ईडी के मुताबिक, पूरा मामला सार्वजनिक वितरण प्रणाली और कोविड लॉकडाउन के दौरान खाद्यान्न वितरण में कथित अनियमितताओं से संबंधित है.

## टाटा ग्रुप भारत में बनाएगा आईफोन विस्ट्रॉन के अधिग्रहण को मिली मंजूरी



एजेंसी

**नई दिल्ली.** भारत में ऐपल के आईफोन बनाने का काम जल्द ही टाटा ग्रुप के हाथ में आ जाएगा. भारत में आईफोन बनाने वाली कंपनी विस्ट्रॉन इंफोकॉम मैन्युफेक्चरिंग इंडिया का अधिग्रहण टाटा ग्रुप रहा है. इस अधिग्रहण को विस्ट्रॉन इंफोकॉम की पैरेंट कंपनी विस्ट्रॉन कॉर्प के निदेशक मंडल ने मंजूरी दे दी है. इलेक्ट्रॉनिक्स और टेक्नोलॉजी मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी. उन्होंने कहा कि टाटा ग्रुप ढाई साल के भीतर घरेलू और वैश्विक मार्केट के लिए भारत में ही आईफोन बनाना शुरू कर देगा.वर्तमान में विस्ट्रॉन का भारतीय प्लांट अपनी 8 प्रोडक्शन लाइनों में आईफोन-12 और आईफोन-14 की मैन्युफैक्चरिंग कर रहा है.

टाटा के अधिग्रहण के बाद विस्ट्रॉन पूरी तरह से भारतीय बाजार से बाहर हो जाएगा, क्योंकि यह भारत में ऐपल प्रोडक्ट्स का प्रोडक्शन करने वाला कंपनी का एकमात्र प्लांट है.केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया,नरेंद्र मोदी जी की दूरदर्शी पीएलआई योजना ने पहले ही भारत को स्मार्टफोन विनिर्माण और निर्यात के लिए एक विश्वसनीय और प्रमुख केंद्र बनने के लिए प्रेरित किया है. अब सिर्फ ढाई साल के अंदर टाटा कंपनीज भारत से घरेलू और वैश्विक बाजारों के लिए भारत से आईफोन बनाना शुरू करेगी. विस्ट्रॉन फैक्ट्री कर्नाटक के साउथ ईस्ट में है. एक रिपोर्ट के अनुसार, मार्च 2024 तक विस्ट्रॉन इस फैक्ट्री से करीब 1.8 बिलियन डॉलर के एप्पल आईफोन बनाएगी.

टाटा इस फैक्ट्री में ग्लोबल मार्केट के लिए आईफोन 15 की मैन्युफैक्चरिंग करेगी.विस्ट्रॉन फैक्ट्री का वैल्युएशन करीब 600 मिलियन डॉलर का है. इस डील को लेकर करीब एक साल से बातचीत चल रही थी.

## 6 जी क्रांति का नेतृत्व संभालेगा भारत : मोदी

*** देश में इंटरनेट स्पीड पिछले साल से तीन गुना बढ़ी**

एजेंसी

**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज प्रगति मैदान के भारत मंडपम में 7वीं भारतीय मोबाइल कांग्रेस-2023 का उद्घाटन किया है. इस कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने देशभर में शैक्षणिक संस्थानों को 100 '5जी यूज केस लैब्स' प्रदान किया. इन प्रयोगशालाओं को '100 5जी लैब्स पहल' के तहत विकसित किया जा रहा है. 5जी अनुप्रयोगों के विकास को प्रोत्साहित करके 5जी तकनीक से जुड़े अवसरों को साकार करने की एक कोशिश '100 5जी लैब पहल' है. जो भारत की विशिष्ट जरूरतों के साथ-साथ वैश्विक मांगों को भी पूरा करेगा.

यह अनूठी पहल शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, बिजली, परिवहन जैसे विभिन्न सामाजिक-आर्थिक क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देगी और देश को 5जी तकनीक के उपयोग में आगे ले जाएगी.पीएम मोदी ने कहा कि हमारा युवा जितना किसी भी क्षेत्र से जुड़ेगा, उतना ही उस क्षेत्र में विकास होगा. साथ ही युवाओं का अधिक से अधिक क्षेत्रों से जुड़ने से उनका भी अधिक से अधिक विकास होगा. अटल टिंकरिंग लैब्स और 5जी यूज-केस लैब्स जैसे प्लेटफॉर्म हमारी युवा पीढ़ी को बड़े सपने देखने के लिए प्रेरित करते हैं, और उनमें उन सपनों को हासिल करने का विश्वास पैदा करते हैं.पीएम मोदी ने कहा कि भारत में विकास का लाभ हर वर्ग,हर क्षेत्र तक पहुंचे,भारत में संसाधनों का सभी को लाभ मिले, सभी को सम्मानजनक जीवन मिले और सभी तक टेक्नोलॉजी का फायदा पहुंचे, इस दिशा में हम तेजी से काम कर रहे हैं. मेरे लिए यही सबसे बड़ा सामाजिक न्याय है.पीएम ने कहा, भारत 6जी पर दुनिया का नेतृत्व करेगा. 5जी लॉन्च के एक साल के भीतर 4 लाख से अधिक बेस स्टेशन बने हैं, जो 80 फीसदी आबादी और 97 फीसदी ग्राहकों को कवर करते हैं. साथ ही 6जी के लिए नेतृत्व संभालने की दिशा में भी आगे बढ़ रहा है.

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले साल हम यहां 5 जी रोलआउट के लिए एकत्र हुए थे. पीएम मोदी ने कहा कि गूगल भारत में अपने पिक्सल डिवाइस का निर्माण करेगा. सैमसंग गैलेक्सी जेड फोल्ड5 और आईफोन15 का निर्माण पहले से ही भारत में किया जा रहा है.जल्द ही पूरी दुनिया 'मेड इन इंडिया' स्मार्टफोन का इस्तेमाल करने लगेगी.



**पीएम मोदी ने कहा कि हमारा युवा जितना किसी भी क्षेत्र से जुड़ेगा, उतना ही उस क्षेत्र में विकास होगा. साथ ही युवाओं का अधिक से अधिक क्षेत्रों से जुड़ने से उनका भी अधिक से अधिक विकास होगा.**

## झारखण्ड में ट्राइबल डिजीटल एटलस बनाने की तैयारी शुरू

**आजीविका के विभिन्न माध्यमों और स्वास्थ्य सुविधाओं से आच्छादित करने की तैयारी प्रथम चरण में अति कमजोर जनजातीय समूह पर ध्यान केंद्रित करने का लक्ष्य**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देश पर राज्य में निवास करने वाले आदिवासी समूह के लिए ट्राइबल डेवलपमेंट डिजिटल एटलस तैयार किया जा रहा है। इस कार्य के प्रथम चरण में अति कमजोर आदिवासी समुदाय का बेसलाइन सर्वे किया जाएगा। इसकी तैयारी कल्याण विभाग अंतर्गत आदिवासी कल्याण आयुक्त के मार्गदर्शन में शुरू कर दी गई है। इसके लिए आदिवासी गाँवों की बुनियादी सुविधाओं की वर्तमान स्थिति और विकास के मानक लक्ष्य से क्रिटिकल गैप सर्वे के साथ प्रत्येक गांव और टोला में शिक्षा, कौशल क्षमता, रोज़गार, आय, जीवनस्तर आदि के सम्बन्ध में भी ब्यौरा तैयार होगा।

**सुविधा देने पर विशेष ध्यान:** इसके लिए राज्य सरकार उनके सामाजिक बुनियादी ढांचा, आजीविका और स्वास्थ्य पर ध्यान केन्द्रित कर कार्य योजना को अमली जामा पहनाएगी। ताकि ऐसे जनजातीय समूह के लोगों को पक्के आवास, स्वच्छता, पाइपलाइन के जरिये शुद्ध पेयजल, बिजली/सौर विद्युतीकरण, पेंशन, आयुष्मान कार्ड, पीडीएस और ई-श्रम का लाभ, स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी तक पहुंच, शिक्षा, सिंचाई हेतु जल की उपलब्धता, हर मौसम में सड़क कनेक्टिविटी, मोटर बाइक एम्बुलेंस/मोबाइल स्वास्थ्य केंद्र की सुविधा, मोबाइल और इंटरनेट कनेक्टिविटी, वनोत्पाद आधारित आजीविका, राज्य आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों और संघों को संगठित करके आजीविका में सुधार समेत अन्य सुविधाओं से आच्छादित किया जा सके ।

**विकास की लकीर खींचने का प्रयास:** ट्राइबल डिजिटल एटलस कल्याण विभाग द्वारा तैयार किया जाएगा, जिसके तहत प्रथम चरण में सभी पीवीटीजी बस्तियों का मूल्यांकन और मैप कर डेटाबेस तैयार किया होगा। जिसके आधार पर प्रमुख सामाजिक आर्थिक बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और आजीविका केंद्रित पहलों के कार्यान्वयन के लिए एक व्यापक कार्य योजना को मिशन मोड में लागू किया जाएगा। ताकि अगस्त 2024 तक राज्य में चिन्हित कुल 67,501 पीवीटीजी परिवार और 3, 705 गांवों में की करीब 2,92,359 जनसंख्या के विकास हेतु लकीर खिंची जा सके।

**विभिन्न आयामों से जोड़ने का होगा कार्य:** अति कमजोर जनजातीय समूह को एक ओर जहां सामाजिक-बुनियादी ढांचे में समाहित किया जाएगा। वहीं इनके पारंपरिक आजीविका की गतिविधियों को मजबूत करने का कार्य होगा । जेटीडीएस चने की खेती और एसएचजी और क्लस्टर आधारित एफपीसी और महिला समूहों के माध्यम से जेएसएलपीएस इसके लिए कार्य करेगा । सिदो कान्हू वनोपज फेडरेशन के माध्यम से इनके उत्पादों का बाजारों तक पहुंच बनाकर आय में वृद्धि की जाएगी। समूह में पाए जाने वाले एनीमिया, विशेष रूप से सिकल सेल एनीमिया और कुपोषण की व्यापकता में कमी सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा (डाकिया योजना) लाभ और स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने को प्रमुखता दिया जायेगा।

### ड्राफ्ट मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन शुक्रवार को कर दिया गया. अब 9 दिसंबर तक होम टू रोल सर्वे चलेगा. शुक्रवार को ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन होने के उपरांत मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने रांची तथा लोहरदगा जिले के कई मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण कर वहां की वस्तुस्थिति को जाना और अधीनस्थ कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिया.



संक्षिप्त खबरें

## हाईवे पीसीआर वन के पुलिस कर्मियों ने घायल को पहुंचाया अस्पताल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदनीनगर :** शहर थाना क्षेत्र के बिस्फुटा पुल के समीप गुरुवार को टेंपो के धक्के से पांडू थाना क्षेत्र के निवासी उमेश दुबे उम्र 55 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो हुए। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा घटना की जानकारी हाईवे पेट्रोलिंग पीसीआर वन को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही हाईवे पीसीआर वन में तैनात एएसआई कौशल किशोर पांडे अपने जवानों के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घायल को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया। जहां इलाज के बाद भी घायल की स्थिति गंभीर बनी हुई थी।वही घटना के बाद हाईवे पीसीआर वन के प्रभारी कौशल किशोर पांडे घायल के परिजनों से संपर्क करने के प्रयास में जुट गए थे, परंतु संपर्क नहीं हो पा रहा था। वही जीस टेंपो से उन्हें धक्का लगा था।वह टेंपो चालक भी घायल के इलाज करने के प्रयास में जुटा हुआ था।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने शुक्रवार को मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर समाहरणालय के सभागार में जिले के विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन, दावा व आपत्ति प्राप्त करने और इसका निष्पादन तथा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन के लिए आयोग द्वारा निर्धारित तिथियां के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी.उन्होंने कहा कि आज मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन कर दिया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने उप निर्वाचन पदाधिकारी को राजनीतिक दलों को मतदाता सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि आज से 9 दिसंबर तक दावा एवं आपत्तियों संबंधी आवेदन देने की अवधि निर्धारित की गई है। 28 व 29 अक्टूबर और 4 व 5 नवंबर को विशेष अभियान चलाया जायेगा जिसके तहत सभी बीएलओ अपने-अपने बूथ पर बैठेंगे लोग इसका लाभ उठा सकते हैं। वहीं 5 जनवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे सभी मतदान केंद्रों के लिए बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति जरूर कर लें ताकि पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान स्वच्छ, त्रुटिरहित एवं समावेशी मतदाता सूची के निर्माण में उनका भी सहयोग प्राप्त हो सके। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के अलावा उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिति किस्कु उपस्थित रहे।

## मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**छतरपुर :** नेहरू युवा केंद्र, पलामू के द्वारा छतरपुर प्रखण्ड अंतर्गत प्रखंड स्तरीय मेरी माट्टी-मेरी देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय पूर्व वार्ड पार्षद रजनीश कुमार, शिक्षक आलोक शंकर मिश्रा, शशिकांत सुमन एवं शिक्षक जय प्रकाश शामिल रहे कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व वार्ड परिषद रजनीश ने कहा कि देश के वीर सपूतों को याद करते हुए अमृत वाटिका के लिए इस प्रखण्ड से मिट्टी भेजने का काम कर रहे हैं, कार्यक्रम के आयोजन में लगे सभी सदस्यों को बधाई दिया। आलोक शंकर मिश्रा ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश एक राष्ट्र व्यापी अभियान है ।शशिकांत ने कहा कि यह अभियान स्वतंत्रता आंदोलन में शामिल वीर सपूतों के लिए वंदन है। यह अभियान उन वीर सपूतों के लिए वास्तविक श्रद्धांजलि है जो स्वतंत्रता आंदोलन में अपने प्राण न्यौछावर कर गए पर उन्हें उनकी पहचान न मिल सका। अतिथियों के संबोधन के पश्चात पंच प्रण प्रतिज्ञा लिया गया एवं विभिन्न पंचायतों की मिट्टी प्रखण्ड स्तरीय कलस में मिलाया गया। कार्यक्रम में स्थानीय लोग सहित छात्र छात्राएं भी उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों का सड़क की मांग जायज : शेर अली



**हुसैनाबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद विधान सभा के हैदरनगर थाना क्षेत्र के दर्जनों गांव के लोगों का सड़क निर्माण की मांग बिल्कुल जायज है, क्षेत्र लोगों के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधीयों ने सिर्फ आश्वासन देने का काम किया है। उक्त बातें बसपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व प्रत्याशी शेर अली ने जपला स्थित आपने आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में कहीं, एक तरफ विधायक कमलेश कुमार सिंह कहते हैं की सड़क के मामलों में हमारा क्षेत्र अव्वल रहेगा लेकिन दूसरी तरफ हैदरनगर पंसा मुख्य सड़क जर्जर हो चुकी है, जिसके चलते दर्जनों गांव के लोगों को प्रखंड से लेकर अनुमंडल मुख्यालय तक आने जानें में काफी परेशानी उठानी पड़ती है, हल्की इस पथ पर कोयल नदी तट पर झारखंड की सबसे लंबी पुल बन चुकी है जो पलामू और गढ़वा जिला को जोड़ती है, लेकिन सड़क जर्जर होने के कारण इस क्षेत्र के लोगों को छत्तीसगढ़,मध्य प्रदेश तक यात्रा करना लोगों के लिए सपना बना हुआ है, बसपा नेता ने कहा की अगर इस सड़क निर्माण कार्य नहीं होता है तो बसपा इस आंदोलन करने वालो के साथ मिलकर जोरदार आंदोलन करने पर मजबूर हो जाएगी। मौके पर बसपा के जिला अध्यक्ष अजय भारती मौजूद थे।

## धनंजय कुमार गुप्ता ने संभाला हुसैनाबाद अंचलाधिकारी का पदभार

**हुसैनाबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद अंचलाधिकारी धनंजय कुमार गुप्ता ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद प्रमंडल पदाधिकारी एवं यहा की क्षेत्र वासियों के साथ आपसी समन्वय व सामंजस्य स्थापित करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने को कार्य रूप से होगा।

## राजेश तिवारी को किसान ब्रिगेड ने किया सम्मानित



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** किसान ब्रिगेड ने हुसैनाबाद अंचल कार्यालय में घुसखोर कर्मचारी सचिन गुप्ता को रंगे हाथ पकड़वाने वाले दरुआ निवासी व प्रखर समाजसेवी श्री राजेश तिवारी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया है। किसान ब्रिगेड के सदस्य बद्रीनारायण सिंह ने कहा कि किसान ब्रिगेड भ्रष्टाचार के खिलाफ हमेशा आवाज उठाती रही है। मैं संगठन के तरफ से इस मुहिम में शामिल एसीबी के पूरे टीम को धन्यवाद देता हूं। संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचारियों को इसी तरह से जेल भेजा जाना चाहिए। राजेश तिवारी जैसे व्यक्ति को आज साथ देने की जरूरत है। इनको सम्मानित करने का मुख्य उद्देश्य यही है कि समाज के लोग इन्हें देखकर जागरूक हो और भ्रष्टाचार के विरुद्ध एक मुहीम छेड़ें ताकि भ्रष्टाचार का उन्मूलन न हो। मैं इनके साहस को सैल्यूट करता हूं। राजेश तिवारी ने लोगों से अपील किया कि किसी भी कार्यालय में घुस की मांग की जाती है तो डरने की जरूरत नहीं है निडर होकर एसीबी को इसकी सूचना देनी चाहिए। जबतक भ्रष्टाचारियों के मन में डर पैदा नहीं होता वे घुस लेना बंद नहीं करेंगे। विदित हो कि राजेश तिवारी के शिकायत पर पीछले सप्ताह हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय में कार्यरत हल्का कर्मचारी सचिन गुप्ता को पलामू प्रमंडलीय कार्यालय की एसीबी की टीम ने 4000 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया था।

## केतात पंचायत में संस्था अग्रगति रामगढ़ के तत्वाधान में किया गया बैंक कैंप का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर :** शुक्रवार को ग्राम पंचायत केतात कला पंचायत सचिवालय में संस्था अग्रगति रामगढ़ के तत्वाधान में जन सुरक्षा अभियान के तहत बैंक कैंप का आयोजन किया गया, इस शिविर में सीएफएल कॉर्डिनेटर मनीष वैद्य के द्वारा लोगों को बैंकिंग सेवा सहित ऑनलाइन किए जा रहे कार्यो की समुचित जानकारी दी गई साथ ही उपस्थित ग्रामीणों को डिजिटल सम्बंधित एवम जालसाज के तौर - तरीके एवम उसके बचाव पर वीडियो के माध्यम से जागरूक किया गया तथा उपस्थित लोगों को ऑनलाइन बैंकिंग सेवा के नाम पर जालसाजों के द्वारा लोगो को फ्रॉड किया जा रहा है ऐसे में समुचित जानकारी के बिना कुछ भी साझा न करें नहीं तो आर्थिक जोखिम उठानी पड़ सकती है। इसके साथ ही संस्था अग्रगति रामगढ़ के सीएफएल प्रशिक्षक गुरुदेव विश्वकर्मा द्वारा बीमा योजना, साइबर क्राइम, फ्रॉड कॉल, केसीसी, एवं मुद्रा ऋण इत्यादि पर उपस्थित लोगों को विस्तृत जानकारी दिया। इस बैंक कैंप में मुख्य रूप से उपस्थित सेन्ट्रल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक रेहला के बैंक सखी सीएसपी संचालक को कैम्प में बुलवाकर कुल पीएमबीएसबी-37, पीएमजेजेबीवाई -31, APY-02 लोगों का करवाया गया। आज के इस बैंक कैंप में मुख्य रूप से केतात कला मुखिया संजू चौबे, समाज सेवी रवि शंकर चौबे, अग्रगति संस्था के सीएफएल कॉर्डिनेटर मनीष वैध, ट्रेनर गुरुदेव विश्वकर्मा, आकांक्षा कुमारी, प्रमिला देवी, संतोष तिवारी, संगीता देवी, सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## घर-घर केसीसी अभियान के तहत खुरा में लगा किसान शिविर



**चैनपुर (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के खुरा कला गांव में संध्या शिविर कार्यक्रम घर घर केसीसी अभियान के तहत भारतीय स्टेट बैंक शाखा शाहपुर के नेतृत्व में प्रधानमंत्री किसान सामान्य निधि योजना के तहत कृषि ऋण को लेकर किसानों के साथ बैठक की गई। इसमें भारतीय स्टेट बैंक के उप महाप्रबंधक देवेश मित्तल, शाहपुर शाखा प्रबंधक कौशल कुमार झा एवं रीजनल मैनेजर प्रेम कुमार, मुखिया निर्मला देवी संयुक्त रूप से कार्यकर्म का उद्घाटन किया।इस मौके पर रांची से आए हुए उप महाप्रबंधक देवेश मित्तल ने कहा कि जिन किसानों का प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का पैसा शाहपुर शाखा में आता है वे आवेदन जमा कर ऋण का लाभ उठाएं कृषि ऋण को लेकर प्रोत्साहन किया एवं कृषि ऋण लाभ की जानकारी विस्तृत रूप से दी।उन्होंने कहा कि जिन किसानों को ऋण लेना है वे शाखा पहुंच कर उसका लाभ ले एवं किसानों को ऋण लेने की लिए जागरूक भी किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किसानों के लिए महत्वाकांक्षी योजना चलाया जा रहा है किसान योजना का भरपूर लाभ उठाएं।

## माड़न के बच्चों से प्रधानाध्यापक ने की अवैध वसूली

**पांकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिले के पांकी प्रखंड के स्तरोन्नत उच्च विद्यालय माड़न में अध्यनरत नवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं से पंजीयन एवं परीक्षा आवेदन हेतु विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक ऋषिकेश कुमार सिंह के द्वारा मनमाने तरीके से 1000 रुपए तक वसूली करने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है, प्राप्त जानकारी के अनुसार इन दोनों स्तरोन्नत उच्च विद्यालय में नवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं का पंजीयन एवं परीक्षा आवेदन पत्र भरा जा रहा है, इस दौरान विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक ऋषिकेश कुमार सिंह विद्यालय के अध्यक्ष मोहम्मद अख्तर हुसैन के बगैर जानकारी के अपनी मनमानी कर छात्रों के निर्धारित शुल्क 250 एवं 370 रुपए की जगह 360 एवं 450 रुपए एवं 1 दिन की अनुपस्थिति पर 10 रुपए का अतिरिक्त शुल्क जोड़कर राशि जमा ले रहे हैं , यही नहीं उन्होंने छात्र-छात्राओं को निर्धारित शुल्क की स्पष्ट जानकारी न देते हुए अपने मुताबिक शुल्क का निर्धारण भी कर रखे हैं छात्राओं का 250 रुपए शुल्क की जगह 360 रुपए एवं छात्रों का 370 रुपए की जगह 450 रुपए बताते हुए 1 दिन का अनुपस्थित जोड़कर ?1000 तक की राशि की वसूली कर चुके हैं, इस संबंध में विद्यालय में अध्यनरत नवीं कक्षा का छात्र राहुल कुमार ने बताया कि रजिस्ट्रेशन एवं आवेदन हेतु उससे 600 रुपए लिया गया है, छात्र उमेश राम ने बताया कि शिक्षक के द्वारा उन्हें बताया गया की 450 रुपए रजिस्ट्रेशन का निर्धारित शुल्क है लेकिन वह लगातार विद्यालय में अनुपस्थित रहा जिस कारण उससे 960 रुपए लिए गए हैं,वहीं विद्यालय की छात्रा गुलनाज खातून ने बताया कि उससे 360 रुपए लिए गए हैं व शिक्षक के द्वारा उसे रजिस्ट्रेशन का निर्धारित दर 350 रुपए बताया गया है जबकि जैक द्वारा निर्धारित शुल्क छात्राओं के लिए मात्र 250 रुपए ही है। छात्र मनजीत कुमार ने बताया कि उससे 1000 रूपये लिए गए हैं लेकिन उसे किसी तरह का रसीद भी प्राप्त नहीं हुआ है। छात्र निकेश कुमार ने बताया कि रजिस्ट्रेशन एवं परीक्षा आवेदन शुल्क उसे 850 रुपए लिए गए हैं 400 रू शुल्क विद्यालय में अनुपस्थित रहने का एवं 450 रुपए शुल्क रजिस्ट्रेशन एवं फॉर्म भरने का उन्हें बताया गया है।इस संबंध में छात्र-छात्राओं के अभिभावक रमेश उरांव ने बताया कि उन्हें सूचना मिली है कि विद्यालय में परीक्षा फॉर्म भरने के बदले 800 रू लिए जा रहे हैं।

## बीडीओ ने प्रखंड कर्मियों के साथ किया समीक्षा बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को प्रखंड में नव नियुक्त बीडीओ विकास कुमार सिंह ने सभी प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक किया.बैठक में बीडीओ ने पंचायत सचिवों से पंचायतों में चल रहे विकास कार्यो की जानकारी लिया। उन्होंने सभी कर्मियों को निर्वाचन कार्यो पर विशेष सावधानी बरतने का निर्देश दिया.उन्होंने उपस्थित कर्मियों को अधूरे पड़े आवासों को शीघ्र पूरा कराने, मनरेगा कार्यो में तेजी लाने, मानव दिवस बढ़ाने तथा मजदूरों के मजदूरी का भुगतान ससमय कराने का निर्देश दिया। बैठक में प्रधान सहायक अनिल सिंह, बीपीओ राजदीप कुमार, सहायक अभियंता उज्जवल कुमार अग्रवाल, प्रखंड कोडिनेटर प्रधानमंत्री आवास स्नेहा सिंह, प्रखंड कोडिनेटर पंचायत राज कौशल कुमार, कनीय अभियंता अशोक कुमार, णधीर कुमार, जितेंद्र कुमार, पंचायत सेवक बिरेन्द्र सिंह, नंदू मेहता, विकास जायसवाल, रोजगार सेवक श्रवण राम, बिरेन्द्र प्रसाद, मनोज ठाकुर, आलोक राज, ज्ञान रंजन चतुर्वेदी, आनंद विश्वकर्मा, अम्बिका सिंह, कंप्यूटर ऑपरेटर विक्रम कुमार, रोहित कुमार, मनरेगा लेखपाल नागेन्द्र कुमार सहित सभी प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## प्रखंड कार्यालय में किया गया मतदाता सूची का प्रकाशन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया.मतदाता सूची का प्रकाशन करते हुये प्रभारी पंचायत राज पदाधिकारी विकास कुमार जायसवाल ने कहा कि सभी मतदाता अपने अपने मतदान केंद्रों पर जाकर अपना नाम मतदाता सूची में देख सकते है.उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम,पता,उम्र गलत होने पर सुधार के लिये प्रपत्र 8 भरकर अपने मतदान केंद्र के बीएलओ के पास जमा करें.उन्होंने कहा कि जिन योग्य व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में छूट गया हो या 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के वैसे व्यक्ति जिनका नाम मतदाता सूची में नही है वे मतदाता सूची में नाम जोड़वाने के लिये प्रपत्र 6 भरकर बीएलओ के पास जमा करें, जिससे उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, मृत, स्थानांतरित मतदाताओं का मतदाता सूची से नाम हटाने व गलत प्रविष्टियो के सुधार के लिये आगामी 9 दिसम्बर तक अभियान चलाया जायेगा। मौके पर सहायक अभियंता उज्ज्वल कुमार, अशोक कुमार, वेद प्रकाश, सुनैना देवी, संगीता देवी, विक्रम कुमार, रोहित कुमार, नागेंद्र कुमार, गोपाल प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे।

## हरिहरगंज के नए सीओ ने किया पदभार ग्रहण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हरिहरगंज (पलामू) :** हरिहरगंज अंचल में नये अंचल पदाधिकारी के रूप में यामुन रविदास ने शुक्रवार को निवर्तमान सीओ कामेश्वर बेदिया से पदभार ग्रहण किया। इस दौरान नव पदस्थापित सीओ ने कहा कि दाखिल खारिज, भूमि संबंधी विवादों का निष्पादन के साथ ही आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र को ससमय निर्गत करना उनकी प्राथमिकता होगी। बिचौलियों को कभी पनपने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने अपने अधीनस्थ कर्मियों से परिचय प्राप्त करते हुए सभी कर्मियों को कार्य अवधि तक अपने कर्तव्यों का अनुपालन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 28 अक्टूबर से 9 दिसंबर तक मतदाता सूची में नया नाम शामिल करने, मृत मतदाता का नाम विलोपन और त्रुटि में नाम सुधार करने के लिए तिथि तय किया है। इसके लिए उन्होंने सभी बीएलओ को प्रत्येक दिन भरे गये प्रपत्रों की जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में देने का निर्देश दिया। मौके पर प्रधान सहायक संतोष ठाकुर नाजिर प्रीतम प्रफुल्ल एक्का सीआई प्रगति प्रकाश अंचल अमीन राकेश कुमार कंप्यूटर ऑंपरेटर अमित कुमार, जितेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

## प्रखंड में विद्यार्थियों को मेनु के अनुसार नहीं मिलता है मध्याहन भोजन एवं अतिरिक्त पोषाहार

### एनपीएस नवाडीह में नहीं मिले छात्र-छात्रा एवं शिक्षक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खरौंधी :** प्रखंड के 58 विद्यालय में नामांकित 10216 विद्यार्थियों को शिक्षा विभाग के मध्याहन भोजन प्रधिकरण से निर्धारित मेनु के अनुसार मध्याहन भोजन व अल्पाहार नहीं दिया जा रहा है।शुक्रवार को ग्राउंड रिपोर्टिंग में किसी भी विद्यालय में निर्धारित मेनू के अनुसार मध्याहन भोजन नहीं बना पाया गया। प्रखंड के विद्यालयों में शुक्रवार को मध्याहन भोजन में मेनु के अनुसार चावल, दाल, हरा सब्जी देना था। जबकि अल्पाहार में प्रत्येक विद्यार्थी को एक अण्डा या फल देना था। इसमें शाकाहारी विद्यार्थियों को इच्छानुसार एक सेव या एक केला दिया जाना था। लेकिन कई विद्यालयों में मध्याहन भोजन में दाल और हरा सब्जी की कटौती करके अण्डा कढ़ी और चावल दिया गया। वहीं कई विद्यालयों में मध्याहन भोजन बंद पाया गया। कुछ विद्यालयों में निर्धारित मेनु के विपरीत ही सही, मध्याहन भोजन तो बना था लेकिन विद्यार्थियों को अल्पाहार के रुप में देय अण्डा या फल नहीं दिया गया था। वहीं उप्रावि गटियरवा में सिर्फ खिचड़ी दिया गया था। इस विद्यालय में अल्पाहार नहीं दिया गया था। जबकि एनपीएस केवाल में मध्याहन भोजन बन्द था। हालाकि यहां मध्याहन भोजन की जगह अल्पाहार का फल दिया गया था। एनपीएस नावाडीह में शिक्षक की अनुपस्थिति की वजह से विद्यार्थी नदारद थे। **बच्चों को मेनू के अनुसार नहीं मिल रहा है मध्यान भोजन और पेट भर खाना :** उत्क्रमित प्राथमिक विधालय गतियारवा में बच्चों को मेनू के अनुसार मध्यान भोजन व अतिरिक्त पोसाहार नहीं दिया जा रहा है। इसके साथ ही बच्चों को पेट भर खाना तक नहीं दिया जा रहा जब बच्चों से पूछा गया तो बच्चों ने कहा की हमलोग को मेनू के अनुसार भोजन नही दिया जा रहा है इस विद्यालय मे हमेशा खिचड़ी और चोखा बनाया जा रहा है। इसके साथ ही छात्र छात्राओं ने बताया की पेट भर खाना नही मिलता है जब दुबारा खाना मांगते है तो सेविका और शिक्षक के द्वारा डांट दिया जाता है और भोजन नहीं होने का बात करते हैं। इसके साथ ही बच्चों ने बताया की प्रधानाध्यापक प्रेमचंद किसी से नहीं बताने का धमकी भी दिया जाता है। **मध्याहन भोजन में ही अल्पाहार का अंडा मर्ज कर दाल/हरा शब्जी की कटौति की गई :** युपीएस झुरीबांध, मवि खरौंधी, एचएस भलुही, मवि मझिगावां, पीएस हरिहयरी, एनपीएस गोबरदाहा, मवि चंदना में मध्यान भोजनमें मेनू के अनुसार निर्धारित हरा सब्जी और दाल की कटौती करके उसके जगह पर अल्पाहार का अंडा को प्रतिस्थापित करते हुए चावल और अंडा कढ़ी दे दिया गया। जबकि नियमानुसार आज मध्यान भोजन में चावल, दाल और हरा सब्जी के साथ अल्पाहार में अंडा या फल देना था। **इन विद्यालयों में अल्पाहार नहीं दिया गया :** मवि अंधरी, यूपीएस बनखेता, एनपीएस केवाल, मवि सिसरी, मवि तोरेलावा, यूपीएस कसियड़वा, यूपीएस गटियरवा में अल्पाहार नहीं दिया गया था। **इन विद्यालयों में मध्याहन भोजन बंद था :** एनपीएस केवाल, एनपीएस नावाडीह इधर बीईओ विजय पांडे ने बताया की शनिवार को जांच किया जायेगा। जांच में जिन विधालय में मध्यान भोजन और अल्पाहार में अनियमितता पाया गया है उनपर जांच कर करवाई किया जायेगा।

## विधायक पर दर्ज हो आईपीसी की धारा 298 के तहत मुकदमा : रुचिर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी, हुसैनाबाद अंचल के अंचल सचिव गणेशा राम, अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, अभय कुमार भूइंया, आलोक कुमार तिवारी, नगर सचिव सुरेश ठाकुर एवं श्रद्धानंद तिवारी ने ब्यान प्रसारित कर कहा कि पांकी के विधायक शशिभूषण मेहता के द्वारा अनर्गल बयान बाजी कर पांकी सहित पूरे जिले में सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने का प्रयास किया है उनके खिलाफ झारखंड सरकार से एफ आई आर दर्ज कराने की मांग की है। जिला सचिव श्री तिवारी ने कहा कि पांकी के विधायक के ऊपर पहले से भी 302 के तहत मुकदमा चल रहा है वह अपराधी प्रवृत्ति के व्यक्ति हैंऔर इससे पहले भी पांकी में भाजपा के तथाकथित नेताओं और विधायक के अनर्गल ब्यान बाजी के चलते पांकी में लोगों के बीच माहौल खराब हुआ था और पूर्व पलामू एसपी सहित बाहर से एसपी इंद्रजीत महथा और पुलिस को 15 दिन तक कैंप करके रहना पड़ा था इसके बाद पांकी में शांति बहाल हुई थी लेकिन पुनः चुनाव आने से पहले बाकी विधायक का इस प्रकार से बयान बाजी देना सांप्रदायिक रंग देना है। आम जनता इनकी उलउल जुलूल बातों पर ध्यान ना दे और सदियों से जिस प्रकार हिंदू मुस्लिम सिख इसाई मिलजुल कर रहते आए हैं उसी तरह आपसी एकता बनाए रहे। संविधान के आर्टिकल 15 में यह साफ वर्णित है कि कोई भी माननीय या नेता किसी सार्वजनिक स्थल पर या कहीं भी अगर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का प्रयास करता है तो उसको अपराधिकृत माना जाएगा और उसके तहत उसपर आईपीसी की धारा 298 के तहत मुकदमा दर्ज होनी चाहिए।


उत्तराखण्ड शासन
G20
भारत 2023 INDIA
आज़ादी का अमृत महोत्सव
देवभूमि उत्तराखण्ड
उत्तराखण्ड को महत्व देने के लिए प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद। हम निश्चित रूप से मोदी जी की आकांक्षाओं का उत्तराखण्ड बनाएंगे। प्रदेश के लिए उनका योगदान वृह है। उत्तराखण्ड से उनका रिश्ता मर्म एवं कर्म का है। प्रधानमंत्री मोदी के मागदर्शन में प्रदेश नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा है।
पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
संकल्प
नये उत्तराखण्ड का
उत्तराखण्ड आज जिस तरत से कानून व्यवस्था को सर्वोपरि रखते हुए विकास के अभियान को आगे बढ़ा रहा है, वो बहुत सराहनीय है। ये इस देवभूमि की पहचान को संरक्षित करने के लिए भी अहम है। और मेरा विश्वास है कि देवभूमि आने वाले समय में पूरे विश्व की आध्यात्मिक चेतना के आकर्षण का केंद्र बनेगी। हमें इस सामथ्र्य के अनुरुप भी उत्तराखण्ड का विकास करना होगा।
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
विकास के नवरत्न
1
केदारनाथ-बद्रीनाथ धाम में 1300 करोड़ रुपए से पुनर्निर्माण का कार्य।
2
गौरीकुण्ड-केदारनाथ, गोविंदघाट-हेमकुंड साहिब रोपवे।
3
मानसखण्ड मंदिर माला मिशन।
4
4000 से अधिक होम स्टे विकसित।
5
16 ईको टूरिज्म डेस्टिनेशन का विकास।
6
AIIMS
AIIMS, ऋषिकेश का उधमसिंहनगर में सैटेलाइट सेंटर।
7
2 हजार करोड़ रुपए की लागत से टिहरी लेक डेवलपमेंट।
8
एडवेंचर टूरिज्म व योग का केन्द्र बना उत्तराखण्ड।
9
टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन का विकास।
• चारधाम ऑल वेदर रोड
• दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे
• वन्देभारत एसप्रेस ट्रेन
• पर्वतमाला परियोजना से प्रदेश में रोपवे कनेक्टिविटी
• ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल पयियोजना
• पर्यटन हब, एडवेंचर टूरिज्म, फिल्म शूटिंग डेस्टिनेशन के रूप में उभरता उत्तराखण्ड
• भारतमाला परियोजना
• एक जिला-दो उत्पाद योजना
• निवेश अनुकूल औद्योगिक नीति
• स्टार्टअप से युवा उद्यमिता को प्रोत्साहन
• अटल आयुष्मान उत्तराखण्ड योजना
• स्टेट मिलेट मिशन से राज्य में पौष्टिक अनाज को बढ़ावा
RO20231026l9748
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

## शांतिपूर्ण दुर्गापूजा की सफलता पर आयोजन समिति ने किया आभार प्रकट

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा मे सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के द्वारा संपन्न हुए शांतिपूर्ण दुर्गापूजा पर इसमें सहयोग करने वाले सभी लोगों के प्रति आयोजन समिति द्वारा आभार प्रकट किया गया है।सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति के कार्यकारी अध्यक्ष विद्यापति सिंह और कार्यकारी सचिव राजेंद्र गुप्ता ने शांतिपूर्ण माहौल में दुर्गा पूजा संपन्न होने पर क्षेत्र के सभी लोगों को बधाई देते हुए इसमें सहयोग करने वालों के प्रति आभार प्रकट किया है।साथ ही आगे भी इस तरह के आयोजन में सहयोग करने की अपील की गई।आभार प्रकट करने वालो मे विद्यापति सिंह,राजेंद्र गुप्ता, मुखिया गुंजन सिंह,रीना देवी, प्रमोद प्रसाद,राम बच्चन यादव,सोनू तिवारी,गुरुदयाल सिंह,सुभाष साव,उमेश यादव,संतोष यादव,विकास कुमार,बसंत गुप्ता,दीपक केसरी,अनिल सोनी,उमेश सिंह,संजय ठाकुर,मंगल सिंह,लक्ष्मण मंडल,विनय सिंह,प्रवीण सिंह,विक्रांत सिंह,रविंद्र सिंह,अमरदीप सिंह,राजेश सिंह,पिंकी सिंह, अभिषेक सिंह,विनोद पासवान,सूरज नायक,पप्पू सोनी सहित अन्य लोगों का नाम शामिल है।

## भाजपा पिपरवार मडंल ने कोयलांचल के मंदिरों से किया मिट्टी संग्रह



**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी पिपरवार मंडल के द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत कोयलांचल क्षेत्र के कई मंदिरों से मिट्टी संग्रह किया गया।भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा के नेतृत्व में पिपरवार के अनेको मन्दिरों से मिट्टी संग्रह का कार्यक्रम किया गया।जानकारी के अनुसार बचरा काली मंदिर मे पुजारी विनोद कुमार पांडेय,बचरा राम जानकी मंदिर मे पुजारी विकास कुमार पाठक,जय बाबा सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर मे पुजारी शिवनंदन तिवारी के द्वारा सभी बूथ अध्यक्ष द्वारा लिये गए मिट्टी को पूजा अर्चना कर जिला भाजपा कमेटी को भेजा गया।इस मौके पर पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा,कोषाध्यक्ष राम प्रसाद महतो,जिला मंत्री रीना देवी, मंडल महामंत्री राधा देवी, रविंद्र कुमार सिंह,अजय रजक,जगदीश सिंह भोक्ता, उदय शर्मा,रामलाल महतो, धनराज भोक्ता,संजय गंझू, माधुरी देवी,रीना कुमारी,रंजू देवी,योगेंद्र कुमार पांडेय सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## फिट एंड रन के तहत सीआईएसएफ के अधिकारियों और जवानों ने लगाया दौड़



**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ के द्वारा फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत पिपरवार में फीट एंड रन के तहत दौड़ लगाया गया।सीआईएसएफ के सीनियर कमांडेंड संदीप कुमार एस के नेतृत्व में सैकड़ो अधिकारियों और जवानों ने दौड़ लगाकर आम लोगों को फिट होने का संदेश दिया।जानकारी के अनुसार सीआईएसएफ के बचरा कैंप से जवानों और पदाधिकारी ने फिट एंड रन के तहत दौड़ की शुरूआत की।यह दौड़ बचरा काली मन्दिर,बचरा बाजारटांड,बिशुझापा,झुला पुल,राय कोलियरी होते हुए लायंस क्लब पहुंचा,वही दुसरी और से सीआईएसएफ एनके एरिया के पदाधिकारी और जवान भी लायंस क्लब पहुंचे और एक जगह दोनों यूनिट जमा हुए।इस दौरान हम फिट तो जवान फिट है के श्लोगण के साथ सभी को जागरूक किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीनियर कमांडेंड संदीप कुमार एस ने कहा कि फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत विभाग के द्वारा फिट एंड रन का दौड़ लगाया जा रहा है, जिसमें सभी अधिकारी और जवान उत्साह के साथ शामिल हुए।उन्होंने कहा कि बेहतर और स्वस्थ शरीर के लिए दौड़ और योग अभ्यास काफी जरूरी है।इससे हमारे शरीर के कई बीमारियों को दूर किया जा सकता है। इस मौके पर कमांडेड संदीप कुमार एस, डिप्टी कमांड़ेड उपेन्द्र सिंह, असिस्टेंट कमांडेड एसके मीणा,निरीक्षक विकाश कुमार,सुमन तिवारी,सरोज कुमार,स्वाति कुमारी,डीके चौधरी सहित करीब 110 जवान इस दौड़ में शामिल हुए।

## फुटबॉल टूर्नामेंट सह जतरा का आयोजन

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नामकुम प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम मालटी में दशाई जतरा के उपलक्ष्य में छः दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट सह जतरा में मुख्य अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप उपस्थित होकर खिलाड़ियों एवं दर्शकों का हौसला अफजाई किया। मौके पर विधायक राजेश कच्छप ने खिलाड़ियों एवं दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखण्ड खेल के नाम से प्रसिद्ध है। जैसे फुटबॉल, क्रिकेट, हाकी जैसे खेलों में झारखण्ड के खिलाड़ी अन्तर्राष्ट्रीय में अपना नाम रोशन कर रहे हैं। जतरा एक हमारी झारखंड की पारम्परिक रिति रिवाज से मनाते हैं। अपनी कला एवं संस्कृति को बचाए रखने के लिए हम जतरा एवं मेला का आयोजन करते हैं। जब जतरा एवं मेला को बचायेंगे तभी हम झारखण्ड को बचा सकते हैं। जतरा एवं मेला को सभी ग्रामीण को मिलकर लगाते हैं जिससे ग्रामीणों की एकता की परिचय देता है। सभी प्रतियोगियों को एवं विजेता एवं उप-विजेता को बधाई दी।मौके पर विधायक राजेश कच्छप ने मालटी सरना स्थल की घेराबंदी कार्य का शिलान्यास नारियल फोड़कर विधिवत किया। फुटबॉल टूर्नामेंट में कुल टीम प्रतियोगिता में सोलह टीम भाग लिया। जिसमें प्रथम पुरस्कार ऐलो स्टार क्लब कुटियातु को 1,51,000/- (एक लाख एकावन हजार), द्वितीय पुरस्कार बेलांगी को 1,01,000/- (एक लाख एक हजार), तृतीय एवं चतुर्थ पुरस्कार नाईट बुलेट क्लब कवाली एवं अमीत ब्रदर्स क्लब मालटी को 16,000/-(सोलह हजार) दिया गया। मौके पर प्रखण्ड प्रमुख आशा कच्छप, कुटियातु पंचायत मुखिया निशा उरांव, पंचायत समिति सदस्य रोजलीन तिर्की, पड़ाह राजा प्रदीप तिर्की, रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष माधो कच्छप, समाजसेवी प्रकाश लकड़ा, मरियम लकड़ा, दशाई जतरा समिति के अध्यक्ष राजदीप लकड़ा, बुलू लिण्डा, बिनोद लकड़ा, रोबोट लकड़ा, दिलीप कच्छप, बिरसा पहान, अजय लकड़ा, रघु कच्छप, दिनेश चन्द्र प्रमाणिक उपस्थित थे।



## पोक्सो एक्ट के अभियुक्त को मांडर पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर पुलिस ने शुक्रवार को नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपी अभियुक्त मांडर थाना क्षेत्र के कैम्बो निवासी 25 वर्षीय मोहन उरांव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है पुलिस ने बताया कि मांडर थाना क्षेत्र की एक नाबालिग के साथ अभियुक्त ने छेड़छाड़ किया था जिसके बाद नाबालिग के पिता के द्वारा थाने में मामला दर्ज कराया गया था।

## बक्सपुर के पीडीएस लाभुक लगातार लगा रहे हैं न्याय को लेकर कार्यालय का चक्कर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**कर्रा :** प्रखंड के बक्सपुर गांव के पीडीएस लाभुकों ने राशन नहीं मिलने व पीडीएस डीलर द्वारा अंगूठा लगाकर राशन नहीं देने की समस्या को लेकर शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय पहुंचकर बीडीओ स्मिता नगेशिया को ज्ञापन सौंपा गया. वहीं बीडीओ स्मिता नगेशिया ने बक्सपुर गांव?के पीडीएस लाभुकों कि समस्या को गंभीरता से लेते हुए डीलर द्वारा भारी अनियमितता बरतने कि शिकायत को लेकर जिला उपायुक्त खूंटी से डीलर का लाईसेंस रद्द करने कि अनुशंसा करने कि बात कही है. जिसका एक कॉपी जिला खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी खूंटी को भी भेजने कि बात कही गयी है. वही बक्सपुर गांव? के पीडीएस लाभुकों ने बताया कि सरस्वती महिला मंडल बक्सपुर के नाम से संचालित पीडीएस दुकान के डीलर द्वारा सितंबर व अक्टूबर माह का पर्ची निकाल कर लाभुकों को एक माह का राशन मिला है. वहीं डीलर द्वारा लाभुकों के कार्ड में भी राशन कि मात्र को दर्ज किया गया है जिसे लेकर लाभुकों ने संयुक्त रूप से आवेदन बनाकर राज्य खाद्य आयोग रांची, जिला उपायुक्त खूंटी व जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी खूंटी को भी डीलर द्वारा अनियमितता बरतने कि शिकायत कि जा चुकी है. वहीं लाभुकों द्वारा शिकायत करने के बाद 19 अक्टूबर को बक्सपुर में लाभुकों के साथ बैठक करके प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी ने बक्सपुर पंचायत की मुखिया पुनम बारला के उपस्थिति पर लाभुकों को राशन वितरण कराने को लेकर निर्णय लिया गया था जिसे लेकर 27 अक्टूबर दिन शुक्रवार को सरस्वती महिला मंडल के नाम से संचालित पीडीएस दुकान से 16 क्विंयूटल अनाज पंचायत भवन बक्सपुर पर उतारा गया है लेकिन पीडीएस दुकान में कुल 336 लाभुकों का कार्ड है 16 क्विंयूटल राशन 336 कार्डधारियों के अनुसार काफी कम है जिसके कारण राशन वितरण कार्य नहीं हुआ। बक्सपुर के लाभुक समस्या को लेकर प्रखंड के साथ जिला के अधिकारी से न्याय कि गुहार लगा रहे हैं वही डीलर अपनी बचाव पर लाभुकों गुमराह करके सादा पेपर पर हस्ताक्षर व अंगूठा का निशान लेने कि बात लाभुक बता रहे हैं।

## अशोका ओसीपी पिपरवार इकाई में 12 कोयला कामगारों को एक साथ दी गई पदोन्नति



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के अशोका परियोजना ओसीपी पिपरवार ईकाई में कार्यरत बारह कोयला कामगारो को सीसीएल प्रबंधन पिपरवार द्वारा पदोन्नति दिया गया हैं।पदोन्नति प्राप्त करने वाले कोयला कामगारों में कर्लक सुरेश गंझु,टंडेल छेदी ठाकुर, दिग्विजय कुमार,रंजन मुंडा, अरुण उरांव, विक्की उरांव, महेंद्र पंडित, दुलार राम, सीता बेदिया, मौजम अंसारी, विजय टाना भगत,वीरेंद्र गंझु सहित अन्य कोयला मजदूरों का नाम शामिल है।

## महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2023 झारखंड ने सात्विक प्रमाणीकरण का मार्ग प्रशस्त किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**मांडर :** आईएचएम रांची और सात्विक काउंसिल ऑफ इंडियाके के सहयोग से शुरू की गई यह अग्रणी पहल, कार्बन पदचिह्न को कम करने और पर्यावरण-अनुकूल प्रथाओं का समर्थन करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। सात्विक प्रमाणीकरण के मुख्य पहलू यह पहल पर्यावरणीय जिम्मेदारी के प्रति झारखंड के समर्पण के अनुरूप है और व्यक्तियों और ग्रह दोनों के लिए एक स्थायी विकल्प के रूप में शाकाहार को बढ़ावा देने के राज्य के प्रयासों को पूरक बनाती है।सात्विक काउंसिल ऑफ इंडिया के संस्थापक श्री अभिषेक विश्वास ने समावेशिता, आहार पारदर्शिता, विपणन और प्रतिष्ठा को महत्वपूर्ण कारणों के रूप में उद्धृत करते हुए झारखंड में महिला एशिया चैंपियंस ट्रॉफी जैसे आयोजन के लिए ÷सात्विक प्रमाणीकरण÷ के महत्व पर जोर दिया। कई प्रतिभागी और दर्शक शाकाहार का अनुसरण कर सकते हैं। या धार्मिक, नैतिक या स्वास्थ्य विकल्पों सहित विभिन्न कारणों से शाकाहारी आहार। प्रमाणित शाकाहारी विकल्पों की पेशकश यह सुनिश्चित करती है कि हर कोई आहार प्रतिबंधों के बिना भाग ले सकता है, कार्यक्रम की प्रतिष्ठा बढ़ाता है, और इसकी अपील को बढ़ाता है। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि सात्विक प्रमाणीकरण यह सुनिश्चित करता है कि शाकाहारी विकल्प मिलते हैं विशिष्ट मानक, प्रतिभागियों और उपस्थित लोगों को उनके आहार विकल्पों के संबंध में स्पष्टता प्रदान करते हैं।आतिथ्य क्षेत्र सात्विक प्रमाणीकरण की वकालत करने और उसे अपनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, जो शुद्ध, शाकाहारी और पौष्टिक व्यंजनों पर केंद्रित है। आतिथ्य उद्योग में सात्विक सिद्धांतों को एकीकृत करना न केवल सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करता है, बल्कि शाकाहारी, शाकाहारी और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भोजन विकल्पों की बढ़ती मांग के अनुरूप भी है। आईएचएम, रांची के प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार ने बताया, ÷यह दृष्टिकोण होटल और रेस्तरां को खुद को अलग करने और स्थिरता और समग्र खाद्य प्रथाओं का समर्थन करते हुए व्यापक ग्राहकों को पूरा करने में सक्षम बनाता है।÷सात्विक प्रमाणित लीड ऑडिटर, जिनमें सुश्री पूर्वा शर्मा और आईएचएम रांची के छात्र-श्री शामिल हैं। फरहान अख्तर, श्री तेज प्रताप सिंह और श्री ऋषव राजपूत ने झारखंड में महिला एशिया चैंपियंस ट्रॉफी में सात्विक प्रमाणन शुरू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह समावेशिता, सांस्कृतिक जागरूकता, कल्याण, स्थिरता और कार्यक्रम की सकारात्मक छवि को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतीक है।

**कार्यालय नगर पंचायत मझिऑंव**

पत्रांक– 959 / दिनांक– 26.10.2023

**अति अल्पकालीन/दर आमंत्रण सूचना : 31 / 2023–24 (पुर्ननिविदा 3rd Call)**

नगर पंचायत मझिऑव क्षेत्रांतर्गत Urban Health and Wellness Centre के संचालन हेतु विभिन्न प्रकार की Furniture की आवश्यकता है। सामग्री कय हेतु कोटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता/ विकेता दिनांक 06.11.2023 को 02 बजे अपराह्न तक अपना कोटेशन/ दर नगर पंचायत मझिऑव के कार्यालय में जमा कर सकते है। निर्धारित अवधि के उपरान्त कोई दावा/ आपत्ति मान्य नहीं होगा।

| क0 सं0 | उपकरण/सामग्री का नाम | मात्रा | दर प्रति अदद | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Office Table | 03 | | |
| 2 | Doctor Chair | 01 | | |
| 3 | Staff chair | 06 | | |
| 4 | Almirah Godrej | 01 | | |
| 5 | Rack for Medicine | 03 | | |
| 6 | Patient Examination table | 01 | | |
| 7 | Wall Clock | 02 | | |
| 8 | Door Mat | 03 | | |
| 9 | Lock (Link) | 06 | | |
| 10 | Patient waiting chair | 01 | | |
| 11 | Patient stool | 02 | | |
| 12 | Office Chair | 06 | | |

नोटः– कोटेशन से संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट एवं Website- https://udhd.jharkhand.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर पंचायत मझिऑव

PR 309962 Urban Development (23-24)_D

## एक महीने के बाद राय छलटा पुल का मरम्मती कार्य हुआ प्रारंभ

### पुल टुटने से अशोका से आरसीएम साइडिंग तक कोयला ढुलाई है बन्द

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार एरिया के अशोक परियोजना से आरसीएम साईडिंग के बीच ट्रांसपोर्टिंग मार्ग पर क्षतिग्रस्त राय छलटा पुल का मरम्मति कार्य शुक्रवार से स्थानीय प्रबंधन के द्वारा शुरू कर दिया गया है।मिली जानकारी के अनुसार पिछले महीने 25 सितंबर को राय छलटा नदी में पानी के तेज बहाव होने के कारण पुल टूटकर क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसके कारण अशोक परियोजना से आरसीएम साईडिंग तक कोयला धुलाई का कार्य पिछले एक महीने से बंद है।कोयला ढुलाई का काम बंद होने से इससे जुड़े सैकड़ो मजदूर बेरोजगारी की मार झेलने को विवश है।शुक्रवार से अशोक परियोजना प्रबंधन के द्वारा पुल की मरम्मति का कार्य शुरू कराया गया।बड़े-बड़े मशीनों के माध्यम से ओबी डालकर पुल को तैयार करने की प्रक्रिया चल रही है।इस संबंध में स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि पुल का मरम्मति कार्य पूरा होने के बाद अशोक परियोजना से आरसीएम साइडिंग तक कोयला ढुलाई का काम फिर से शुरू हो जाएगा।इधर राय छ्लटा पुल पर नये पुल बनाने की मांग को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने मरम्मति का कार्य बंद कराने की सूचना है।स्थानीय प्रबंधन ग्रामीणों के साथ बातचीत कर रही हैं।समाचार लिखे जाने तक प्रबंधन और ग्रामीणों के बीच बातचीत हो रही है।इधर पिछले एक महीने से अशोक परियोजना से आरसीएम साइडिंग तक कोयला ढुलाई बंद होने से सीसीएल और रेलवे प्रबंधन को करोड़ों रुपए का नुकसान होने का अनुमान है।

## अपराध और भ्रष्टाचार मुक्त झारखंड बनाना है : बाबूलाल मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**सिल्ली :** सिल्ली विधानसभा के पतराहातू मैदान में शुक्रवार के दिन भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो की अध्यक्षता में प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने संकल्प यात्रा के दौरान जनसभा को संबोधित किया। मंच का संचालन धीरज महतो ने किया। कार्यक्रम के दौरान बाबूलाल मरांडी ने बताया कि संकल्प यात्रा अब अपनी आखिरी पड़ाव पर है। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संकल्प लिया था कि जब भारतीय जनता पार्टी की केंद्र में सरकार बनेगी तो सबसे पहले गांव के गरीब किसान तथा मजदूरों के लिए समर्पित रहेगी। केंद्र की वर्तमान सरकार ने मां बहनों को घर देने का काम किया तथा गरीबों के लिए शौचालय बनावाया। लॉकडाउन के समय गरीबों के जनधन खाते में दिल्ली से सीधा पैसा केंद्र सरकार ने भेजा ताकि लोग भूखे नहीं मरे। झुग्गी झोपड़िया में रहने वाले लोगों को उज्ज्वला योजना के तहत गैस पहुंचाया ताकि माताएं बहनों को परेशानी का सामना न करना पड़े। 33त्र आरक्षण महिलाओं के लिए संसद से पारित कराया गया ताकि महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ सके। हेमंत सरकार की कार्यकाल 4 वर्ष पूरी हो चुकी है परंतु चुनाव से पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा ने 5 लाख रोजगार एवं भत्ता देने का वादा किया था परंतु रोजगार और भत्ता देने में विफल रही। सरकारी दफ्तरों में बिना पैसे का कोई काम नहीं होता है चाहे वह मृत्यु प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र या राशन कार्ड में नाम जोड़ना हो। आगामी चुनाव में हम लोगों को मिलकर अपराध मुक्त एवं भ्रष्टाचार मुक्त झारखंड बनाना है। रांची के वर्तमान सांसद संजय सेठ ने कहा कि हेमंत सरकार ने झारखंड को लूट खंड का अड्डा बना दिया है। वर्तमान सरकार के द्वारा महिलाओं का अपमान किया जा रहा है। महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही हैं। जनता अब परेशान हो चुकी है और आगामी चुनाव में सत्ता को पलटने का काम करेगी।

**कार्यपालक अभियंता कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गुमला।**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–03 / 2023–24**
**2nd Call**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, गुमला।
2. परिमाण विपत्र विक्री की तिथि : दिनांक 03.11.2023 को 3.00 बजे अपराहन तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 04.11.2023 को 3.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 04.11.2023 को 3:30 बजे अपराह्न तक।
5. परिमाण विपत्र विक्री का स्थान : (i) मुख्य अभियन्ता(या0) का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, अभियंत्रण, छात्रावास नं0–2, धुर्वा, राँची, झारखण्ड। (ii) अधीक्षण अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, राँची। (iii) कार्यपालक अभियन्ता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गुमला।
6. निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान : क्रमांक 5(पाँच) में उल्लेखित कार्यालयों में निर्धारित स्थानों पर।
7. कार्यो की विवरणी :–

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिसई कुम्हार मोड़ से घाघरा वाया सहेजाना कोडेदाग पथ पर के 8वें कि0मी0 में गार्डवाल निर्माण पुल का पहुँच पथ का कार्य एवं विभिन्न पथाशों में Crus Berriar कार्य। | 50.00 | 100000 | 5000.00 | 3 Months |

नोट– (1) निविदा आमंत्रण की सूचना एवं शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
(2) निर्धारित निविदा तिथि को सरकार द्वारा अवकाश घोषित होने पर निविदा आमंत्रण की तिथि अगले कार्य दिवस को होगी।
(3) निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

Sd/-
Executive Engineer,
RCD, Road Division, Gumla

PR 310029 (Road) 23-24 (D)

**कार्यालय नगर पंचायत मझिऑव**

पत्रांक– 960 / दिनांक– 26.10.2023

**अति अल्पकालीन दर आमंत्रण सूचना संख्या– 32/2023–24 (पुर्ननिविदा 2nd Call)**

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मझिऑव।
2. निविदा/ कोटेशन जमा करने का स्थान, तिथि एवं समय :– कार्यालय नगर पंचायत मझिऑव में दिनांक– 06.11.2023 को अपराह्न 2:00 बजे तक। कोटेशनदाता को कोटेशन के साथ 5000.00 रूपये का बैंक ड्राफ्ट जमा करना होगा, जो कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत मझिऑव के नाम से भुगतेय होगा। जो Non Refundable होगा।
3. निविदा/ कोटेशन खोलने का स्थान, तिथि एवं समय :– कार्यालय नगर पंचायत मझिऑव में दिनांक–06.11.2023 को अपराह्न 02:30 बजे से।

नगर पंचायत मझिऑव क्षेत्रांतर्गत अधिष्ठापित High Mast Light हेतु 150W LED Flood Light एवं मरम्मति हेतु अन्य सामग्री कय किया जाना है, जिसका विवरण निम्नवत है।

| क0 सं0 | सामग्री का विवरण | संख्या | दर प्रति अदद | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 150W LED Flood Light<br>Voltage- AC 240<br>System Wattage- 150 W<br>System Current in Amps at 240V AC- 063<br>Power Factor- ≥ 0.95<br>Make- Bajaj, Hovels, Crompton, | 125 Pcs. | | |
| 2 | MCB 40 Amp. DP Triple pole | 15 Pcs | | |
| 3 | Wire 2.5 mm 4 phase | 200 mtr. | | |
| 4 | PVC tape | 30 Packet | | |
| 5 | Solding iron 60 watt | 03 pcs. | | |
| 6 | Ranga | 200 Gram | | |
| 7 | Pest | 05 Pcs. | | |
| 8 | 16 mm cable wire 4 Phase | 500 mtr | | |
| 9 | Silcom Paste | 500 Gram | | |
| 10 | इलेक्ट्रीक हैंड ग्लब्स | 06 Pcs. | | |
| 11 | केबल कटर | 02 Pcs. | | |
| 12 | प्लास टपरीया | 02 Pcs. | | |
| 13 | वायर कटर | 03 Pcs. | | |
| 14 | पेचकस 2 इन 1 | 02 Pcs. | | |
| 15 | टेस्टर | 02 Pcs. | | |
| 16 | एम्पीयर/वोल्ट मीटर | 01 Pcs. | | |
| 17 | सेफटी शु 08 नं0 | 02 जोड़ी | | |

कोटेशन / निविदा से संबंधित विस्तृत नियम एवं शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिऑव

PR 309953 Urban Development(23-24)#D

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
कोल्हान
रांची, शनिवार, 28 अक्टूबर 2023 | पेज 5

## विभिन्न गांव की मिट्टी से युक्त अमृत कलश दिल्ली के लिए रवाना



**चक्रधरपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पश्चिमी सिंहभूम समाहरणालय परिसर में जिला अंतर्गत संचालित मेरी माटी-मेरा देश अभियान तहत विभिन्न प्रखंडों के अलग-अलग गांव से संग्रहित मिट्टी से युक्त अमृत कलश को उपायुक्त अनन्य मित्तल के द्वारा नेहरू युवा केंद्र व सीआरपीएफ की टीम को आगे की अमृत कलश यात्रा के लिए सौंप कर वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह युगल टीम संग्रहित अमृत कलश को सम्मान सहित रांची ले जाएगी, जहां से आगामी दिवस को समस्त राज्य से संग्रहित अमृत कलश दिल्ली की यात्रा के लिए प्रस्थान करेगी।

## जमशेदपुर में हुल्लाडेक एक्सप्रेस सेवा लॉन्च




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर में हुल्लाडेक रीसाइक्लिंग प्रा. लिमिटेड ने एक्सप्रेस पिकअप सेवा हुल्लाडेक एक्सप्रेस को लॉन्च किया है। यह सेवा शहर में त्योहार के मौसम पर कागज, प्लास्टिक, कपड़े और ई-कचरे को एकत्र करेगा। हुल्लाडेक रीसाइक्लिंग ने घरों, कॉरपोरेट्स, शैक्षणिक संस्थान और कई उद्योग से निकले 500 टन इलेक्ट्रॉनिक कचरे का सफलतापूर्वक पुनर्चक्रण किया है। कंपनी अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, नंदन मॉल ने कहा, हुल्लाडेक जमशेदपुर की एकमात्र अधिकृत ई-कचरा संग्रहण एजेंसी है जो भारत के केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा लाइसेंस प्राप्त है।हुल्लाडेक का अभियान पर्यावरण बचाओ, पैसा बनाओ का उद्देश्य उपभोक्ताओं को अपने कचरे को जिम्मेदारी से निपटान के लिए प्रोत्साहित करता है। कचड़ा पिकअप के लिए - 1800-212-7880 पर कॉल कर सकते है।

## बिष्टुपुर में खुला बारबेक्यू नेशन का पहला आउटलेट



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को बिष्टुपुर कॉन्ट्रैक्टर्स एरिया में भारत में अग्रणी कैजुअल डाइनिंग चेन में से एक बारबेक्यू नेशन ने अपना नया आउटलेट लॉन्च किया। जिसे दीप प्रज्वलित कर कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट सुमन मुखर्जी ने शुभारंभ किया। साथ ही जरूरतमंद परिवार के 15 बच्चियों को भोजन कराया और उन्हें उपहार स्वरूप स्कूल बैग भेंट किया। रांची के बाद झारखंड का यह दूसरा आउटलेट, बारबेक्यू नेशन हैं, जो अब तक देश भर में 190 व पूर्वी भारत में 22वां आउटलेट होगा। इस मौके पर सुमन मुखर्जी ने बताया कि लाइव आन द टेबल ग्रिल की अवधारणा वाले यह रेस्टोरेंट 5176 वर्गफीट में फैला हुआ है जहां 130 लोगों के एक साथ बैठने की व्यवस्था है। रेस्टोरेंट में पूरी तरह से बुफे की व्यवस्था है जिसमें 599, 699 व 799 रुपये में शहरवासियों को 80 तरह के व्यंजन अनलिमिटेड खाने को मिलेगा।

## अनियमित राशन वितरण को पटमदा सीओ से मिले विमल बैठा

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा प्रखंड के विभिन्न गांवों में इन दिनों डीलर द्वारा कार्डधारियों को अनियमित रूप से राशन मुहैया कराया जा रहा है। कार्डधारियों से अनियमित राशन वितरण की शिकायत मिलने के बाद शुक्रवार को भाजपा नेता विमल बैठा के नेतृत्व में ग्रामीणों की एक प्रतिनिधिमंडल पटमदा सीओ चंद्रशेखर तिवारी से कार्यालय में मुलाकात की। विमल बैठा ने सीओ से अनियमित राशन वितरण को सुधार करने की मांग की है। इस दौरान ग्राम प्रधान संदीप मिश्रा, मृत्युंजय महतो, एसटी मोर्चा जिला महामंत्री विजय सोय, लोबिन मांझी समेत कई लोग मौजूद थे।

## जिला महिला कांग्रेस की बैठक में संगठन विस्तार पर चर्चा

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छोटा गम्हरिया स्थित अम्बेडकर नगर में सरायकेला-खरसावां जिला महिला कांग्रेस की एक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता महिला जिलाध्यक्ष बैजयंती बारी ने की। इस मौके पर जिले में महिला कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने और जिले में संगठन विस्तार करने पर चर्चा कर विचार-विमर्श किया गया। इस मौके पर बैजयंती बारी ने कहा कि वर्ष 2024 में होने वाले चुनाव को लेकर जिला स्तर से बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करना आवश्यक है। इसलिए सभी सदस्य चुनाव की तैयारी में अभी से जुट जाएं। इस मौके पर खुशबू मायती को गम्हरिया प्रखंड महिला कांग्रेस का अध्यक्ष मनोनीत करते हुए उन्हें शीघ्र कमेटी विस्तार करने का निर्देश दिया गया। बैठक में महिला कांग्रेस कोषाध्यक्ष रीना सिंह, नीतू सिंह, प्रीति पांडेय, जिला महासचिव कुणाल राय, जिला सचिव राजू रजक, नगर अध्यक्ष राहुल यादव, प्रखंड अध्यक्ष अखिलेश तिवारी, गुड्डू पांडेय, संतोष मिश्रा, राकेश कुमार समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कुचाई में 35 लाभुकों के बीच बतख चुजा का वितरण

**खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पशुपालन विभाग के द्वारा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत कुचाई प्रखंड मुख्यालय परिसर में शुक्रवार को विभिन्न पंचायत के 35 लाभकों के बीच प्रखंड प्रमुख गुड्डी देवी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी साधु चरण देवगम व पशुपालन पदाधिकारी शंकर सिंह ने बतख के चूजा व एक लाभुकों को सुअर का वितरण किया गया। प्रत्येक लाभुकों में 15 -15 बत्तख चूजा दिया गया?। इसके अलावा एक लाभुक में पांच सुअर दिया गया। इस दौरान मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख गुड्डी देवी,प्रखंड विकास पदाधिकारी साधुचरण देवगम,प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी शंकर सिंह, वैष्णवी एंटरप्राइज के पदाधिकारी सौरभ कुमार,सुकर वितरक जमशेदपुर उमाशंकर,गिरीश सोय,धर्मेंद्र सांडिल, आदि उपस्थित थे?।

# 2050 तक करीब 3.5 करोड़ लोगों को करना होगा तटीय बाढ़ का सामना

### एक्सएलआरआइ में 10 वें डॉ. वर्गिस कुरियन मेमोरियल ऑरेशन का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** शुक्रवार को एक्सएलआरआइ में 10 वें डॉ वर्गिस कुरियन मेमोरियल ऑरेशन का आयोजन किया गया. इस दौरान दुग्ध क्रांति के जनक डॉ वर्गिस कुरियन को जहां याद किया गया. इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में रिन्यू की को-फाउंडर सह सस्टेनेबिलिटी की चेयरपर्सन वैशाली निगम सिन्हा उपस्थित थीं. उन्होंने एक्सलर्स को संबोधित करते हुए सोशल इंटरप्रेन्योर की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया. इस दौरान उन्होंने ग्लोबल वार्मिंग की मौजूदा स्थिति पर चिंता जताया.




जलवायु परिवर्तन का एक बड़ा सामाजिक आर्थिक प्रभाव है. वर्ष 2050 तक 35 मिलियन भारतीयों को तटीय बाढ़ का सामना करना पड़ेगा, जबकि सदी के अंत तक यह संख्या बढ़कर 40-50 मिलियन हो जाएगी. सुश्री सिन्हा ने कहा कि छोटे-छोटे बदलाव कर ग्लोबल वार्मिंग के लिए सकारात्मक दिशा में बड़ा प्रभावकारी कार्य किया जा सकता है. इस दौरान वैशाली निगम सिन्हा ने एक्सएलआरआइ द्वारा सोशल इंटरप्रेन्योर की दिशा में किये जाने वाले कार्यों की सराहना भी की गयी. इस अवसर पर डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज ने जहां डॉ वर्गिस कुरियन द्वारा देश हित में किये जाने वाले कार्यों को याद किया वहीं उनके द्वारा किये गये कार्यों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया. मौके पर फादर एरूपे सेंटर फॉर इकोलॉजी एंड सस्टेनेबिलिटी के चेयरपर्सन डॉ एल टाटा रघुराम ने भी एक्सएलआरआइ द्वारा सामाजिक क्षेत्रों में किये जाने वाले कार्यों की जानकारी दी.

## सतवाहिनी-धीराजगंज मार्ग पर लगने वाले दुकानों के खिलाफ ग्रामीणों ने खोला मोर्चा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** आदित्यपुर थाना अंतर्गत गम्हरिया के सतवाहिनी-धीराजगंज मार्ग पर सड़क के किनारे अवैध रूप से अतिक्रमण कर दुकान खोले जाने के खिलाफ शुक्रवार को ग्रामीणों ने मोर्चा खोलते हुए विरोध प्रदर्शन किया।ग्रामीणों ने सड़क के इस अतिक्रमण पर हुए प्रशासन से रोक लगाने की मांग प्रशासनिक अधिकारियों से की है। इस मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि मुख्य मार्ग से होकर इस रोड पर हजारों लोगों का आवागमन प्रतिदिन होता है। इस दौरान सड़क के दोनों ओर दुकान लगाकर हड़िया- दारू की खुलेआम बिक्री होती है। साथ ही, सब्जी विक्रेताओं द्वारा भी अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है। इससे लोगों को आने-जाने में काफी परेशानियां झेलनी पड़ती है। रात के वक्त महिलाओं और युवतियों का इस मार्ग से गुजरना दुश्वार होता जा रहा है। विदित है कि यह मार्ग 10- 15 गावों को टाटा-कांड्रा मुख्य मार्ग से जोड़ता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि प्रशासन द्वारा इस पर रोक नहीं लगाया जाता है तो ग्रामीण उग्र आंदोलन करने पर विवश होंगे।

## बीडीओ ने प्रखंड, अंचल व मनरेगा कर्मियों के साथ बैठक की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई प्रखंड मुख्यालय सभागार में शुक्रवार को बीडीओ साधु चरण देवगन ने प्रखंड अंचल व मनरेगा के सभी कर्मचारीयों के साथ परिचय कर एक बैठक किया। बैठक में बीडीओ साधुचरण देवगम ने प्रखंड के सभी 10 पंचायतों में चल रहे विभिन्न योजनाओं की जानकारी ली। मौके पर बीडीओ ने प्रखंड अंचल व मनरेगा कर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि विकास कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रखंड में जनता का कार्य करना मेरी पहली प्राथमिकता है। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख गुड्डी देवी, पंचायती राज्य पदाधिकारी अशोक कुमार महतो, राजेश कुमार, कुंदन बाजपेई, सुबोध टुडू, भीम प्रसाद उपाध्याय सहायक अभियंता गणेश महतो, कनिय अभियंता सुमित कवि, मनोज सोय, पायकेराय मुडरी, लेखापाल कमल रजक, गदाधर सतपति दीपनाथ मार्डी राजकुमार साहू, मनोज कुमार महतो समेत प्रखंड अंचल व मनरेगा के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

### मंत्री चंपाई सोरेन ने की कल्याण व परिवहन विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक

## स्पेशल डिविजन के कार्यपालक अभियंता को शो कॉज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में चंपाई सोरेन, मंत्री, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं परिवहन विभाग, झारखंड सरकार की अध्यक्षता में कल्याण एवं परिवहन विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई । बैठक में बिरसा आवास, जाहेरस्थान, धुमकुड़िया, छात्रवृत्ति, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सीएमईजीपी, मुख्यमंत्री चिकित्सा अनुदान, वन पट्टा तथा मुख्यमंत्री गाड़ी ग्राम योजना, सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा की गई । उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, धालभूम के अनुमंडल पदाधिकारी पीयूष सिन्हा, अपर उपायुक्त जयदीप तिग्गा, जिला कल्याण पदाधिकारी राजेश पांडेय, जिला परिवहन पदाधिकारी धनंजय, जिला जनसंपर्क



पदाधिकारी रोहित कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक निशु कुमारी तथा अन्य संबंधित बैठक में पदाधिकारी उपस्थित थे। वहीं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी वीसी से जुड़े । बिरसा आवास की समीक्षा के क्रम में उप विकास आयुक्त ने जानकारी दी कि वित्तीय वर्ष 2020-2023 में 371 आवास की स्वीकृति दी गई थी जिनमें 271 का निर्माण कार्य पूर्ण है, 108 लंबित हैं। मंत्री द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया कि सभी संबंधित विभाग आपस में समन्वय बनाते हुए जल्द से जल्द शत प्रतिशत बिरसा आवास का निर्माण पूर्ण करें, उन्होने निर्देशित किया कि जाहेर स्थान या धुमकुड़िया भवन को लेकर जमीन संबंधी या अन्य कोई समस्या हो तो प्रखंड के पदाधिकारी जिला के वरीय पदाधिकारी को तत्काल सूचित करें जिससे निर्माण कार्य में कोई बाधा नहीं आए। छात्रवृत्ति की समीक्षा में उप विकास आयुक्त ने कहा कि प्री मौट्रिक छात्रवृत्ति के कुल लाभुक 1,61,447 में से 1,48,341 छात्रों के बीच राशि का वितरण किया गया है, आवंटन आते ही शेष छात्रों को भी भुगतान कर दिया जाएगा। मंत्री द्वारा मुख्यमंत्री पशुधन योजना से ग्रामीण क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को लाभान्वित किए जाने तथा मनरेगा के कंवर्जेंस से पशु शेड बनाये जाने की बात कही गई। वन पट्टा वितरण को लेकर बताया गया कि पिछले 2 माह में 191 वन पट्टा वितरित किए गए हैं, 40 स्वीकृत है, मौके पर 5 लाभुकों के बीच वन पट्टा के स्वीकृति पत्र का वितरण मंत्री के हाथों कराया गया। मंत्री द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा की गई। उन्होने निर्देशित किया कि ओवर लोड वाहन, सड़क किनारे अनाधिकृत पार्किंग जो संभावित दुर्घटना के कारण बन सकते हैं इसपर सघन अभियान चलायें।

## नरेंद्र मोदी की बहुमत की सरकार बनाने का संकल्प लेना होगा : मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के टीकर हाइस्कूल मैदान में शुक्रवार को भाजपा द्वारा आयोजित संकल्प यात्रा में पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी शामिल हुए। सांसद संजय सेठ, प्रभारी विनोद सिंह,भाजपा नेता विनोद राय व मंडल अध्यक्षों ने तरवाल, बुके व माला पहनाकर श्री मरांडी का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। वहीं नटराज



कला केंद्र चोगा के पाईका नृत्य प्रस्तुत कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। संकल्प रैली में उपस्थित हजारों समर्थकों को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने जहां केन्द्र सरकार के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनहित में किए गए जन कल्याण कारी कार्यों का पिटारा खोले वहीं हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली झारखंड सरकार को लुट खसोट की सरकार करार दिया। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि जातीय गणना कराकर विपक्ष क्या दिखाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एक पाटी है जो एक कार्यकर्ता भी मुख्यमंत्री, मंत्री बन सकता है। मौके पर जिला अध्यक्ष बिजय महतो, भाजपा नेता विनोद राय, अमर नाथ चौधरी, ठाकुर दास महतो, भूषण चन्द्र मुर्मू, मनोरंजन महतो, विश्वनाथ उरांव, मनोहर दास, अनिल सिंह, राजेन्द्र सिंह मुण्डा सहित हजारों भाजपा समर्थक व नेता उपस्थित थे।

## टाटानगर में घंटों यात्री ट्रेनों को रोकने की बजाय चक्रधरपुर तक चलाने की मांग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**चक्रधरपुर :** भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष पवन शंकर पांडे ने रेल मंत्री को एक पत्र लिखकर गाड़ियों का परिचालन चक्रधरपुर से करने हेतु आग्रह किया है। जिसमे टाटा छपरा एक्सप्रेस, कटिहार एक्सप्रेस, टाटा आरा एक्सप्रेस और 18184 उपरोक्त गाड़ियां जो जमशेदपुर में आकर घंटो ठहरने के पश्चात अपने गंतव्य स्थान को प्रस्थान करती है। पांडे ने रेल मंत्री से मांग की है कि इन गाड़ियों का परिचालन जनमानस एवं रेल हितार्थ चक्रधरपुर स्टेशन से चलाई जाए तो अच्छा होता। इससे जनमानस को तो लाभ प्राप्त होता ही साथ ही रेल को भी अच्छी राजस्व प्राप्त होती। इस पत्र की प्रतिलिपि मंडल रेल प्रबंधक को भी प्राप्त कराई गई है।

## मंडल बाल कीड़ा प्रतियोगिता में उच्च प्रा. विद्यालय कटैया की छात्रा समला ने जीता गोल्ड मेडल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज मंडल बाल कीड़ा प्रतियोगिता में जनपद कौशांबी फतेहपुर प्रयागराज एवं प्रतापगढ़ में जिला स्टेडियम प्रतापगढ़ में खेल का आयोजन किया गया, जिसमें मंडल के चारों जनपद के प्रतिभागी ने भाग लिया। जनपद कौशांबी के नवादा ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय कटैया की छात्रा समला देवी ने कक्षा 7 में 600 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल और बाधा दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल प्राप्त किया। अब यह छात्रा प्रयागराज मंडल से राज्य स्तर पर लखनऊ में बाल क्रीडा प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। छात्रा को प्रतिभाग कराने के लिए ब्लॉक व्यायाम शिक्षक नेवादा कौशांबी



शकील उद्दीन, सत्य प्रकाश, जयप्रकाश पांडेय ने सहयोग किया। बता दें कि शकील उद्दीन झारखंड के जमशेदपुर शहर के मिसेज केएमपीएम हाई स्कूल से 1981 में हाई स्कूल पास किया था और उत्तर प्रदेश के जनपद कौशांबी में इस समय कार्यरत हैं।

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक विडिओ कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आहूत की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ विमल कुमार एवं उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार गागराई सहित अपर उपायुक्त, दोनो अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, उत्पाद अधीक्षक, सभी अंचलाधिकारी, थाना प्रभारी सहित सम्बन्धित पदाधिकारी एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे। सड़क दुर्घटनाओ पर नियंत्रण हेतु पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन का उपायुक्त द्वारा बिंदुवार समीक्षा किया गया। निर्देशों का अनुपालन नहीं करने वाले पदाधिकारियों तथा बैठक में अनुपस्थित जे ए आर डी सी एल के सदस्य को शोकोज करने का निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया गया। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया विगत माह विभिन्न स्थलों पर 17 सड़क दुर्घटना हुई, जिसमे 12 लोगों की मृत्यु एवं 07 लोग घायल हुए। सड़क सुरक्षा यातायात नियमों हेतु चलाए जा रहे सघन जांच अभियान में 19,32450 रूपए जुर्माना वसूल की गई है।जिले में कुल 04 ब्लैकस्पॉट चिन्हित किए गए है जिनमें दुगनी, टोल रोड मोड , घोड़ा बाबा मोड़ एवं बड़ा आमदा खरसावां शामिल है। यातायात नियमों के उल्लंघन, अवैध पार्किंग, ओवर स्पीडिंग तथा ड्रंक एंड ड्राइव पर नियम संगत कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के उपायुक्त ने निर्देश दिए।

# जमना ऑटो ने उत्क्रमित उच्च विद्यालय के मैट्रिक उत्तीर्ण छात्रों को साइकिल व स्मार्टफोन दे किया सम्मानित





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** चांडिल प्रखंड के क्षेत्र उत्क्रमित उच्च विद्यालय कल्याणपुर चिलगु में मैट्रिक परीक्षा में अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण होने वाले 27 छात्र-छात्राओं को साइकिल व स्मार्टफोन देकर सम्मानित किया गया। शुक्रवार को जमना ऑटो इंडस्ट्रीज ने 70 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 20 विद्यार्थियों को साइकिल एवं 80 प्रतिशत से अधिक अंक वाल 7 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर चांडिल अनुमंडल पदाधिकारी गिरिजा शंकर महतो मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। अनुमंडल पदाधिकारी ने छात्र छात्राओं को संबोधित कर अपने हाथों से स्कूल के छात्र छात्राओ को साइकिल और स्मार्टफोन भेंट की। प्लांट हेड सुधीर चंदेले ने कहा कि जमना ऑटो इंडस्ट्री लिमिटेड समाज के विकास के लिए निरंतर तत्पर है। छात्र छात्रओं के लिए कम्प्यूटर प्रशिक्षण, विद्यालयों में बाउंड्री उपलब्ध कराने से लेकर अनेक सामुदायिक विकास से जुड़े कार्य किए जा रहा है। वहीं साइकिल प्राप्त होने पर छात्र छात्राओं एवं उनके अभिभावकों में हर्ष एवं उत्साह देखा गया। वही इस प्लांट के स्थापित होने से लोगों में रोज़गार के साथ अपितु क्षेत्र का चहुंमुखी विकास भी हो रहा है। इस अवसर पर प्रधान अध्यापक हीरा मार्डी,प्लांट जीएम अशोक कुमार बेरा, एचआर हेड डी.पी ज्योतिषि, आरके पांडेय आदि मौजूद थे।

# वन संरक्षण संशोधन अधिनियम 2023 रद्द करने के खिलाफ निकाली रैली, एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जगन्नाथपुर :** वन संरक्षण संशोधन अधिनियम 2023 रद्द करने के के खिलाफ में शुक्रवार को पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा के नेतृत्व में मानकी- मुंडा डाकुवा व विभिन्न संगठन के पुरुष व महिला पदाधिकारी के साथ जगन्नाथपुर मुख्यालय के गली मोहल्ला में रैली निकालकर अनुमंडल कार्यलाय पहुंचे और अनुमंडल कार्यालय समक्ष सभी ने अपने -अपने बातो को रखा. जिसके बाद एक ज्ञापन राष्ट्रपति नाम अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश मछुवा को सौपा। ज्ञापन में कहा है कि दोनों सदनों से पारित वन संरक्षण के



अधिनियम के दिए गए संरक्षण के अच्छे परिधानों को कमजोर करता है यह संशोधन ग्राम सभा वन क्षेत्र में जल जंगल जमीन पर अधिकारों को प्रभावित करते हुए वन के हस्तान्तरण को आसान कर देता है। वन संरक्षण संशोधन अधिनियम 2023 वन अधिकार अधिनियम 2006 का पूर्ण रूप से एक दूसरे का विरोधाभास साथ ही पैसा कानून और भूमि अधिकरण कानून 2023 में प्रदत अधिकारों को सीमित करता है। इस संशोधन में ग्राम सभाओं का वन और अन्य प्रकृति संसाधनों पर अधिकार को शून्य कर देगा। इस संशोधन में वन को भूमि बैंक में तब्दील होने की संभावना है यह तो स्पष्ट है कि वनों पर हर्षित लाखों आदिवासी मूलवासियो पर विस्थापन होने की खतरा है. मौके पर आदिवासी मूलवासी ,मुंडा मानकी संध, सामाहिक ग्रामसभा,ओमोन महिला संगाठन एंव जमीन बचाओ समन्य समिति, गंगाधर चतोम्बा, अमिका दास, अलभट मुंडा, डेबराम तुबिड, धमश्याम हेब्रम, रोयाराम बोईपाई, जयराम बरजो, डुसा लागुरी, सैलाय पुरती, जगन्नाथपुर समाजसेवी नवाज हुस्सैन काफी संख्या में महिला और पुरुष उपस्थित थे ।

## संपादकीय

# समलैंगिक विवाह अमान्य

**संविधान** में विवाह एक मौलिक अधिकार नहीं है, लिहाजा सर्वोच्च अदालत की संविधान पीठ ने समलैंगिक विवाह को मान्यता देने से इंकार कर दिया है। हालांकि अदालत ने समलैंगिकों के हितों और कुछ अधिकारों को संरक्षण देने की पैरवी जरूर की है। प्रधान न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने समलैंगिक विवाह के मद्देनजर विशेष विवाह अधिनियम में संशोधन करने या मान्यता देते हुए पंजीकरण करने से भी इंकार कर दिया है। प्रधान न्यायाधीश ने स्पष्ट किया है कि कानून बनाना अदालत का विशेषाधिकार नहीं है। वह सिर्फ कानून की समीक्षा और व्याख्या कर सकती है, लिहाजा इस मामले को संसद और सरकार के विवेकाधीन छोड़ दिया गया है। एक सुझाव जरूर दिया गया है कि सरकार कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में एक समिति का गठन करे, जो समलैंगिक विवाह के तमाम आयामों पर विमर्श करने के बाद अपनी रपट सरकार को सौंपे। उसके आधार पर संसद में बहस की जा सकती है। संविधान पीठ ने यह निर्देश भी दिया है कि केंद्रीय कानून के अभाव में राज्य भी कानून बना सकते हैं। हालांकि चार न्यायाधीशों ने अलग-अलग फैसले दिए, असहमतियां भी व्यक्त कीं, लेकिन समलैंगिक विवाह को मान्यता न देने पर पूरी पीठ एकमत थी। समलैंगिक विवाह को 'विशेष विवाह अधिनियम' के तहत मान्यता देने और अन्य संबद्ध पहलुओं को लेकर 21 याचिकाएं सर्वोच्च अदालत में दाखिल की गई थीं। सवाल यह भी था कि क्या 'लैंगिक अल्पसंख्यक' भी जीवन, आजादी, समानता और गैर-भेदभाव सरीखे मौलिक अधिकारों के पात्र हैं? क्या विशेष विवाह अधिनियम को 'लैंगिक तटस्थ' बनाया जा सकता है? वे एक 'भारतीय पारिवारिक ईकाई' के तौर पर धार्मिक वैधता या सामाजिक स्वीकार्यता नहीं मांग रहे थे, लिहाजा साफ है कि वे 'विवाह' की संस्था के मायने, उसके उत्तरदायित्व, समर्पण, सहवास और जिम्मेदारियों के मायने बदलने के पक्षधर हैं। दरअसल भारतीय समाज में, किसी भी समुदाय में, विवाह एक पुरुष और एक स्त्री के बीच सम्पन्न कराए जाते हैं। यही प्रकृति का भी नियम है। पुरुष को 'पति' और स्त्री को 'पत्नी' का दर्जा दिया जाता है। विवाह एक सामाजिक-धार्मिक अनुष्ठान है। उसके कानूनी पक्ष भी हैं। दो विपरीत लिंगी 'सहवास' करते हैं, तो एक नया जीव, प्राणी इस दुनिया में जन्म लेता है। कोख में मानवीय शरीर की संरचना ही इस ब्रह्मांड का सबसे अनूठा करिश्मा है। इसे कोई नकार नहीं सकता। सृष्टि ऐसे ही आकार लेती रही है और उसका विस्तार भी होता रहा है। कानूनी रूप से समलैंगिक समुदाय को बच्चा गोद लेने की भी अनुमति नहीं है। समलैंगिक विवाह एक मनोविकार है और कुदरत को नकारने का एक बौना-सा, निरर्थक प्रयास है। एक शहरी, पढ़ी-लिखी, कथित आधुनिक जमात इस मनोविकार की बीमार है। अदालत ने 2018 में समलैंगिक संबंधों को 'अपराध से मुक्ति' देने का फैसला सुनाया था। उसी के बाद ऐसे विवाह को संवैधानिक मान्यता देने का मुद्दा भडक़ा है। हम ऐसे विवाह और संबंधों को अनैतिक, असामाजिक, अप्राकृतिक और अपवित्र मानते हैं। बेशक अपना जीवन-साथी चुनने का अधिकार सभी को है। यदि यही होता, तो संविधान पीठ ने समलैंगिक विवाह को मान्यता देने से इंकार क्यों कर दिया? क्या एक सामान्य जोड़े और समलैंगिक साथियों के 'संवैधानिक अधिकार' समान हैं? अदालत ने गेंद अब संसद और सरकार के पाले में डाल दी है। यदि बहस और विमर्श के बाद संसद ऐसे संबंधों पर मुहर लगाती है, तो समाज की भ्रांतियां भी ध्वस्त हो जाएंगी। अभी तक समलैंगिक लोगों पर समाज की सवालिया और संदेहास्पद दृष्टि रही है। संसद की स्वीकृति मिलने के बाद वे अपनी पहचान सार्वजनिक कर सकेंगे। चूंकि समलैंगिक विवाह का मसला सामाजिक-सांस्कृतिक और जैविक है, लिहाजा संसद को भी गंभीरता से इस पर अपना निर्णय लेना चाहिए।

प्रधान न्यायाधीश ने स्पष्ट किया है कि कानून बनाना अदालत का विशेषाधिकार नहीं है। वह सिर्फ कानून की समीक्षा और व्याख्या कर सकती है, लिहाजा इस मामले को संसद और सरकार के विवेकाधीन छोड़ दिया गया है। एक सुझाव जरूर दिया गया है कि सरकार कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में एक समिति का गठन करे, जो समलैंगिक विवाह के तमाम आयामों पर विमर्श करने के बाद अपनी रपट सरकार को सौंपे। उसके आधार पर संसद में बहस की जा सकती है। संविधान पीठ ने यह निर्देश भी दिया है कि केंद्रीय कानून के अभाव में राज्य भी कानून बना सकते हैं। हालांकि चार न्यायाधीशों ने अलग-अलग फैसले दिए, असहमतियां भी व्यक्त कीं, लेकिन समलैंगिक विवाह को मान्यता न देने पर पूरी पीठ एकमत थी। समलैंगिक विवाह को 'विशेष विवाह अधिनियम' के तहत मान्यता देने और अन्य संबद्ध पहलुओं को लेकर 21 याचिकाएं सर्वोच्च अदालत में दाखिल की गई थीं। सवाल यह भी था कि क्या 'लैंगिक अल्पसंख्यक' भी जीवन, आजादी, समानता और गैर-भेदभाव सरीखे मौलिक अधिकारों के पात्र हैं? क्या विशेष विवाह अधिनियम को 'लैंगिक तटस्थ' बनाया जा सकता है? वे एक 'भारतीय पारिवारिक ईकाई' के तौर पर धार्मिक वैधता या सामाजिक स्वीकार्यता नहीं मांग रहे थे, लिहाजा साफ है कि वे 'विवाह' की संस्था के मायने, उसके उत्तरदायित्व, समर्पण, सहवास और जिम्मेदारियों के मायने बदलने के पक्षधर हैं। दरअसल भारतीय समाज में, किसी भी समुदाय में, विवाह एक पुरुष और एक स्त्री के बीच सम्पन्न कराए जाते हैं।

## कुछ अलग

# एक मुट्ठी भर कोशिश

**मुट्ठी** भर कोशिश भी बदल देती है कदमों की रफ्तार, यहां रास्ते हमेशा आपके सफर के मोहताज रहे हैं। हिमाचल में अतीत से अब तक कमोबेश समाज, सरकार और प्रशासनिक ढांचे ने कोशिश ही तो की और नतीजे में बदलाव की घंटियां और विकास का सफर तय हुआ। कई मानक हैं इस छोटे से पर्वतीय राज्य के और इसी प्रक्रिया में सुक्खू सरकार भी इतिहास के पन्नों पर समय को चिन्हित करने की कोशिश में दिखाई देती है। परिवहन निगम की बीओडी बैठक, जंगल में पर्यटन की खोज और राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल का खाका अपनी कोशिश को सुनहरा बनाने की हिम्मत दिखा रहा है। वनों में पर्यटन का प्रवेश यूं तो सदियों से जीवन की जरूरतें तय करने के साथ-साथ प्रकृति से मुखातिब रहा और इसे प्रमाणित करतीं कई धार्मिक यात्राएं और भेड़-बकरियों को चरागाहों के सान्निध्य में पालते गडरिए मिल जाएंगे, लेकिन इस आर्थिक पहलू के बीच कब वन संरक्षण कानून आ कर खड़ा हो गया, हमें मालूम ही नहीं हुआ। ऐसे में 11 नई ईको टूरिज्म साइट्स का चिन्हित होना, पर्यटकों की बढ़ती कतार की दिशा तय करेगा। यह दीगर है कि इनमें केवल कांगड़ा, मंडी, शिमला और कुल्लू तक ही खाका बन रहा है, जबकि इस तरह की परिकल्पना को हर मंदिर के समीप, झीलों के नजदीक, हाईवे के सान्निध्य और पूरे प्रदेश के नक्शे पर आना होगा। मसलन ऊना-हमीरपुर के जंगल में ईको टूरिज्म का प्रसार शिमला-कुल्लू से भले ही भिन्न हो, मगर जंगल की पलकें वहां भी खुलनी चाहिएं। इसी के साथ ईको टूरिज्म से जुड़ी निगरानी, प्रबंधन, परिवहन तथा मौसम संबंधी जानकारियों का राज्य स्तरीय मैकेनिज्म स्थापित करना पड़ेगा। ऐसी साइट्स के नजदीक कैंपिंग और मनोरंजन की विकरालता का अर्थ अक्सर दिशा भटकने के साथ-साथ मौत के फरमान सरीखा इसलिए भी हो जाता है, क्योंकि हर साल हादसों की वजह में पहाड़, जंगल और मौसम दोषी माने जाते हैं। बिलिंग के पास सोमवार को कार सवार तीन लोगों की मौत ऐसी ही साइट्स के खतरों में शुमार हो रही है। बहरहाल पर्यटन की कोशिश में परिवहन निगम की बीओडी का उद्देश्य भी आशाजनक है। भले ही यह सरकारी क्षेत्र के कर्मचारियों को वेतन-भत्तों का आश्वासन दिला रही है, लेकिन सुर्खी यह भी है कि चलने के लिए रास्तों का इतंखाब जरूरी है। धार्मिक पर्यटन के रास्ते पर परिवहन की जरूरतों का एक हल सार्वजनिक क्षेत्र में एचआरटीसी के टायरों पर घूम सकता है, लेकिन इसकी व्यापकता में निजी क्षेत्र की भागीदारी भी सुनिश्चित करनी होगी। कहना न होगा कि जहां बीओडी की बैठक के मार्फत हम एचआरटीसी को पूज रहे हैं, वहां सैलानियों को पुष्प गुच्छ सौंप रहे निजी बसों के आपरेटरों से भी मुलाकात होनी चाहिए।

## एक दिवसीय क्रिकेट में सर्वाधिक स्कोर के रिकार्ड वाले सचिन तेंदुलकर को आज भी महानतम क्रिकेटर माना जाता है

# श्रमेव जयते!

**पीके खुरराना**

तब उन्होंने अपना निश्चय फिर दोहराया, अपनी फिटनेस पर फोकस किया, खेल के लिए और मेहनत की और ज्यादा अच्छा खेलना शुरू किया। सन् 2011 विश्व कप मैच के दौरान सचिन की बेहतरीन फार्म के बावजूद शुरुआती असफलताएं मिलीं। तब सचिन ने पहली बार अपने साथी खिलाडियों को झिडक़ा भी और प्रेरित भी किया। परिणाम यह रहा कि क्वार्टर फाइनल में कई बार विश्व चैंपियन रह चुके आस्ट्रेलिया को हराया, सेमिफाइनल में पाकिस्तान को हराकर वाहवाही लूटी और फाइनल मैच में श्रीलंका को हराकर विश्व कप जीता

**हम** सब ऐसे बहुत से लोगों को जानते हैं जो सफल हैं, बहुत सफल हैं, प्रसिद्ध हैं और पैसा सचमुच उनके हाथ की मैल है। हम ऐसे लोगों को भी जानते हैं जो प्रतिभाशाली थे, सफलता की राह पर थे लेकिन फिर धीरे-धीरे पिछड़ते चले गए। अच्छे नेता, अच्छे प्रशासक, अच्छे अभिनेता, अच्छे खिलाड़ी, लिस्ट लंबी है, जो प्रतिभाशाली थे, उनकी शुरुआत बहुत अच्छी हुई, लेकिन वे अपनी गति कायम नहीं रख सके और फिर या तो पिछड़ गए या फिर भीड़ में खो ही गए। क्या फर्क होता है उनमें जो आगे बढ़ते रहते हैं और वो जो पिछड़ जाते हैं? मैं व्यक्तिगत रूप से ऐसे बहुत से लोगों से मिलता रहा हूं जो इन दोनों श्रेणियों में आते हैं, यानी वो जो सफल हैं और वो भी जो किसी भी कारण से सफलता का वह मुकाम नहीं छू सके, जिसके कि वे काबिल थे। आज मैं खिलाडियों की एक ऐसी जोड़ी के बारे में बात करूंगा जिन्होंने अपनी प्रतिभा का सिक्का जमाया, वाहवाही लूटी, लेकिन उनमें से एक ऐसा है जिसे हम आज भी सम्मानपूर्वक याद करते हैं, जबकि दूसरा खिलाड़ी जो कि कदरन ज्यादा प्रतिभाशाली था, अपनी प्रतिभा के बावजूद धीरे-धीरे चमक गंवा बैठा और अपनी उस मंजिल से वंचित रह गया जिसका कि उसे हकदार होना चाहिए था। मैं बात कर रहा हूं दो स्टार क्रिकेटरों सचिन तेंदुलकर और विनोद कांबली की। लगभग दस साल पहले एक मित्र के माध्यम से सचिन तेंदुलकर से मेरी संक्षिप्त सी मुलाकात हुई और उस मुलाकात में विनोद कांबली का भी जिक्र आया। सचिन तेंदुलकर ने विनोद कांबली का जिक्र बहुत इज्जत से किया और स्वीकार किया कि प्रतिभा के मामले में विनोद कांबली उनसे कहीं आगे हैं। इसके बावजूद सचिन तेंदुलकर ने जो मुकाम हासिल किया, विनोद कांबली वहां तक पहुंचने की सोच भी नहीं सकते। ऐसा नहीं है कि विनोद कांबली भीड़ में खो गए हैं। वे छोटी स्क्रीन पर दिखाई देते रहे हैं और उन्होंने फिल्मों में भी काम किया है और वे सचिन तेंदुलकर की क्रिकेट अकादमी में कोच भी हैं, लेकिन सचिन तेंदुलकर की तुलना में वे बहुत पीछे हैं। ग्यारह साल की उम्र में क्रिकेट खेलना शुरू करके सचिन तेंदुलकर ने 16 साल की उम्र में पेशेवर क्रिकेट में कदम रखा, जब वे कराची में पाकिस्तान की टीम के साथ खेलने के लिए चुने गए। टेस्ट मैच और एक दिवसीय क्रिकेट में सर्वाधिक स्कोर के रिकार्ड वाले सचिन तेंदुलकर को आज भी महानतम क्रिकेटर माना जाता है। अर्जुन पुरस्कार, खेल रत्न, पद्मश्री, पद्म विभूषण और अंततः भारत रत्न सम्मान से नवाजे जा चुके मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर



राज्यसभा में भी रहे हैं। सन् 2010 में उन्हें टाइम मैगजीन ने विश्व के सौ सर्वाधिक प्रभावशाली लोगों की सूची में शामिल किया था। सन् 2013 में सचिन ने क्रिकेट से पूर्ण संन्यास लिया। सचिन अब क्रिकेटर नहीं हैं, लेकिन आज भी वे भारतीयों के लिए एक सम्मानित सांस्कृतिक राजदूत हैं। सचिन को पहली गंभीर प्रेरणा तब मिली जब सन् 1973 में कपिल देव के नेतृत्व में भारतीय टीम विश्व चैंपियन बनी। तब उन्होंने ठान लिया कि एक दिन उनके नेतृत्व में भारतीय टीम विश्व कप जीतेगी। उस कच्ची उम्र में जब वे भी पेशेवर क्रिकेट में ही नहीं आए थे, यह निश्चय उनका जुनून बन गया। पर यह सपना अकेले सचिन ने ही नहीं देखा। बहुत से उदीयमान खिलाडियों ने यह सपना पाला होगा, पर सच कितनों का हुआ, और अगर सचिन तेंदुलकर का यह सपना साकार हो सका तो उसका राज क्या था? प्रतिभा के बिना लगन हमेशा सर्वश्रेष्ठ परिणाम नहीं दे सकती। सचिन तेज गेंदबाज होना चाहते थे लेकिन डेनिस लिली ने समझ लिया कि उनमें तेज गेंदबाज बनने की काबीलियत नहीं है। इसलिए उन्होंने सचिन को अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान देने की सलाह दी, और सचिन ने अपना फोकस बदला तो फिर उन्हें कभी पीछे मुडक़र देखने की आवश्यकता नहीं पड़ी। क्रिकेट कोच रमाकांत अचरेकर ने उनकी प्रतिभा को संवारा, तराशा और उन्हें अन्य बच्चों की तरह सुबह-सवेरे मैदान के चक्कर लगाने को नहीं कहा। अचरेकर उनसे मैदान के चक्कर तब लगवाते थे जब वे बल्लेबाजी करके थककर चूर होते थे और वो भी हाथ में बल्ला उठाए और पैड पहने हुए। इसका लाभ उन्हें तब मिला जब अपने क्रिकेट करिअर में उन्हें रन बनाने के लिए बल्लेबाजी से थकावट के बावजूद पिच के एक कोने से दूसरे कोने तक भागना होता था। प्रशिक्षण लेने की उम्र में कांबली जो काम आसानी से कर दिखाते थे, सचिन को वह करने के लिए कड़ा परिश्रम करना पड़ता था। कांबली की प्रतिभा के सामने सचिन कमजोर खिलाड़ी थे। परिश्रम और अनुशासन के बल पर सचिन ने अपनी कमजोरियों पर काबू पाया और सफलता की सीढियां चढ़ते चले गए। अपने पहले ही अंतरराष्ट्रीय मैच में जब वे पाकिस्तान के विरुद्ध बल्लेबाजी कर रहे थे तब पाकिस्तान की टीम में दो नामचीन तेज गेंदबाज वसीम अकरम और वकार युनूस कहर ढा रहे थे। उस मैच में वकार युनूस की एक गेंद सचिन के नाक पर लगी, नाक की हड्डी टूट गई और खून बह निकला। सब उनकी ओर दौड़े और उन्हें रिटायर होने को कहा, लेकिन सचिन ने रिटायर होने से इन्कार किया, पिच पर जमे रहे और खून सनी नाक सहित खेलते हुए उस महत्वपूर्ण मैच में 57 रन का बहुमूल्य योगदान दिया। प्रसिद्धि की सीढियां चढ़ते हुए कांबली ने फैशनेबल जीवन पद्धति अपनाई, देर रात की पार्टियां उनका शगल हो गईं लेकिन सचिन ने सादा जीवन को नहीं छोड़ा। सुबह-सवेरे सबसे पहले पिच पर पहुंचना, लगातार कठोर अभ्यास करना उनका जीवन बन गया। सचिन उत्तेजित नहीं होते थे, किसी से झगड़ा नहीं करते थे। एक मैच के दौरान पाकिस्तानी स्पिनर अब्दुल कादिर ने उन पर ताना कसा तो वे चुप रह गए, लेकिन अगले ही ओवर में चार छक्के लगाकर उन्होंने अब्दुल कादिर को अपना मुरीद बना लिया। सन 1999 के विश्व कप मैच के दौरान उनके पिता का स्वर्गवास हो गया तो वे उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए भारत आए, लेकिन अंतिम संस्कार के तुरंत बाद वे फिर मैच खेलने के लिए वापस लौट गए। भारत विश्व कप नहीं जीत सका। बाद में भी 2003 और 2007 में भी भारत विश्व कप से महरूम रहा। सन् 2011 के विश्व कप की तैयारी के समय सचिन को स्पष्ट हो गया कि वे अगर इस बार भी विश्व कप नहीं जीत पाए तो 2015 के विश्व कप मैच में वे नहीं खेल सकेंगे। तब उन्होंने अपना निश्चय फिर दोहराया, अपनी फिटनेस पर फोकस किया, खेल के लिए और मेहनत की और ज्यादा अच्छा खेलना शुरू किया। सन 2011 विश्व कप मैच के दौरान सचिन की बेहतरीन फार्म के बावजूद शुरुआती असफलताएं मिलीं। तब सचिन ने पहली बार अपने साथी खिलाडियों को झिडक़ा भी और प्रेरित भी किया। परिणाम यह रहा कि क्वार्टर फाइनल में कई बार विश्व चैंपियन रह चुके आस्ट्रेलिया को हराया, सेमिफाइनल में पाकिस्तान को हराकर वाहवाही लूटी और फाइनल मैच में श्रीलंका को हराकर विश्व कप अपनी झोली में डाला। यह उनके श्रम, निश्चय और अनुशासन के कमाल की अनूठी कहानी है जिससे हम सब कुछ न कुछ जरूर सीख सकते हैं।

# पश्चिम एशिया में आतंकवाद से कराहती मानवता

पिछले सप्ताह सात अक्टूबर को आतंकवादी संगठन हमास ने इजरायल के खिलाफ 'ऑपरेशन अल-अक्सा स्टॉर्म' शुरू किया और हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के ऊपर 5 हजार से ज्यादा रॉकेट्स दागे और इतना ही नहीं, हमास के सैंकड़ों लड़ाके दक्षिण की तरफ से इजरायल की सीमा के भीतर घुस आए और पार्टी कर रहे या घरों और सडक़ों पर विचरण कर रहे निर्दोष इजरायलियों को मौत के घाट उतार दिया और कईयों को बंधक बनाकर गाजा पट्टी ले जाया गया। हमास के मिलिट्री विंग के चीफ कमांडर मोहम्मद दाइफ ने इस हमले की प्लानिंग तैयार की थी जो इतनी खुफिया थी कि इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद तक को इसकी भनक नहीं लगी। वहीं इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास के खिलाफ युद्ध का ऐलान किया है और इजरायल ने गाजा में हमास को नेस्तनाबूद करने के लिए एक बड़ा सैन्य अभियान चलाया है तथा 10 लाख फिलिस्तीनियों को गाजा के दक्षिण की ओर जाने के लिए कहा गया है।

**इस** समय सारी दुनिया में इजरायल और हमास के बीच छिड़ी जंग को लेकर बहस हो रही है। अपनी स्थापना के समय से ही इजरायल का अपने पड़ोसी राष्ट्रों के साथ संघर्ष और विवाद का इतिहास रहा है और यह लड़ाई पिछले 75 वर्षों से बदस्तूर जारी है। पिछले सप्ताह सात अक्टूबर को आतंकवादी संगठन हमास ने इजरायल के खिलाफ 'ऑपरेशन अल-अक्सा स्टॉर्म' शुरू किया और हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के ऊपर 5 हजार से ज्यादा रॉकेट्स दागे और इतना ही नहीं, हमास के सैंकड़ों लड़ाके दक्षिण की तरफ से इजरायल की सीमा के भीतर घुस आए और पार्टी कर रहे या घरों और सडक़ों पर विचरण कर रहे निर्दोष इजरायलियों को मौत के घाट उतार दिया और कईयों को बंधक बनाकर गाजा पट्टी ले जाया गया। हमास के मिलिट्री विंग के चीफ कमांडर मोहम्मद दाइफ ने इस हमले की प्लानिंग तैयार की थी जो इतनी खुफिया थी कि इजरायल की खुफिया एजेंसी मोसाद तक को इसकी भनक नहीं लगी। वहीं इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने हमास के खिलाफ युद्ध का ऐलान किया है और इजरायल ने गाजा में हमास को नेस्तनाबूद करने के लिए एक बड़ा सैन्य अभियान चलाया है तथा 10 लाख फिलिस्तीनियों को गाजा के दक्षिण की ओर जाने के लिए कहा गया है। गाजा में अभी तक 2329 लोगों की मौतें हुई हैं और 9042 लोग घायल हुए हैं। गाजा में इस्लामिक जिहाद परिषद का मुख्यालय ध्वस्त करने के अलावा हमास के शीर्ष कमांडर बिलाल अल केदारा और पैरा ग्लाइडर्स द्वारा हवाई हमला करने के सूत्रधार अबू मुराद को इजरायल की सेना ने मार गिराया है। हमास के ताजा आतंकवादी हमलों में 1500 से ज्यादा इजरायलियों की भी मौतें हुई हैं। हमास लड़ाकों द्वारा निरीह, निहत्थे इजरायली नागरिकों पर आक्रमण एवं मासूम बच्चों का कत्लेआम आतंकवाद का प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं है तो और क्या है? लिहाजा अब यदि इजरायल हमास को सबक सिखाने के लिए उद्यत है तो कट्टरपंथियों को तकलीफ क्यों? भारत विगत 4 दशकों से आतंकवाद की विभीषिका झेल रहा है। जब हम आतंकवाद की बात करते थे तो हमारा उपहास उड़ाया जाता था, लेकिन आज जब अमेरिका, यूरोप एवं विश्व के अनेक देश आतंकवाद की चपेट में हैं तो उनकी समझ में आ रहा है कि आतंकवाद का कोई धर्म-मजहब और उसूल नहीं होता है। जब दुनिया भर में यहूदियों पर अत्याचार हो रहे थे और जिस प्रकार से द्वितीय विश्व युद्ध में हिटलर की नाजी सेना ने करीब 40 लाख से ज्यादा यहूदियों को गैस चैंबर में भर कर उनका नरसंहार किया था, तभी से यहूदियों को यह महसूस हो गया था कि यूरोप भी उनके लिए सुरक्षित स्थान नहीं है। लिहाजा उन्होंने फैसला किया कि फिलिस्तीन के अलावा उनके लिए कोई ऐसी जगह नहीं है जहां वे सुरक्षित रह सकते हैं, क्योंकि सुरक्षा की गारंटी उन्हें सिर्फ अलग यहूदी राष्ट्र ही दे सकता था। चूंकि यहूदी 1000 ईस्वी पूर्व (बीसी) से वहीं रहते आ रहे थे, जहां आज का इजराइल और फिलिस्तीन है, इसलिए धीरे-धीरे यहूदी उसी स्थान पर आकर बसने लगे, अरब वहां पहले से थे। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा फिलिस्तीन के विभाजन को (संयुक्त राष्ट्र संघ के 181 घोषणा पत्र) नवम्बर 29, 1947 के तहत मान्यता दी गई थी, जिसके अन्तर्गत क्षेत्र का विभाजन दो राज्यों में होना था, एक अरब और एक यहूदी। इस व्यवस्था को यहूदियों द्वारा तुरन्त मान्यता दे दी गई और 14 मई 1948 को यहूदी समुदाय ने ब्रिटिश से पहले स्वतन्त्रता की घोषणा कर दी और इजराइल को स्वतंत्र राष्ट्र घोषित कर दिया। चारों ओर से विरोधी राष्ट्रों के प्रतिरोध को झेल रहे इजरायल ने विगत सात दशकों से अपने अस्तित्व को बनाए रखने के लिए जबर्दस्त मेहनत की है और यही वजह है कि आज इजराइल को सैन्य, आर्थिक और औद्योगिक विकास में दक्षिण-पश्चिम एशिया और मध्य पूर्व में सबसे उन्नत एवं मजबूत राष्ट्र माना जाता है। इजराइल की अत्याधुनिक गुणवत्ता से परिपूर्ण शिक्षा को देश की उच्च प्रौद्योगिकी दर और तेजी से आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए जिम्मेदार समझा जाता है। सीमित प्राकृतिक संसाधनों के बावजूद, पिछले दशकों में कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों के गहन विकास और अनुसंधान ने इजरायल को खाद्य उत्पादन में आत्मनिर्भर बना दिया है। इजरायल में पानी की कमी ने उसे जल संरक्षण तकनीकों में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया है और इजराइल अलवणीकरण और जल पुनर्चक्रण के तकनीकी मोर्चे पर भी अग्रणी है। इजराइल ने सौर ऊर्जा प्रणाली को अपनाया है। इसके इंजीनियर सौर ऊर्जा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अग्रणी हैं और इसकी सौर कम्पनियां दुनिया भर में परियोजनाओं पर काम कर रही हैं। इसी बीच इजरायल में पढ़ाई कर रहे अथवा नौकरी-व्यापार के सिलसिले में फंसे भारतीयों की सुरक्षित भारत वापसी के लिए भारत सरकार ने आपरेशन अजेय शुरू किया है और 447 भारतीयों की इजरायल से वापसी भी हुई है। जहां तक इन दो देशों के बीच विवाद को लेकर भारत के रुख का सवाल है, तो संयुक्त राष्ट्र संघ में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज का कहना है कि इजरायल और फिलिस्तीन के बीच स्थायी शांति की गारंटी के लिए दो-राज्य समाधान का कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि सीधी बातचीत ही शांति का एकमात्र रास्ता है। उन्होंने कहा कि भारत हिंसा और आतंकवाद के खिलाफ हमेशा खड़ा रहा है। इजराइल पर हमास के हमले से भारतीय नेतृत्व को भी सबक लेने की जरूरत है। सबसे बड़ी आवश्यकता है कि हमारी सशस्त्र सेनाओं को निरंतर तैयार रखें। दूसरे, प्रौद्योगिकी पर पूर्ण निर्भरता को पूर्ण सुरक्षा नहीं माना जा सकता है, इसलिए जमीन पर भी सतर्क एवं सन्नद्ध सैनिकों की तैनाती महत्वपूर्ण है। सैनिकों की पेंशन को व्यर्थ का बोझ नहीं समझा जाना चाहिए, यह एक अपरिहार्य और अनिवार्य आवश्यकता है, क्योंकि जब कोई भी युवा राष्ट्र के लिए अपने जीवन को कम तनख्वाह और सुविधाओं के बदले समर्पित करता है तो उसे बोझ नहीं माना जाना चाहिए। लिहाजा अग्निवीर भर्ती प्रणाली के स्थान पर नियमित सैनिकों की भर्ती जरूरी है। राष्ट्रीय सुरक्षा इतना गंभीर मामला है कि इसे गंभीरता से न लेने वाले राजनीतिज्ञों/नौकरशाही (लालफीताशाही) के जिम्मे कतई नहीं छोड़ा जा सकता है।

## दृष्टिकोण

# आइना घर...

**वह** आदमकद आइने में अपना चेहरा देख कर मुस्करा देते हैं। जब-जब वह इस प्रकार आइने में झांकते हैं, उन्हें लगता है कि केवल वह ही नहीं, उनकी सारी रियाया उन्हीं के आइने में से झांकती हुई उनके साथ मुस्करा रही है। ठीक है इसे वह इस लोकतांत्रिक युग में अपनी कोई छुपी साम्राज्यवादी प्रवृत्ति दिखा कर उन्हें मंच से कभी अपनी रियाया नहीं कहेंगे, बल्कि दुनिया के इस सबसे बड़े लोकतंत्र की रियाया कहेंगे। कितना संतोष होता है कि इस बिगड़े समय में भी जब-जब कोई नेतागिरी का सर्वेक्षण होता है, उन्हें सबसे लोकतंत्र नेता करार दे दिया जाता है। आइने की कृपा से मापने के पैमाने थोड़े से और विस्तृत होते जा रहे हैं, इसलिए उन्हें लगता है, वह इस देश ही नहीं पूरी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेताओं में से एक हैं। अब इन पैमानों के नजर बचा लेने की ही बात है। ललमुंहे अंग्रेजों का देश, कि जिनके साम्राज्य में कभी सूरज नहीं डूबता था, आज वह कब उगता है? कब डूब जाता है? कुछ पता ही नहीं चलता, बल्कि इस कम्बख्त महामारी के रंग-रूप का भी पता नहीं चलता। रूप बहुरूप वाली इस महामारी ने तेवर बदलना था तो क्या यहां ही बदलना था? देखिये दुनिया में इस महामारी से लडऩे के लिए टीका हमने बनाया, लेकिन कम्बख्त इसके बावजूद हमारी नेतागिरी को ग्रहण लग गया। ये सर्वेक्षण बताते हैं कि हम तो लोकप्रियता खोने की कुछ और मंजिलें तय कर गए। किस शत्रु ने बता दिया कि हम दुनिया के सबसे अलोकप्रिय नेता बन गए? अरे अलोकप्रियता की घोषणा करनी थी तो क्यों अपने को दुनिया का सबसे धनी देश कहने वालों के नेता के अलोकप्रिय होते चले जाने की घोषणा कर देते। वह तो चुनाव हार गए थे, चाहे काफी दिन तक अपनी पराजय स्वीकार न करने का तैश उन्होंने रखा। टीका उन्होंने भी तो ईजाद कर लिया है। इसके लिए .70 डिग्री शीत के तापमान का प्रबंध करना होगा। हमारा टीका तो आपके फ्रिज के गले लग कर जी ही लेगा। उनके यहां तो इस महामारी के प्रकोप ने मौतों के अम्बार लगा दिए, फिर भी वह नकाब से मुंह ढके बिना महामारी को चुनौती देते हैं। जवाब मापक यंत्रों के परिणाम अनोखे हैं। इन्होंने फिर भी उनकी लोकप्रियता हमसे अधिक बता दी। वे अगले चुनाव के लिए गद्दी संभालने वास्ते लंगर लंगोटे भी कस रहे हैं। अन्तरराष्ट्रीय से राष्ट्रीय पर चलें। जनाब वह राजनीति के खेल निराले हैं, जिनके नारे चल निकले वह सबसे लोकप्रिय हो गए। जबकि महामारी ने कई देशों का हुलिया हमारे देश की तरह ही बिगाड़ा। यहां काम-धंधा सब उखड़ गया। लोग रिकार्ड स्तर पर बेकार हो गए, महंगाई की बुलन्दियों का अंत नहीं, भ्रष्टाचार अब भी शबाब पर है। भ्रष्टाचार का नया सूचकांक आ गया है। यहां अपने देश को लेकर भ्रष्टाचार के उसी पायदान पर खड़े हैं, जहां इससे पहले बरसों में खड़े थे। दुनिया के सबसे बड़े रिश्वतखोर देशों में उनकी गिनती होने लगी, लेकिन उनके आइने में उभरती उनकी चौड़ी मुस्कान में तनिक भी अंतर नहीं आया।

## देश दुनीया से

# तालाब बचेंगे तो कम आएंगे भूकंप, भूजल के दोहन पर सख्ती की दरकार

**बीते** चार अक्तूबर को लगभग पूरे उत्तरी भारत सहित दिल्ली-एनसीआर में करीब 15 सेकेंड तक धरती कांपती रही। यह झटका रेक्टर स्केल पर पर 6.2 तीव्रता का था, जिसे अति गंभीर माना जाता है। तबसे बीते 15 दिनों में दिल्ली के आसपास तीन बार और भूकंप आ चुके हैं। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) ने दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के बीते 63 वर्षों के आंकड़ों के आकलन में पाया है कि एक जनवरी, 1960 से लेकर 31 मार्च, 2023 के दौरान 63 वर्षों में दिल्ली-एनसीआर में अधिकेंद्र वाले कुल 675 भूकंप आए हैं। लेकिन वर्ष 2000 तक जहां केवल 73 भूकंप दर्ज किए गए, वहीं इसके बाद के 22 वर्षों में 602 भूकंप रिकॉर्ड किए गए। अकेले वर्ष 2020 में दिल्ली व उसके आसपास कुल 51 बार धरती थर्राई। भारत के कुल क्षेत्रफल का करीब 59 फीसदी हिस्सा भूकंप संभावित क्षेत्र के रूप में चिह्नित है। दिल्ली को खतरे के लिए तय जोन चार में रखा गया है, जहां भूकंप आने की आशंकाएं ज्यादा हैं। भूकंप संपत्ति और जन हानि के नजरिये से सबसे भयानक प्राकृतिक आपदा है। एक तो इसका सटीक पूर्वानुमान लगाना संभव नहीं है, दूसरा इससे बचने के कोई कारगर तरीके नहीं हैं। महज जागरूकता और अपने आसपास को इस तरह से सज्जित करना कि कभी भी धरती हिल सकती है, बस यही है इसका निदान। हमारी धरती जिन सात टेक्टोनिक प्लेटों पर टिकी है, यदि इनमें कोई हलचल होती है, तो धरती कांपती है। एनसीएस के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर में आने वाले भूकंप अरावली पर्वतमाला के नीचे बने छोटे-मोटे फाल्टों के कारण आते हैं, जो कभी-कभी ही सक्रिय होते हैं। यहां प्लेट टेक्टोनिक्स की प्रक्रिया भी बहुत धीमी है। शुरुआत में भूकंप झटके बहुत सामान्य थे, जिनकी तीव्रता 1.1 से 5.1 तक थी, लेकिन जैसे-जैसे इस समग्र महानगर में जल निधियां सूखने लगीं, वर्ष 2000 के बाद भूकंप की तीव्रता में तेजी आने लगी। खासकर यमुना के सूखने और उसके किनारे की जमीन पर अंधाधुंध निर्माण ने भूकंप से नुकसान की आशंका को बढ़ा दिया। यमुना लाखों वर्ष पुरानी नदी है और धरती के भीतर भी जलमार्ग हैं। इन जल मार्गों के सूखने और नष्ट होने से धरती के धंसने और हिलने की आशंका में इजाफा हुआ है। गौरतलब है कि भारत आस्ट्रेलियन प्लेट पर टिका है और हमारे यहां अधिकतर भूकंप इस प्लेट के यूरेशियन प्लेट से टकराने के कारण होते हैं और इसी से प्लेट बाउंड्री पर तनाव ऊर्जा संग्रहित हो जाती है। यह ऊर्जा भूकंपों के रूप में कमजोर जोनों एवं फाल्टों के जरिये सामने आती है। हालांकि कोई भूकंप कब, कहां और कितनी अधिक ऊर्जा (मैग्नीट्यूट) के साथ आ सकता है, इसकी अभी कोई सटीक तकनीकी विकसित हो नहीं पाई है। आज जरूरी है कि जिन इलाकों में बार-बार धरती कांप रही है, वहां भू-वैज्ञानिक अध्ययनों से उप-सतही संरचनाओं, फाल्टों एवं रिजों के विन्यास की जांच होनी चाहिए। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की सवा तीन करोड़ लोगों की बसावट का चालीस फीसदी इलाका अनाधिकृत है, तो 20 फीसदी के आसपास बहुत पुराने निर्माण। बाकी रिहाइशों में से बमुश्किल पांच फीसदी भूकंपरोधी है। शेष भारत में भी आवासीय परिसरों के हालात कोई अलग नहीं है। लोग इस चेतावनी को गंभीरता से ले नहीं रहे कि उनका इलाका भूकंप के लिहाज से संवेदनशील है। राष्ट्रीय भू-भौतिकीय अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआइ), हैदराबाद के एक शोध से स्पष्ट हुआ है कि भूकंप का एक बड़ा कारण धरती की कोख से जल का अंधाधुंध दोहन करना भी है। भू-विज्ञानियों के अनुसार, भूजल धरती के भीतर लोड यानी एक भार के तौर पर उपस्थित होता है। इसी लोड के चलते फाल्ट लाइनों में भी संतुलन बना रहता है। देश के जिन इलाकों में यदा-कदा धरती कांपती रहती है, उन सभी इलाकों में पारंपरिक जल-निधियों-जैसे तालाब, झील, बावड़ी, छोटी नदियों को पानीदार बनाए रखना जरूरी है। साथ ही जरूरी है कि शहरों में आबादी का घनत्व कम किया जाए, जमीन पर मिट्टी की ताकत मापे बगैर कई मंजिला इमारत खड़ी करने और बेसमेंट बनाने पर रोक लगाई जाए।

राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र (एनसीएस) ने दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के बीते 63 वर्षों के आंकड़ों के आकलन में पाया है कि एक जनवरी, 1960 से लेकर 31 मार्च, 2023 के दौरान 63 वर्षों में दिल्ली-एनसीआर में अधिकेंद्र वाले कुल 675 भूकंप आए हैं। लेकिन वर्ष 2000 तक जहां केवल 73 भूकंप दर्ज किए गए, वहीं इसके बाद के 22 वर्षों में 602 भूकंप रिकॉर्ड किए गए। अकेले वर्ष 2020 में दिल्ली व उसके आसपास कुल 51 बार धरती थर्राई। भारत के कुल क्षेत्रफल का करीब 59 फीसदी हिस्सा भूकंप संभावित क्षेत्र के रूप में चिह्नित है। दिल्ली को खतरे के लिए तय जोन चार में रखा गया है, जहां भूकंप आने की आशंकाएं ज्यादा हैं।

संक्षिप्त खबरें

## सड़क दुर्घटना में घायल, मौत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** रांची से टंडवा आने वाली मुख्य मार्ग के मांडर गांव में मोटरसाइकिल सवार खेमलाल गंझू की दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। जहां उनकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुशार 32 वर्षीय खेमलाल गंझू खलारी से अपने घर गिधौर प्रखंड के ग्राम जापुट निवासी है जो अपने घर जाने क्रम में दुर्घटना ग्रस्त हो गयी। दुर्घटना किस वाहन से हुई है इसकी जानकारी प्राप्त नहीं हो पाया है। जानकारी मिलते हीं टंडवा पुलिस ने घटना स्थल पहुंच कर शव को अपने कब्जे में ले लिया है।

# प्राउड ऑफ माई बीएलओ थीम पर चलाया गया विशेष अभियान

## योग्य मतदाता का नाम वोटर लिस्ट में न छूटे : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत आज चतरा जिले में मुझे अपने बीएलओ पर गर्व है थीम पर बीएलओ के कार्य को समुचित सम्मान देने व उनका उत्साहवर्धन करने के लिए 11:00 बजे पूर्वाह्न से दोपहर 12:00 बजे के बीच 1 घंटे तक सोशल मीडिया पर हैश टैग अभियान प्राउड ऑफ़ माई बीएलओ चलाया गया। इसे लेकर मतदान केंद्र संख्या 310, 311, 470, 471, 472, 473, 474 मतदान केंद्रों पर जाकर जिला निर्वाचन पधाधिकारी सह उपायुक्त चतरा श्री अबु इमरान ने बीएलओ का उत्साहवर्धन किया तथा उनके साथ सेल्फी लेकर उनके महत्व को बताया। साथ ही उक्त मौके पर



निरीक्षण के क्रम में बीएलओ से दिनांक-27.10.2023 से दिनांक-09.12.2023 तक चलने वाले विशेष अभियान व बीएलओ ऐप से सबंधित विस्तृत जानकारी लेते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देशदिए। साथ ही उपायुक्त श्री इमरान ने सभी बीएलओ को तन्मयता के साथ काम करने के लिए उत्साहित किया और कहा कि कोई भी योग्य मतदाता का नाम वोटर लिस्ट में न छूटे।

## मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन का हुआ शुभारंभ 29 अक्टूबर से 9 दिसंबर तक चलेगा अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत सभी बूथों में 27 अक्टूबर को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन की शुभारंभ कर दी गई है। यह कार्य पंचायत सेवक दिगंबर पांडेय एवं कंप्यूटर ऑपरेटर तरुण कुमार के साथ बुथ में उपस्थित बीएलओ ने अपने-अपने मतदाताओं के साथ किया है। सभी बुथों में29 अक्टूबर से 9 दिसंबर तक दावा आपत्ति करना है। एवं 28, 29 अक्टूबर को तथा 4,5 नवंबर को प्रत्येक बुथ में कैंप का आयोजन भी किया जाएगा। जहां मतदाता पंजी में छूट लोगों का नाम जोड़ा जाएगा। इस क्रम में प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय गिद्धौर मध्य विद्यालय गिद्धौर कन्या मध्य विद्यालय गिद्धौर उत्क्रमित मध्य विद्यालय सलगा एवं प्रखंड की सभी बुथ स्थलों में मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन की शुरुआत की गई है।

## सिंघानी नाली निर्माण कार्य से राहगीरों को करना पड़ रहा कठिनाइयों सामना, मिट्टी छोड़ा बीच रास्ते



**पत्थलगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंघानी में चल रहे 2500000 लाख का नाली निर्माण कार्य डीएमएफटी फंड के तहत योजना जो मुस्लिम मोहल्ला से संजू बीज भंडार से होकर तिलेश्वर दांगी के घर तक नाली निर्माण कार्य किया जाना है। जो एक सप्ताह से नाली निर्माण कार्य बंद पड़ा है।और नाली ढलाई को पानी पटवन के लिए कोई मजदूर तक नही छोड़ा है।तो क्या ग्रामीणों के भरोसे छोड़ दिया है। संवेदक कन्हाई यादव नाली खुदाई का मिट्टी बीच रास्ते करके छोड़ दिया है जिससे ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।चार पहिए गाड़ी का निशाना सीधा शिव मंदिर पर पड़ रहा है। और मंदिर को सीधी टकर कई गाड़ियां मार चुके है।ग्रामीणों का कहना है की जब आला अधिकारियों से निर्देश मिला है तो नाली कार्य को बंद कर के क्यों रखा है।कार्य बंद करने का मतलब यही है जो तब था ओ अब क्योंकि नाली में भरी पड़ी पानी काफी दुर्गंध फैला रही है और आने -जाने वालो के लिए भी, अगर कोई गाड़ी वाला आता है।तो गंदे पानी का छींटा मारकर जाता है। ग्रामीणों का कहना है की संवेदक द्वारा रोज का टलावा दिया जा रहा है।

## शराब दूकान में वसूली जा रही प्रिंट रेट से अधिक कीमत दुकान संचालक बोले सब जगह देते है कमीशन

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड के बालूमाथ और मुरपा स्तिथ सरकारी अंग्रेजी शराब दुकान में ग्राहकों से प्रिंट रेट से अधिक कीमत में शराब बेची जा रही है ।जिससे आये दिन दुकानदार और ग्राहकों में नोकझोंक होती रहती है। मुरपा ग्राम निवासी सतीश यादव ने बताया कि दुकानदार द्वारा अंग्रेजी शराब की निभ पर 20 रुपये हाफ बोतल पर 40 रुपये और फूल बोतल पर 80 रुपये अधिक लिया जा रहा है ।दुकानदार से कारण पूछा जाता है तो वह ऊपर में 7 प्रतिशत कमीशन देने की बात कहा जाता है ।साथ ही कहा जाता है कि जहां शिकायत करना है कर दो हमको सब जगह पैसा खिलाते है ।पूर्व में बालूमाथ शराब दुकान में मिलावटी शराब और प्रिंट रेट से अधिक कीमत में शराब बेचने की शिकायत के बाद कई स्टाफ को उत्पाद विभाग द्वारा पकड़ा जा चुका है ।बता दे कि बालूमाथ में संचालित सभी शराब दुकान में प्रिंट रेट का न तो चार्ट लगाया गया है ।साथ ही नियोजनालय द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को शराब दुकान में बहाली करना था। बावजूद इसके नियमो को धता बताते हुए कंपनी द्वारा बाहरी लोगों काम पर रख लिया गया है। इसके अलावा अंग्रेजी शराब दुकान के अलावा किसी भी ढाबा या किराना दुकान को शराब बेचने का अधिकार नही बावजूद इसके ढाबा एवं किराना दुकान में धड़ल्ले से नकली शराब की बिक्री की जा रही है। जिससे सरकार को राजस्व की क्षती होने के साथ-साथ लोगो की जिंदगी के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। बावजूद इसके उत्पाद विभाग मौन है ।इस संबंध में शराब दुकान संचालक देवेंद्र यादव से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि ऊपर से आदेश रहता है प्रिंट रेट से अधिक लेने का वही इस सम्बंध में उत्पाद अधीक्षक प्रदीप सिन्हा ने कहा कि जांच कर पुनः कारवाई करेंगे और दोषी पाए जाने पर दुकान संचालक को जेल भेजा जाएगा।

# टंडवा थाना में नव निर्मित पुलिस पदाधिकारी बैरक का एसपी ने किया विधिवत उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा थाना परिसर में एनटीपीसी के द्वारा नवनिर्मित पुलिस पदाधिकारी बैरक का शुक्रवार को जिले के पुलिस कप्तान राकेश रंजन के द्वारा विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में आए पुलिस अधीक्षक श्री रंजन को एनटीपीसी परियोजना प्रमुख ने पुष्प गुछ देकर स्वागत किया। इस समारोह में उपस्थित रहे एनटीपीसी (नॉर्थ कर्णपुरा)के परियोजना प्रमुख स्वपनेन्दु कुमार पंडा ने अपने समर्थन और सहयोग की गरिमामयी प्रकट की। उद्घाटन समारोह में आए मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन का एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा की ओर से बड़े हर्षोल्लास पूर्वक स्वागत किया गया, तो वहीं पुलिस अधीक्षक ने एनटीपीसी नॉर्थ करणपुरा को अपने क्षेत्र में विकास के कार्यों के लिए संकल्पित रहने पर धन्यवाद दिया। अपने संबोधन में




पुलिस कप्तान ने कहा कि एक खुशहाल कार्यस्थल ही किसी भी कर्मचारी को सकारात्मक ढंग से उसे अपने कार्य निर्वहन करने में सहायक होता है, और मुझे यह विश्वास है कि यह इमारत भी एक ऐसी ही मिसाल कायम करेगी। इस समारोह के आयोजन में मौजूद एनटीपीसी के परियोजना प्रमुख स्वपेंदु कुमार पंडा ने अपने संबोधन में कहा कि एनटीपीसी अपने क्षेत्र में हर मानवीय कार्य एवं विकास कार्यों को लेकर दृढ़ संकल्पित है। अपनी उपलब्धि में उन्होंने बताया कि पूरे देश में एक बट्टा चार भाग बिजली एनटीपीसी ही पूरा करती है। इस मौके पर एनटीपीसी परियोजना के रविंद्र शर्मा जनरल मैनेजर, अनिल कुमार चावला सहायक महाप्रबंधक, धीरज कुमार गुप्ता उप महाप्रबंधक, अभिषेक आनंद सीनियर प्रबंधक, सनी सेठ सीनियर प्रबंधक,रघुवीर मीणा सीनियर प्रबंधक, एन. डी. के पाण्डेय सहायक महाप्रबंधक, आनंद स्वामी उपमहाप्रबंधक साथ ही साथ पूरे समारोह का संचालन कर रहे टंडवा थाना प्रभारी सह पुलिस इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह एवं टंडवा थाना के सशस्त्र बल मौजूद थे।

# नागरिक सत्य निष्ठा प्रतिज्ञा का दिलाई गई शपथ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया लातेहार शाखा द्वारा आयोजित 27 अक्टूबर को नागरिक सत्य निष्ठा प्रतिज्ञा कार्यक्रम बनवारी शाहू महाविद्यालय लातेहार के परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। शाखा प्रबंधक के द्वारा उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं कर्मचारीयों को नागरिक सत्य निष्ठा प्रतिज्ञा का शपथ दिलाई गई। सभी वचनबद्ध होकर पालन करने का शपथ लिए इसके बाद शाखा प्रबंधक के द्वारा एक त्तह्वद्ब5 प्रतियोगिता का भी आवेदन किया गया प्रतिभागियों के बीच प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार दिया गया प्रथम अनुप्रिया कुमारी द्वितीय श्रवण प्रसाद तृतीय किरण कुमारी सभी को पुरस्कार से सम्मानित किया गया, इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी ने बैंक ऑफ़ इंडिया लातेहार शाखा के शाखा प्रबंधक को धन्यवाद देते हुए



कहा यह सराहनीय पहल है ऐसे कार्यक्रमों के द्वारा छात्राओं के बीच जागरुकता आएगी। शाखा प्रबंधक आशीष कुमार गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को एजुकेशन लोन एवं बैंक संबंधित अन्य जानकारियां छात्राओं के बीच दी कार्यक्रम में शाखा के प्रियंका तिर्की ने क्विज प्रतियोगिता संपन्न करने में अग्रणी भूमिका निभाई। महाविद्यालय के व्याख्याता गण एस प्रसाद केएलएम राणा हरिप्रसाद सिंह संतोष पासवान बैद्यनाथ महतो रविंद्र कुमार डॉ नरेश कुमार पांडे सीमा इशरत बानो तुलेश्वर कुमार उरांव ओम प्रकाश गुप्ता राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद उपस्थित रहे। कविता कुमारी अनुप्रिया नेहा कुमारी पूर्णिमा की भूमिका सराहनीय रही।

## मोटरसाइकिल से गिरकर युवक घायल, रिम्स रेफर

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ-लातेहार मुख्य पथ पर शुक्रवार को दिरीदाग ग्राम के समीप मोटरसाइकिल से गिरकर एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पंकज भुइँया 30 वर्ष पिता सुरेश भुइँया ग्राम सासंग थाना चंदवा निवासी लातेहार से बालूमाथ की ओर आ रहा था ।इसी दौरान दिरीदाग ग्राम के समीप तीखे मोड़ में अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल से गिर गया। और गम्भीर रूप से घायल हो गया ।घटना के बाद स्थानीय लोगों के घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉ0सुरेंद्र कुमार की द्वारा प्राथमिक उपचार उपचार के बाद घायल युवक गंभीर स्तिथि को देखते हुए रांची रिम्स रेफर किया गया।

## डिग्री कॉलेज में पढ़ाई शुरू कराने को लेकर आजसू ने किया हस्ताक्षर अभियान शुरू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** डिग्री कॉलेज में पढ़ाई शुरू कराने को लेकर शुक्रवार को आजसू पार्टी ने डेमू पंचायत के हुंडरू गांव में हस्ताक्षर अभियान शुरू किया है। अभियान का नेतृत्व प्रखंड अध्यक्ष अमर उरांव के द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि इस अभियान में ग्रामीण व विद्यार्थियों से हस्ताक्षर अभियान चला कर कार्यक्रम में भाग लेने की अपील किया है। जिला अध्यक्ष अमित कुमार पांडेय ने कहा कि लातेहार में डिग्री कॉलेज के लिए दो भवन बनकर तैयार है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा दस माह पहले उद्घाटन भी कर दिया गया। लेकिन अभी तक पढ़ाई शुरू नहीं हुई है। जिस कारण यहां के विद्यार्थियों को उच्च पढ़ाई के लिए दूसरे शहरों का रुख करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की समस्याओं को देखते हुए आजसू पार्टी द्वारा 2 नवंबर को एक दिवसीय धरना दिया जाएगा। इसके बावजूद भी पढ़ाई शुरू नहीं हुई तो चरमबद्ध आंदोलन की जाएगी। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

## मतदाता संक्षिप्त पुनिरिक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत मतदाता सूची प्रारुप का हुआ प्रकाशन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत सभी मतदान बूथों में मतदाता संक्षिप्त पुनिरिक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत मतदाता सूची प्रारूप का प्रकाशन शुक्रवार को किया गया। सहायक निर्वाचक पदाधिकारी सह बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने बताई की मुझे अपने बीएलओ पर गर्व है कार्यक्रम के तहत कई मतदान केंद्रों में बीएलओ के साथ सेल्फी भी ली। ससमय मतदाता सूची से सम्बंधित सभी कार्य संपूर्ण रूप से करने पर बीएलओ की सराहना भी किया। साथ ही निर्वाचक पदाधिकारी प्रतिमा ने कई बूथों में जाकर मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन का जायजा भी लिया। वंही प्रखंड के सभी मतदाता जो अबतक किसी कारण वश अपना नाम मतदाता सूची में नही जुड़वा सके है वे 28 व 29 अक्टूबर एवं चार व पांच नवंबर को अपने नजदीकी मतदान केंद्र में जाकर नाम जुड़वाने की अपील भी की है। इस दौरान निर्वाचक सहायक आलोक दुबे, पर्यवेक्षक प्रकाश कुमार, चंदन कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# थाना दिवस पर आये 9 मामले 6 का किया गया निष्पादन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** प्रखंड मुख्यालय स्थित थाना परिसर मे थाना दिवस का आयोजन किया गया ।जिसकी अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक लव कुमार के द्वारा किया गया। मौके पर संग्रामपुर, बसबूटा, मंगरा सहित कई गांवो से जमीनी विवाद का कुल 09 मामले आये। जिसमे जमीनी विवाद के दोनो पक्षों व जनप्रतिनीधियों व कई ग्रामीणो के साथ आपसी सहमति बनाकर कुल 06 मामले का निष्पादन कर दिया गया ।शेष तीन मामले मे दोनो पक्षों के द्वारा दस्तावेज प्रस्तुत नही करने पर उन मामलो को अंचल कार्यालय मे भेजा गया ।मौके पर पुलिस निरीक्षक लव कुमार ने बताया कि चतरा उपायुक्त महोदय एवं पुलिस कप्तान के निर्देशानुसार हर बुधवार को थाना दिवस का आयोजन करने का आदेश मिला है। मौके पर अंचल कर्मी, पुलिस कर्मी व जमीनी विवाद के दोनो पक्षो के लोग मौजूद थे।

## मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम आयोजित



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 के तहत 27 अक्टूबर को मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन का कार्यक्रम निर्धारित है। ऐसे में शुक्रवार सुबह 11:00 से 12:00 बजे के बीच विभिन्न Social Media Platform पर विशेष हैश टैग अभियान #ProudOfMyBLO संचालित किया जा रहा है।इसी क्रम में उपायुक्त हिमाशु मोहन के द्वारा बुनियादी उच्च विद्यालय धर्मपुर, लातेहार के मतदान केंद्र संख्या 198 में जाकर बीएलओ पूजा देवी के साथ सेल्फी लेकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।इस दौरान उपायुक्त ने सभी से अपील किया कि अभियान के दौरान अपने मतदान केन्द्र पर जाकर वहां उपस्थित बीएलओ के साथ सेल्फी फोटो।लेकर अपने सभी सोशल मीडिया हैंडल्स पर पोस्ट कर उनका उत्साहवर्धन करें, ताकि निर्वाचन प्रणाली में हमारे बीएलओ की महत्वपूर्ण भूमिका को समुचित सम्मान व उनका उत्साहवर्धन किया जा सके।

# किसानों की हुई बैठक, दी गई कई महत्पूर्ण जानकारीयां

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत फुलसु पंचायत भवन परिसर में पूर्व मुखिया अर्जुन उरांव के अध्यक्षता मे कृषकों के साथ बैठक की गई। बैठक मे क्षेत्र के किसान भारी संख्या मे शामिल हुए, इस बैठक में मुख्य रूप से जिला 20 सूत्री सदस्य आफताब आलम, कृषि विभाग के राज्यस्तरीय तकनीकी सलाहकार डॉ भीडीएस मुंडा उप प्रमुख निशा शाहदेव समाजसेवी लाल आशीष नाथ शाहदेव वार्ड सदस्य विजय सिंह, दीपक भोक्ता की गरिमा पुर्ण उपस्थिति रही . कार्यक्रम मे उपस्थित कृषकों को सम्बोधित करते हुए मुंडा ने कहा कि राज्य सरकार छोटे बड़े सभी किसानों के लिए हरसंभव सहयोग के लिए तात्पर्य है. धान की खेती नहीं होने पर लातेहार जिला के लिए टमाटर, मटर, गोभी, बैगन, मिर्ची आदि सभी प्रकार के बीज



उपलब्ध कराया जाएगा. जिले में 1373 हेक्टेयर के लिए बीज की मांग किया गया है। सभी किसानों को फॉर्म भरने के पश्चात् बीज मिल पायेगा। वहीं आफ़ताब आलम ने कहा कि राज्य के कृषि मंत्री लातेहार के लिए हमेशा सकारात्मक सोच रखते हैं। किसानों का जो मांग होगा अवश्य पूरा करने का प्रयास करेंगे। उन्होने आगे कहा कि अभी कुछ दिन पूर्व ही ट्रैक्टर, बीज सहित अन्य कृषि से सम्बंधित उपकरण किसानों के बीच वितरण किये थे। कार्यक्रम के दौरान आफ़ताब आलम ने कृषि ऋण, सर्वजन पेंशन, डीप बोरिंग, गव्य एवं गव्य विकास से मिलने वाले फायदे के विषय मे बताया साथ ही बारियातू प्रखंड में कोल्ड स्टोरेज बनाने की बात कही। उन्होंने बताया कि मंत्री जी से इस विषय मे बात हुआ है जल्द ही प्रक्रिया में लाया जाएगा। मौके पर भूमि संरक्षण जेई दिलशाद, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष टिंकु सहित काफी संख्या मे किसान उपस्थित थे।

## पूर्व मंत्री प्रतापपुर के 18 पंचायतो का भ्रमण कर कहा चतरा को योग्य नेतृत्वकर्ता की जरूरत है, मौका मिला तो क्षेत्र का बेरोजगारी दूर करूंगा : के एन त्रिपाठी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** चतरा लोकसभा में अच्छे व योग्य नेतृत्वकर्ता की जरूरत है। चतरा में खनिज संप्रदा की कमी नही है, लेकिन नेतृत्वकर्ता के आभाव में क्षेत्र का विकास नही हो पा रही है। प्रयाप्त मात्रा में खनिज रहते हुयें यहां के लोगो के पास रोजगार नही है। बेरोजगारी के आभाव में मजदूर कई दूसरे राज्यों मे पलायन कर रहे हैं। राज्य के बाहर कमाने वाले मजदूरो की हर दो-चार दिनो पर शव मंगाया जा रहा है। एक अच्छे व योग्य नेतृत्वकर्ता ही बेरोजगारी, पलायन, कृषि समेत अन्य समस्याओ को हल कर सकता है। उक्त बातें झारखंड सरकार के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री सह कांग्रेस पार्टी के नेता के एन त्रिपाठी ने गुरूवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित सर्कीट हाउस में प्रेस कॉफ्रेंस के दौरान कहा। आगे कहा कि चतरा, पलामू एवं लातेहार में दर्जनो ऐसे नदियां हैं, जिनको बांधने की आवश्यकता है, इसके माध्यम से चतरा लोकसभा के सभी किसान



हजारो हेक्टर भूमि में सिंचाई कर सकते हैं। वर्तमान सांसद सुनिल सिंह भारत सरकार की योजनाओ को चतरा में लाने मे असमर्थ साबित हुये हैं। वे केन्द्र की योजनाओ को अबतक नही ला पाये हैं। जिसके कारण चतरा, पलामू, पांकी, लातेहार एवं मनिका का विकास नही हो पाया है। चतरा में बाहरी सांसद का ही शासन रहा है, जिससे सिर्फ बाहरी लोग यहां के पैसो का बंदरवाट कर रहे हैं। चतरा लोकसभा के कुल 336 पंचायत में से 100 पंचायतो में घूम-घूमकर राय-सुमारी कर रहे है तथा लोगो से समर्थन को एकजुट कर रहा हूं। अगर महागठबंधन इण्डिया की ओर से टीकट मिलता है, तो चतरा लोकसभा से चुनाव लड़ूंगा, तथा क्षेत्र का समूचित विकास के साथ सभी योजनाओ को धरातल पर लाकर बेरोजगारी दूर करने का काम करूंगा। प्रेस कॉफ्रेंस के मौके पर पांकी के कांग्रेस नेता परमदेव सिंह, विद्यासागर पाठक, चतरा जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष मोती पासवान, देवनन्दन पासवान व अजय प्रजापति मौजूद थे।

## एनडीपीएस के फरार अभियुक्त गिरफ्तार, जेल



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना कांड संख्या 49/23 में मामला दर्ज एनडीपीएस एक्ट के फरार अभियुक्त पंकज कुमार दांगी पिता मथुरा दांगी प्रखंड पंचायत गांव गिद्धौर निवासी को गिद्धौर थाना प्रभारी गुलाम सरवर के नेतृत्व में बृहस्पतिवार संध्या को मैन चौक से गिरफ्तार कर शुक्रवार को चतरा जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी। कि युवक चौक पर टहल रहा है। प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। छापामारी दल में सम्मिलित थाना प्रभारी के साथ पुलिस अवर निरीक्षक अशोक कुमार पांडेय एवं गिद्धौर थाना के सशस्त्र बल सम्मिलित थे।

## पतरातू में माता के भव्य जागरण का आयोजन



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वीणा टॉकीज पतरातू समीप नव युवक दुर्गा पूजा समिति द्वारा गुरुवार रात माता का भव्य जागरण का आयोजन किया गया द्व इस जागरण में हरिश उर्फ लला जागरण एवं आर्केस्ट्रा ग्रुप रांची के द्वारा एक से बढ़कर एक भजन गीत और झांकीया प्रस्तुत किए द्व जिसे सुनकर लोग माता का जयकारा के साथ-साथ झूमते नजर आये द्व वहीं जागरण के कलाकारों ने अनेकों झांकीया प्रस्तुत कर लोगों को लूभाने में कोई कसर नहीं छोडी। मौके पर समिति के पदाधिकारीयों सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे

## संत विज्ञान देव जी महाराज के जन्म दिवस पर लगाया जाएगा रक्तदान शिविर

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विहंगम योग संस्थान द्वारा वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन एवं शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज के ब्लड सेंटर के सहयोग से संत विज्ञान देव जी के जन्मदिन के अवसर पर 28 अक्टूबर को इचाक के हदारी ग्राम में विहंगम योग भवन में, 29 अक्टूबर को विहंगम योग आश्रम, पदमा, में एवं 1 नवंबर को केरेडारी प्रखंड के स्वास्थ्य केंद्र में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं रक्त की कमी से पीड़ित व्यक्तियों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। वॉलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन एवं विहंगम योग संस्थान के संयोजक संतोष कुमार ने ,इचाक, पदमा एवं केरेडारी के ग्राम वासियों से अनुरोध करते है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर ,रक्तदान कर मानवता का परिचय दें। रक्तदान करने से व्यक्ति स्वयं तो स्वस्थ रहता है साथ ही किसी के जीवन बचाने में सहयोगी बनता है रक्तदान शिविर 11ः30 बजे से प्रारंभ होगा । प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति जिसकी उम्र 18 से 65 के बीच हो तथा जिनका वजन 45 किलो से ऊपर हो एवं हीमोग्लोबिन 12.5 से ऊपर हो वे रक्तदान कर सकते हैं।

## घर के बाहर खड़ी बोलेरो तथा स्कूटी को असमाजिक तत्वों ने किया आग के हवाले




**बरकट्ठा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के पंचायत बरकनगांगो स्थित ग्राम सिमरिया में असमाजिक तत्वों ने घर के बाहर खड़ी स्कूटी और बोलेरो वाहन को आग के हवाले कर दिया। बताया गया की रात के अंधेरे में घटना का अंजाम देकर लोग फरार हो गए।घटना चुगलामो पंचायत निवासी अशोक चौधरी पिता मुन्नीलाल चौधरी के यहां घटी जो बरकनगांगो के सिमरिया गांव में रह रहे थे। वहीं असमाजिक तत्वों ने घर के समीप खड़ा स्कूटी संख्या जेएच 02 बीजे 0189 और बोलेरो संख्या जेएच 02 ए ए 5776 को आग के हवाले कर फरार हो गए।बताया जाता है कि घटना की रात गृहस्वामी घर के अंदर सोए हुए थे।उन्हें जैसे ही वाहनों में आग लगने की जानकारी हुई ,बुझाने का काफी प्रयास किया लेकिन जब तक आग नियंत्रित हुआ तब तक दोनों गाड़ी जलकर खाक हो चुकी थी।मामले की जानकारी रात में ही पुलिस को दी गई। पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन शुरू कर दी है।लेकिन अब तक मामले का उद्भेदन नही हो पाया।

## सड़क हादसे में घायलों को मुखिया ने निजी वाहन से पहुंचाया अस्पताल

**बरकट्ठा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र अंतर्गत घंघरी स्थित जीटी रोड में सड़क हादसे में तीन लोग घायल हो गए।वहीं घटना की जानकारी चेचकपी मुखिया रीता देवी और मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव को मिली तो श्री साव घटना स्थल पर पहुंचे।घायलों में विकास कुमार मेहता 32 वर्ष पिता कैलाश प्रसाद मेहता चेचकपी, मुकेश कुमार सिंह 28 वर्ष पिता रामसहाय सिंह और अरविंद कुमार 30 वर्ष पिता चरकु सिंह दोनों ग्राम सोढ़ाखाप,चेचकपी निवासी शामिल हैं। बताया जाता है कि तीनों लोग बरही के दोरवा कुंडवा से मेला देखकर चेचकपी लौट रहे थे। इसी बीच मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई जिससे घायल हो गए। तत्पश्चात मुखिया प्रतिनिधि ने निजी वाहन से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में भर्ती करा कर मानवता का परिचय दिया। वहीं इस कार्य के लिए घायलों के परिजनों ने मुखिया का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।

## भगवान वाल्मीकि प्रकट उत्सव का आयोजन आज

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय सभ्यता संस्कृति के जन्मदाता योग्यवशिष्ठ महारामायण के रचेयता करुणा सागर अकदिकवी भगवान वाल्मीकि प्रकट उत्सव का आयोजन आज किया जाएगा। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि अंजना पवार उपाध्यक्ष (केंद्रीय राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त) राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग (भारत सरकार) व आलोक कुमार अंतरराष्ट्रीय कार्याध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद और मुख्य वक्ता के रूप में पवन बहौत राष्ट्रीय महासचिव अखिल भारतीय मजदूर संगठन नई दिल्ली शामिल होंगे। कार्यक्रम के उद्घाटन कर्ता के रूप में समरी लाल वाल्मीकि कांके विधायक होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्याम बिहारी कांगड़ा प्रदेश अध्यक्ष भावाधस और संचालनकर्ता के रूप में गंगा वाल्मीकि प्रदेश महामंत्री भावाधस शिरकत करेंगे।अन्य अतिथियों में राजकुमार महंत नई दिल्ली, राजपालजी महंत नई दिल्ली, भगत वाल्मीकि अध्यक्ष वाल्मीकि महासभा रांची, पवन जेडीया वरिष्ठ नेता झामुमो रांची, आदि थे ।

## हजारीबाग : अपराधियों को पुलिस ने पकड़ा, अफीम समेत नगद राशि जब्त



गुलाम अहमद रज़ा @ प्रभात मंत्र

**हजारीबाग :** हजारीबाग पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो वाहनों को पकड़ा जिसमें से करीब दो लाख पच्चासी हजार रुपए सहित 7 च्त्र अफीम मिले हैं। इस बाबत पुलिस कप्तान मनोज रत्न चौथे ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि उन्हें दो वाहनों (एक चारपहिया और एक दोपहिया वाहन) में अवैध रूप से मादक पदार्थ एवं नगद राशि बिहार की ओर ले जाने की सूचना मिली। सूचना पाकर तत्काल एसपी के आदेश पर बरही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नाजिर अख्तर के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन कर कार्रवाई शुरू की गई। पुलिसकर्मियों को संबंधित जगहों पर मुस्तैद किया गया। एक टीम को चतरा मोड़ पर दोनो वाहन नजर आए, उन्हें रुकने का इशारा किया गया परंतु पुलिस को देख कर और भी ज्यादा तेज गति से भागने लगे। पुलिस टीम ने उनका पीछा कर उन्हें धर दबोचा जिसके बाद वाहनों से अवैध अफीम के पैकेट, नगद पैसे, तीन मोबाइल फोन समेत दोनो वाहनों को जब्त करते हुए पकड़े गए 3 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## अस्पताल परिसर में पांच जगह पर पार्किंग के लिए डाक करना अब अव्यवहारिक : सीटू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के प्रशासक ने दिनांक 17 10 2023 द्वारा अस्पताल परिसर में पांच जगह पर पार्किंग के लिए नगर निगम द्वारा डाक आमंत्रित करने का जो फैसला लिया गया है. सी पी एम नेता गणेश कुमार सीटू ने प्रशासक, शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल को पत्र लिखकर इस फैसले पर आपत्ति जताते हुए कहा है कि आप का यह फैसला अव्यावहारिक है. प्रशासक के पत्र के अनुसार अस्पताल के मंदिर के पास100म20फिट,डीएम एफ टी कैंटीन के बगल में 6 म5 फिट,आयुष्मान ऑफिस के सामने 50म40 फिट, पूराना ब्लड बैंक के सामने 100म15 फिट और जिला यक्ष्मा केंद्र के सामने 60म50फिट का पार्किंग करने का डाक नगर निगम द्वारा करना है. जब से यह अस्पताल मेडिकल कॉलेज बना है उस समय से यह अस्पताल में मरीज, डॉक्टर और कर्मचारी की संख्या बढ़ते जा रही है. ज्ञात हो की



इसी अस्पताल के कैंपस में सिविल सर्जन का ऑफिस, आर सी एच का ऑफिस, होम्योपैथी, आयुर्वेद, यूनानी के डॉक्टर बैठते हैं. इसी कैंपस में जिला कुष्ठ निवारण केंद्र का कार्यालय है. जिला कुष्ठ का ऑफिस है इसके अलावा और कई विभाग है जिसमें डॉक्टर और कर्मचारी भी पदस्थापित है. ये सभी लोग अपने-अपने वहान से आते हैं और सुविधा अनुसार कैंपस के अंदर वहान को पार्क करते हैं. सिर्फ इतना ही नहीं मेरीज जो दिखाने आता है वह भी अपने वहान से आता है और वह अपना इलाज करवा कर वाहन लेकर चला जाता है. ऐसे में पांच स्थल पर पार्किंग बनाने का फैसला अव्यावहारिक है।

## जनप्रतिनिधियों ने प्रखंड विकास पदाधिकारी का किया स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** शुक्रवार को बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय सभागार भवन में प्रमुख फुलवा देवी की अध्यक्षता एवं उपप्रमुख वचन देव कुमार की संचालन में जनप्रतिनिधियों के द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन कर स्वागत किया गया। आयोजित समारोह में प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल को बुके देकर व शाल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। मौके पर बीडीयो ने कहा कि प्रखंड की विकास के लिए मैं वचनबद्ध हूं। सबसे पहले जो भी अधूरे कार्य हैं उसे मैं पूरा करूंगा, विकास कार्य में तेजी लाने पर विशेष प्रयास होगा। मौके पर मुख्य रूप से पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, उपेंद्र प्रसाद, कृष्णा राम, प्रभु राम, निर्मल राम, रंजीत चौबे, कोशिला देवी, सुनीता देवी, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुईया, सहेस कुमार, मिथिलेश साव, गिरधारी साहू, अरुण कुमार पटेल, कल्याण पदाधिकारी भास्कर राज के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर प्रेसवार्ता सम्पन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** समाहरणालय सभाकक्ष में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर सहायक समाहर्ता (प्रशिक्षु आईएएस) सुलोचना मीणा तथा जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देवप्रिया की संयुक्त अध्यक्षता में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। इस मौके पर सहायक समाहर्ता ने कहा लोकतंत्र के महापर्व में सबों की अपनी भागीदारी अनिवार्य है। लोकतंत्र की खूबसूरती मतदान ही है। उन्होने मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा सभी मतदाताओं को चुनावों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन, दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने एवं उसका निष्पादन तथा मतदाता सूची का




अन्तिम प्रकाशन हेतु आयोग द्वारा निर्धारित तिथियों के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी। मतदाता सूची में नाम शामिल करने, नाम विलोपन एवं त्रुटि में सुधार हेतु दिनांक 7 अक्तूबर 2023 से 09 दिसंबर 2023 तक दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने हेतु तिथि निर्धारित है। प्राप्त दावा एवं आपत्ति का निष्पादन हेतु दिनांक 26 दिसंबर 2023 की अन्तिम तिथि निर्धारित है। दिनांक 05 जनवरी 2024 को मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन किया जाएगा। दिनांक 28 एवं 29 अक्तूबर 2023 एवं 04 व 5 नवंबर 23 को विशेष अभियान की तिथि निर्धारित है। छूटे हुए मतदाताओं को विशेषकर Transgender, Particularly Vulnerable Tribal Groups (PVTGs), Se& Workers, 80+ आयु वर्ग, दिव्यांगजन Homless People, आश्रय गृहों में निवास करने वाले सभी पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शत-प्रतिशत निबंधन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दिनांक 28 नवम्बर से 03 दिसंबर 2023 तक समावेशी सप्ताह (Inclusive Week) का आयोजन करने हेतु तिथि निर्धारित है। इस मौके पर कार्यक्रम की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन की तिथि को मतदान केन्द्र स्तर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## सेवा भारती आरएसएस के प्रशिक्षण में बरही से चार मातृशक्ति होंगी शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** विजयादशमी के उपरांत प्रतिवर्ष की भांति राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ झारखंड प्रांत ने सेवा भारती का छः दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग धनबाद में आयोजित किया गया है। इस प्रशिक्षण वर्ग में भाग लेने के लिए बरही प्रखंड से चार मातृशक्ति धनबाद के लिए रवाना हुई। कार्यक्रम में भाग लेने वाली मातृशक्ति में रिंकू देवी भुइँया टोला पुराना अस्पताल धनबाद रोड के पीछे, रेखा देवी अफीम कोठी हजारीबाग रोड, कंचन कुमारी रसोइयाधमना पुरहरा एवं सरीता कुमारी तुरीया टोला कोनरा निवासी प्रमुख रूप से शामिल हुई। मौके पर उपस्थित राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के क्षेत्रीय सेवा प्रमुख त्रिवेणी साव ने प्रशिक्षणार्थियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि शिक्षा और संस्कार मानव समाज की सबसे अहम आवश्यकता है। इसके बिना समाज का समुचित विकास संभव नहीं है। यह समाज के पुननिर्माण का महत्वपूर्ण घटना है और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपने स्थापना काल से इस कार्य में लगा है। इस अवसर पर विहिप जिला सह मंत्री गुरूदेव गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष नन्द किशोर कुमार, अजीत रविदास, अंकिता देवी के अलावा कई महिला पुरूष उपस्थित रहे।

## सांसद के निर्देश पर हुआ अस्पतालों का औचक निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सांसद सह अध्यक्ष वित्त सम्बन्धी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा के निर्देश पर चौपारण, चुरचू, विष्णुगढ़, कटकमसांडी व मांडू के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का सांसद प्रतिनिधियों ने औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का उद्देश्य स्वास्थ्य सम्बन्धी कमियों को उजागर कर उन्हें बेहतर करवाना था। इससे पहले टाटीझरिया, बरही, पिपरवार, बड़कागांव, दारू, सदर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया जा चुका है। चौपारण के सामुदायिक स्वास्थय केंद्र में स्वास्थ्य कर्मियों ने एम्बुलेंस व चिकित्सक व स्टाफ आवास उपलब्ध करवाने का आग्रह किया है। विष्णुगढ़ में डेंटल चेयर व एक्स- रे



मशीन ऑपरेटर की आवश्यकता है, जिसे उपलब्ध करवाने के लिए उचित कदम उठाये जायेंगे। साथ ही यहाँ एम्बुलेंस शेड व स्टाफ आवासों की मरम्मत की भी जरुरत है। इसके अलावा अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। साथ ही बेड्स भी पर्याप्त संख्या में हैं।

## मुम्बई में मालवाहक चालक की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ के चेडरा पंचायत अंतर्गत आठमील मोड़ निवासी ड्राइवर सोमनाथ महतो के निधन पर नवी मुंबई में कार्यरत उनके ड्राइवर साथियों ने आश्रित को आर्थिक मदद की है। गुरूवार को श्राद्धकर्म के दौरान मृतक के घर पहुंचकर परिजनों को सांत्वना देते हुए 17,550 रूपए का आर्थिक सहयोग किया गया। बताया गया कि सोमनाथ महतो जीविकोपार्जन के लिए मुंबई में मालवाहक वाहन चलाते थे। अचानक तबियत बिगड़ने पर वे अपने गांव विष्णुगढ़ लौट आए। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो



गई। वे अपने पीछे पत्नी पार्वती देवी समेत दो किशोरी पुत्रियां छोड़ गए हैं। घटना की जानकारी पाकर नवघर-जेएनपीटी, नवी मुंबई में उनके साथ काम करने वाले ड्राइवर साथियों ने मानवता का परिचय देते हुए आश्रित को आर्थिक सहयोग करने का निर्णय लिया। इसके उपरांत हुरलूंग निवासी फलजीत परवाना, रवि महतो, भीम महतो, राकेश पांडेय, आदि थे ।

## गया रोड में बने गड्ढे को बरही प्रेस क्लब ने भरवाया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही (हजारीबाग):** बरही के गया रोड में जगह-जगह पर गड्ढे बन गए थे, जिससे राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। प्रतिदिन सड़क दुर्घटना हो रही थी जिसमें कई को गंभीर चोटे भी आई। दुर्गा पूजा के दशमी के दिन ओवर ब्रिज के बगल में बने गड्ढे में सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल भी हो गया था। प्रतिदिन हो रहे दुर्घटना को देखते हुए बरही प्रेस क्लब की ओर से गया रोड में बने गड्ढे को भरवाया गया। बता दे की पिछले कई दिनों से गया रोड में जगह जगह पर गड्ढे बने हुए थे, लेकिन कोई भी जनप्रतिनिधि या संबंधित प्रशासनिक पदाधिकारी इस और ध्यान नहीं दे रहा था। पटना रोड में भी बरसात के बाद सड़क में गड्ढे बन गए हैं, जो चिंता का विषय है।

## प्राउड ऑफ माय बीएलओ के विशेष हैश टैग अभियान में शामिल हुए कई लोग



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही (हजारीबाग):** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 को लेकर शुक्रवार को मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन का कार्यक्रम किया गया। इसी बीच सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विशेष हैश टैग अभियान प्राउड ऑफ माय बीएलओ संचालित किया गया, ताकि निर्वाचन प्रणाली में हमारे बीएलओ की महत्वपूर्ण भूमिका को समुचित सम्मान व उसका उत्साह वर्धन किया जा सके। इस अवसर पर प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव पंचायत के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय जरहिया बूथ संख्या 335 मतदान केंद्र पर जाकर वहां उपस्थित बीएलओ निशु कुमारी के साथ मुखिया नीलम देवी व समाजसेवी नागेश्वर रजक सेल्फी लेते हुए सोशल मीडिया पर प्रकाशित किया है।

## अवैध लकड़ी लोड ऑटो को वनकर्मियो ने पकड़ा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** फुफन्दी चौक पर अवैध लकड़ी लोड एक ऑटो को वन कर्मियों ने पकड़ा है। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक एक युवक बिना नंबर के ऑटो पर लकड़ी लोड कर करियातपुर की ओर जा रहा था। जिसकी भनक वन कर्मियों को पूर्व में लग चुका था। लोगों ने बताया कि लकड़ी आरा गांव से लोड कर ले जाया जा रहा था। इसी दौरान पूर्व से घात लगाए वन कर्मियों को नजर ऑटो पर पड़ी। ऑटो चालक बिरजू साव की नजर वन कर्मियों पर पड़ते ही वह हक्का बक्का रह गया। इतने में वन कर्मियों का टीम ऑटो के करीब पहुंचकर चालक को गिरफ्त में ले कर जबकि ऑटो की जब्ती सूची बनाकर कब्जे में कर लिया। गिरफ्तार ऑटो चालक ने बनकर्मियों को बताया कि वह आरा गांव से लकड़ी लोड कर करियापुर बर्तन फैक्ट्री में ले जा रहा था। इधर ग्रामीणों का कहना है, कि ऑटो से लकड़ी ढोने का काम निरंतर जारी है। बनकर्मियों का वन सुरक्षा की ओर ध्यान नहीं है। जिसके कारण वनों की अंधाधुंध कटाई हो रही है। लोगों ने बताया कि बनकर्मी सुरक्षा के नाम पर खाना पूर्ति कर वापस लौट जाते हैं। ऐसे में वनों की सुरक्षा भगवान भरोसे है। मामले को लेकर वनकर्मि वाल्टर बारला से संपर्क साधने की कोशिश किया किंतु उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## टीएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष अरुण साहू पहुंचे मलकोको गांव, क्षेत्र की समस्याओं से हुए अवगत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही (हजारीबाग):** बरही प्रखंड के मलकोको गांव में तिलेश्वर साहू सेना के केंद्रीय अध्यक्ष सह युवा नेता अरूण साहू पहुंचें। जहा अपने सैकड़ों कार्यकर्ताओं और समर्थकों से मिलकर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत हुए। मौके पर श्री साहू ने सबका आभार व्यक्त किया और तिलेश्वर साहू सेना के संगठन के बारे में जानकारी देते हुए लोगों से संगठन के साथ जुड़कर सामाजिक और राजनीतिक काम करने हेतु प्रोत्साहित



किया। लोगों ने भी उनके बातों का खुलकर समर्थन किया और तिलेश्वर साहू सेना संगठन के साथ जुड़कर इसके मूल विचारों को जन - जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।मौके पर संतोष रजवार बरही प्रखंड अध्यक्ष, विष्णुधारी महतो बरही प्रखंड प्रधान महासचिव, बबलू साहू मीडिया प्रभारी, मो. जमीरूद्दीन अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष, राजेश कुशवाहा बरसोत पंचायत अध्यक्ष, युवाध्यक्ष सन्नी गुप्ता, मो. इस्माइल अंसारी, मो. सेराज, अनवर अंसारी, धनेश्वर मिर्धा, मो. निजामुद्दीन, संजय रविदास, लालजीत रविदास, मो. रियासत, प्रभु रजवार, हैदर अंसारी, सिराज अंसारी, मंसूर अली, गुलाम हैदर, उसमान मियां, सुभाष राणा, वसीम अंसारी, अब्दुल करीम, करीम अंसारी, मनीरूद्दीन अंसारी, आदि थे ।

## भाजपा कार्यकर्ता अरुण कुमार सिंह को पितृशोक हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने की मुलाकात

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** लोकसभा के लोकप्रिय सांसद सह अध्यक्ष, वित्त संबंधी संसदीय स्थाई समिति जयंत सिन्हा ने डाडी प्रखंड अंतर्गत गोड़वे ग्राम के अरुण कुमार सिंह जो भाजपा के समर्पित कार्य कर्ता हैं, उनके पिता के स्वर्गवास हो जाने की सूचना सांसद जयंत सिन्हा को मिलने पर पीड़ित परिवार के तकलीफ को समझते हुए तत्काल उनके क्रिया कर्म और भोज में लगने वाली सामग्री की व्यवस्था का निर्देश अपने निजी सचिव हिमांशु कुमार को दिया। सांसद जयंत सिन्हा के निर्देशानुसार हिमांशु कुमार ने पीड़ित परिवार को सारी व्यवस्था उपलब्ध करवाई इस अवसर पर हिमांशु कुमार ने कहा कि किसी के दुःख के समय में काम आना यह अपने आप में बड़ी बात है। अपने क्षेत्र के लोगों की इस तरह की जरूरतों को यथासंभव पूरा करने से मन में एक संतोष होता है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने कहा की हम सब को बहुत संतोष होता है की इस तरह के दुःख की घड़ी में उनका सांसद बेटा और भाई बनकर उनके सहयोग के लिए तैयार बैठा है। सांसद के द्वारा प्रदान किए गए सहयोग से पीड़ित परिवार को काफी राहत पहुंची। क्षेत्र की जनता ने सांसद जयंत सिन्हा जी को कोटि-कोटि धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तरह गरीब की सेवा करने वाला विरले लोग ही होते हैं।हम सब बहुत ही भाग्यवान है जो हमारा सांसद हम सब का दुःख को समझने वाला मिला है। इस अवसर पर सांसद जयंत सिन्हा ने अपने शोक संदेश में कहा कि मेरी ईश्वर से प्रार्थना है कि मृतक के आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके परिवार को इस विकराल दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें। भविष्य में भी मैं उन सबके किसी काम आ सका तो अपने आप को धन्य समझूंगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से सांसद कार्यालय प्रभारी वेद प्रकाश तथा रुद्र नारायण सिकरवार विशेष रूप से उपस्थित हुए। उक्त जानकारी सांसद जयंत सिन्हा के मीडिया प्रभारी अनिल सिन्हा ने दिया।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## हुल्लाडेक रीसाइक्लिंग ने रांची में हुल्लाडेक एक्सप्रेस लॉन्च किया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुल्लाडेक रीसाइक्लिंग प्रा. लिमिटेड, पूर्वी भारत की सबसे तेजी से बढ़ती ई-कचरा प्रबंधन कंपनी, जो इलेक्ट्रॉनिक और विद्युत कचरे को एकत्र और व्यवस्थित करती है देश के 18 राज्यों में, ने अपनी एक्सप्रेस पिकअप सेवा शीर्षक हुल्लाडेक एक्सप्रेस रांची शहर में इस त्योहार के मौसम पर कागज, प्लास्टिक, कपड़े और ई-कचरे को एकत्र करने के लिए लॉन्च किया है। कंपनी ने 2019 में रांची में अपना परिचालन शुरू किया था। 4 साल की इस अवधि में हुल्लाडेक पुनर्चक्रण ने घरों, कॉरपोरेट्स, शैक्षणिक संस्थान और कई उद्योग से निकले 500 टन इलेक्ट्रॉनिक कचरे को सफलतापूर्वक पुनर्चक्रित किया है।भारत में त्योहारी सीजन शुरू हो गया है और यह देश भर और शहर में ई-कॉमर्स वेबसाइटें और स्टोर पर कभी न खत्म होने वाली बिक्री लेकर आया है । परिवार आमतौर पर अपने घरों को अस्त-व्यस्त कर देते हैं और अनावश्यक वस्तुओं को बाहर निकाल देते हैं । इस अवसर का लाभ उठाते हुए, हुल्लाडेक रीसाइक्लिंग घर-घर जाकर पिकअप प्रदान कर रहा है पुरानी किताबों, समाचार पत्रों, बोतलों, कपड़ों और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स जो शायद अब व्यक्तियों के कोई उपयोग नहीं है।



## राकोमयू व विस्थापितों ने क्षेत्र से जुड़ी समस्याओ को लेकर महाप्रबंधक से मिला

**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल बरकासयाल महाप्रबंधक कार्यालय में राकोमयू व विस्थापित संघर्ष मोर्चा की शुक्रवार को क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओ को लेकर महाप्रबंधक अजय कुमार सिंह से मुलाकात की।वहीं इस बैठक में राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के बरकासयाल क्षेत्रीय सचिव सह विस्थापित संघर्ष मोर्चा के संरक्षक राजू यादव उपस्थित थे।वहीं यादव ने बकाया जमीन के बदले नौकरी,पुर्नवास नीति के तहत विस्थापित ग्रामीणों को जमीन उपलब्ध कराने जैसे मामलों को महाप्रबंधक के समक्ष रखे। जिसपर महाप्रबंधक अजय सिंह ने सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिये।इस दौरान मौके पर विस्थापित संघर्ष मोर्चा के चरका करमाली, महादेव बेसरा,कानू मरांडी, विश्वनाथ मांझी,डा जीआर भगत, सतीश कुमार, अजय मिश्रा, रवि पावरीया,शतिश कुमार,दीपक कुमार यादव, बिनोद प्रजापति आदि लोग मौजूद थे।



## अरगड्डा पत्रकार के ससुर व बैंक कर्मी के पिता का निधन, शोक की लहर

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अरगड्डा क्षेत्र के युवा पत्रकार सुरेन्द्र राम व बैंक ऑफ इंडिया के कर्मी बबीता कुमारी के पिता स्वर्गीय गोपाल राम उम्र करीब 70 वर्ष का निधन लंबी बीमारी के बाद गुरुवार संध्या हो गया। खबर के फैलते ही क्षेत्र के पत्रकारो, बैंक कर्मियों, समाजसेवियों व आमजनों में शोक व्यक्त हो गया। अंतिम संस्कार यात्रा निवास गोवार टोली हजारीबाग से खिरगांव श्मशान घाट पहुंचा। दिवंगत अपने पीछे पत्नी कृष्णा देवी व भरा पूरा परिवार छोड़ गए। शोक जताने वालों में वरीय पत्रकार विजय कुमार सिन्हा, बबलू सिन्हा, राजकुमार शर्मा, तपन बनर्जी, पंकज सिंह, मो. शाहीद, रविकांत बनर्जी, बिजेंद्र पासवान, आदित्य पाठक, गोपाल गिरी, बबन राउत, सुनील कुमार, शिवशंकर तिवारी, मो. अयुब, मो. एहसान, कांग्रेस नेता समसुद खान, भाजपा नेता सुरज पासवान उर्फ सिक्की, आजप प्रतिनिधि शत्रुधन बेदिया, गंगा बेदिया, अशोक बेदिया, अविनाश राम, दीपक उरांव, लक्ष्मण रवि, कालीचरण राम, अशोक राम, सनी रवि, करण कुमार, बिट्टू रविदास, बसंती देवी, रजनी देवी, सुधा कुमारी, राखी कुमारी, सूरज कुमार, प्रांजल कुमार, समेत दर्जनों समाजसेवी, परिजन, मित्रगण शामिल हैं।



## मांडू उत्क्रमित मध्य विद्यालय के बच्चों के बीच पैंट शर्ट स्वेटर जूता मोजा का वितरण किया गया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोविंदपुर मांडू के प्रांगण में वर्ग 1 दो और 2 में18 कुल 20 स्कूल ड्रेस का वितरण पैंट शर्ट स्वेटर जूता मौजा आदि का वितरण विद्यालय परिसर में किया । इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मांडू चट्टी के मुखिया अनीता देवी उपस्थित हुई। साथ में समाजसेवी बालेश्वर भुइयॉं उपस्थित हुए विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार कश्यप ने इस अवसर पर कहा की विद्यालय परिवार को सरकार के माध्यम से जो सुविधा उपलब्ध होती है इसको मुखिया के द्वारा मुहैया कराया जाता है भविष्य में इस तरह की जो भी सुविधा उपलब्ध होगी तो एक दिन विद्यालय हर हाल में अच्छा सब प्रतिशत उपस्थिति के साथ-साथ परिणाम भी देने का कार्य करेगा। सभी छात्र एवं छात्र नियमित स्वच्छ और विद्यालय के छात्र-छात्राओं को सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए ड्रेस वितरण समारोह में मुख्य अतिथि अनीता देवी ने कहा कि आप सभी बच्चे नियमित रूप से विद्यालय आए साथ ही साथ विद्यालय का जो ड्रेस कोड है ड्रेस कोड में आए अभिभावक विद्यालय के संचालन में सहयोग करें इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शारदानंद शर्मा जेठालाल मांझी के अलावा बाल संसद के सभी प्रतिनिधि उपस्थित थे।



## भारी मात्रा में जब्त किया गया अवैध बालू का स्टॉक

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले में अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने एवं दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम शुक्रवार को गोला थाना अंतर्गत हेसापोड़ा, परसाडीह बालू घाट व अन्य क्षेत्रों में चलाए गए छापेमारी अभियान के दौरान पिपराटांड़ क्षेत्र से कुल 9000 घन फिट अवैध रूप से बालू के स्टॉक को जप्त किया गया। जिसके उपरांत जप्त किए गए स्टॉक को गोला थाना को सुपुर्द किया गया। उक्त अभियान में खान निरीक्षक जितेंद्र कुमार, गोला थाना प्रभारी प्रभात कुमार सहित पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।



## पतरातू प्रखंड के बुधबाजार चीफ हाउस पंचायत में हुआ विशेष पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शुक्रवार को जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. कमलेश कुमार पिंगले के निर्देशानुसार पतरातू प्रखंड के बुधबाजार चीफ हाउस पंचायत में भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, भुरकुंडा डॉ. पंकज कुमार के द्वारा विशेष पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान पंचायत के पशुपालकों को पशुओं में होने वाले बीमारियों के पहचान के लक्षण एवं उनसे बचाव संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही उनके बीच कृमि नाशक एवं अन्य दवाओं का निःशुल्क वितरण भी किया गया। शिविर के दौरान पंचायत के मुखिया श्री विकास पांडे एवं पशुपालकों सहित अन्य मौजूद थे।

# शर्मनाक : दसवीं की छात्रा से शिक्षक कर रहा था गंदी हरकतें, धुनाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** सदर प्रखंड के एक विद्यालय के शिक्षक ने गुरु-शिष्य के पवित्र रिश्ते को शर्मशार कर दिया है। शिक्षक की गंदी हरकतों से नाराज लोगों ने शुक्रवार दोपहर को जमकर धुनाई कर दी। पीड़ित छात्रा के पिता ने नगर थाना में शिकायत दर्ज किया है। जिसमें कहा है कि उनकी बच्ची दसवीं कक्षा की छात्रा है। हिरणपुर थाना क्षेत्र के करियोडीह गांव के रहने वाले कमलेश साह के पुत्र शिक्षक राजू नंदन साह तीन-चार दिन से बच्ची के साथ गलत हरकतें कर रहा था। अकेले कमरे में मोबाइल लेकर बुलाता था। इसकी सूचना मिलने पर मैं स्कूल पहुंचा तो देखा की बच्ची रो रही है और डरी हुई है। मुझे बच्ची ने शिक्षक के हरकतों के बारे में सारी बातें बताई। पीड़ित बच्ची के पिता ने आवेदन के जरिए कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इधर शुक्रवार को दोपहर करीब 2ः00 बजे के आसपास कोर्ट के पास शिक्षक राजू नंदन साह कहीं बैठे हुए थे। इसी दौरान घटना से अवगत आक्रोशित लोगों की नजर शिक्षक पर पड़ी। इसके बाद भीड़ ने उसे पकड़ लिया और धुनाई शुरू कर दी। हालांकि शहरकोल पंचायत के मुखिया विकास गोंड ने बीच बचाव करते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस निरीक्षक सह नगर थाना प्रभारी मनोज कुमार दल-बल के साथ कोर्ट के पास पहुंचे और शिक्षक को अपने कब्जे में ले लिया। इधर खबर प्रेषण तक आरोपी शिक्षक के विरुद्ध कानूनी प्रक्रिया चल रही थी। इधर संबंधित स्कूल के प्रधान अध्यापक का कहना है कि बच्ची ने मामले की मौखिक शिकायत की थी। इस तरह की हरकतें निंदनीय है। शनिवार को स्कूल में अभिभावकों की मीटिंग भी रखी गई है। इसी बीच मामला थाना तक पहुंच गया है। निश्चित रूप से कानून अपना काम करेगी। मैं स्कूल का माहौल खराब ना हो और छात्र-छात्राओं में डर का माहौल न बने, इसका भरपूर प्रयास करूंगा।



## मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बैठक की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के निमित्त सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन,दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने एवं उसका निष्पादन तथा मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन के आयोग की ओर से निर्धारित तिथियों के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी गई। जिसके तहत दिनांक 27 अक्तूबर 2023 को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। मतदाता सूची में नाम शामिल करने, नाम विलोपन एवं त्रुटि में सुधार के लिए दिनांक 27 अक्तूबर से 09 दिसंबर 23 तक दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने के लिए तिथि निर्धारित है। प्राप्त दावा एवं आपत्ति का निष्पादन के लिए दिनांक 26.दिसंबर. 2023 की अन्तिम तिथि निर्धारित है। दिनांक 05 जनवरी 2024 को मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन किया जाएगा। दिनांक 28 अक्टूबर 2023, 29 अक्टूबर 2023 एवं 04.11.2023 तथा 05.11.2023 को विशेष अभियान की तिथि निर्धारित है। छूटे हुए मतदाताओं को विशेषकर ट्रांसजेंडर, पीवीटीजी, सेक्स वर्कर्स, 80+ आयु वर्ग, दिव्यांगजन होमलेस पीपुल,आश्रय गृहों में निवास करने वाले सभी पात्र नागरिकों को मतदाता सूची में शत-प्रतिशत निबंधन सुनिश्चित करने के दिनांक 28.11.2023 से 03.12.2023 तक समावेशी सप्ताह का आयोजन करने के लिए तिथि निर्धारित है।

## सार्वजनिक दुर्गापूजा समिति हिरणपुर ने जिले के मशहूर समाजसेवी लुत्फल हक को किया सम्मानित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हिरणपुर :** बाजार स्थित डाक बंगला परिसर में दुर्गा पूजा के उपलक्ष्य पर सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति की ओर से गुरुवार को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्धघाटन जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक भगत,सिविल एसडीओ हरिवंश पंडित, एसडीपीओ अजित कुमार विमल,समाजसेवी सह पत्थर व्यवसायी लुत्फ़ल हक,हिरणपुर थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि,लिट्टीपाड़ा थाना प्रभारी अरुणिमा बागे, समिति के अध्यक्ष दीपक साहा सहित अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।उद्धाटन के पश्चात समाज सेवा में बेहतर कार्य करने को लेकर सावर्जनिक दुर्गा पूजा समिति की ओर से पत्थर व्यवसायी सह समाजसेवी लुत्फ़ल हक को मोमेंटो देकर व शॉल ओढ़ाकर अतिथियों के हाथों सम्मानित किया गया।अबतक किये गए समाजसेवा के क्षेत्र में कार्यो को प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया।उद्धाटन के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम में पहुंची प्रसिद्ध भोजपुरी गायिका अनुपमा यादव ने एक से बढ़कर एक भजन व भोजपुरी गीतों की प्रस्तुति दी। जिसे सुनकर सभी श्रोता झूमने पर मजबूर कर दिया। श्रोताओं ने रात भर सांस्कृतिक संध्या का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम की शुरुआत गायक निहाल मिश्रा ने गणेश वंदना से की। उसके बाद भोजपुरी स्टार अनुपमा यादव स्टेज पर पहुंची और तेरे दर पर ओ मेरी मईया... दिल ना लगईह फेरु जान अईह, अब जा जा जा जान भुला जईह... सहित एक के बाद एक कई गाने गाएं। इसके अलावा भोजपुरी गीतों पर नृत्य की भी प्रस्तुति दी गई। जहां गायिका अनुपमा यादव ने सुर में सुर मिलाकर उपस्थित दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं स्वीटी नाद ने भी अपनी सुरीली आवाज से दर्शकों का मन मोह लिया। उद्धाटन कार्यक्रम से पूर्व पिछले दिनों मिनी डांस प्रतियोगिता में हुए विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। मौके पर सामिति के नारायण भगत, जयकिशन भगत, रविन्द्र भगत, रंजीत भगत,अजय यादव,अमित सिन्हा, लड्डु, उत्तम, संजय, मुन्ना, राजीव, विशाल, मिलन, चंदन, अंकित, महानन्द, रघु, दीपक, राजेश आदि मौजूद थे।

## ओडिशा के नवनियुक्त राज्यपाल रघुबर दास का राजीव जायसवाल ने किया स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** ओडिशा के नवनियुक्त राज्यपाल एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास शुक्रवार को दिल्ली से रांची वापस लौट गए. दिल्ली में उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मुलाकात की वही उन्होंने बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को पार्टी पद से अपना इस्तीफा सौंपा. वही रांची एयरपोर्ट पहुँचने पर भाजपा रामगढ़ विधानसभा के युवा नेता राजीव जायसवाल ने उनका स्वागत किया । रांची एयरपोर्ट से सीधे रांची स्थित सरकारी आवास पहुँचे ।आवास पहुचने पर काफी देर बात चीत किया । साथ ही आवास पहुँचते ही भारी संख्या में भाजपा नेता और समाजसेवी उन्हे बधाई देने उनके आवास पहुंचे । वही राजीव जायसवाल ने कहा की हम सभी काफी खुश है की एक मजदूर का बेटा बीजेपी के एक साधारण कार्यकर्ता से लेकर विधायक, मंत्री ओर मुख्यमंत्री से लेकर आज ओडिशा का राज्यपाल नियुक्त हुए है. वैसे उनकी कमी हम सब को खलेगी जरुर क्योंकि सामाजिक ओर राजनीतिक स्तर पर वे लगातार हमारा मार्गदर्शन करते रहे है. उनके मुख्यमंत्रित्व काल में झारखंड राज्य ने विकास की एक नई गाथा लिखी है. झारखंड के कई क्षेत्रो में उनके द्वारा विकास की नई गाथा लिखी गई थीं. हम सभी को पूर्ण विश्वास है कि उनके राजनितिक ओर सामाजिक क्षेत्र में किए गए कार्य का लाभ ओडिशा राज्य को मिलेगा ओर ओडिशा में विकास की एक नई गाथा लिखी जाएगी. हम सभी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, देश के गृहमंत्री अमित शाह जी का आभार प्रकट करते है।



## सीसीएल तोपा परियोजना के खुली खदान में हैवी क्रेन के पलटने से आपरेटर की हुई दर्दनाक मौत, परिजनों में आक्रोश

**कुजू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत सीसीएल तोपा परियोजना खुली खदान में हैवी क्रेन के पलटने से आपरेटर की दबकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद मृतक के परिजन सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों व कोलोनी वासियों की भीड़ जमा हो गई। मृतक के परिजन मृतक के पुत्र को तुरंत नौकरी व सभी तरह के मुआवजे की मांग कर रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीसीएल तोपा परियोजना के खुली खदान में शुक्रवार की प्रथम पाली में ड्यूटी कर रहे ग्राम डटमा निवासी सह क्रेन आपरेटर 49 वर्षीय भोला प्रसाद पिता डोमन साहू विभागीय अधिकारी के आदेश पर क्रेन संख्या 408024 को लेकर तोपा एक्सकावेशन वर्कशॉप जा रहा था।इसी दौरान होलरोड की चढ़ाई पर क्रेन बंद होकर पीछे लुढ़कने लगा।भोला प्रसाद के लाख प्रयास के बावजूद क्रेन अनियंत्रित होकर पलट गया।इस घटना में भोला प्रसाद चालक केबिन में फंसे क्रेन के नीचे दब गए। जिससे उनकी दर्दनाक मौत वहीं हो गई। घटना की खबर पाकर कुजू ओपी प्रभारी विनय कुमार सदल बल वहां पहुंचे। इधर मृतक के बड़े पुत्र बादल कुमार को आन स्पाट नोकरी देने की प्रक्रिया में सीसीएल प्रबंधन जूटी है।



## जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त ने किया हैश टैग अभियान का शुभारंभ

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत् दिनांक 27.10.2023 को मतदाता सूची का प्रारूप प्रकाशन किया गया है। उक्त कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार एवं बीएलओ के उत्साहवर्धन के उद्देश्य से दिनांक 27.10.2023 को पूर्वा0 11ः00 बजे से मध्याह्न 12ः00 बजे के बीच विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर विशेष हैश टैग अभियान #ProudOfMyBLO चलाया गया। उक्त के तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा संबंधित क्षेत्र के बीएलओ के साथ फ़ोटो खिंचाते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की गई।

## बीडीओ और सीओ निकले सड़क पर कहा... सड़क को छोड़कर दुकान लगाएं

**महेशपुर (नि सं)(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित अंबेदकर चौक के पास अस्थायी फल व सब्जी तथा अन्य अस्थायी दुकानदारों द्वारा मुख्य सड़क से सटाकर दुकानें लगाए जाने से लोगों तथा वाहनों के आवागमन में हो रही असुविधा को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को बीडीओ सिद्धार्थ शंकर यादव तथा सीओ संजय कुमार सिन्हा ने सुरक्षा गार्ड के साथ मुख्य सड़क से सटाकर लगायी गई दुकानों को हटवाया। द्वय पदाधिकारियों ने अस्थायी दुकानदारों को मुख्य सड़क से दूर ही दुकानें लगाने का सख्त निर्देश दिया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों का सांसद प्रतिनिधियों ने औचक निरीक्षण किया

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हजारीबाग लोकसभा के चौपारण, चुरचू, विष्णुगढ़, कटकमदाग, कटकमसांडी व मांडू स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों का सांसद प्रतिनिधियों ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जांच सुविधा, जांच मशीन, एंबुलेंस सुविध, मेडिकल स्टाफ्स व स्टाफ आवास की कमी समेत कई अन्य समस्याएं पाई गई। इस सभी के समस्याओं के निवारण के लिए हर आवश्यक कदम उठाएंगे। मोदी सरकार हजारीबाग लोकसभा समेत झारखंड की जनता की सुविधा के लिए हर साधन दे रही है। हजारीबाग के विभिन्न विधानसभाओं में कुछ दिनों पूर्व निशुल्क स्वास्थ्य शिवका का आयोजन करवाया गया, जिसमें 800 से अधिक लोग लाभान्वित हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हजारीबाग को जिला खनिज मद की सौगात दी, जो क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभा रही है। इस मद से हम मेडिकल स्टाफ्स की बहाली कर रहे हैं। जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलें, इसके लिए मैं निरंतर प्रयासरत हूं।



# ड्राफ्ट मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन 9 दिसंबर तक चलेगा होम टू रोल सर्वे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश पर राज्य मुख्यालय के उप निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार ने शुक्रवार को रामगढ़ जिले में होम टू रोल सर्वे की तैयारियों का निरीक्षण किया तथा संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए।उल्लेखनीय है कि आज 27 अक्टूबर को ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन हुआ है। उसी क्रम में आगामी दो दिनों तक सभी बीएलओ अपने-अपने बूथ पर बैठेंगे। प्रकाशित हुई मतदाता सूची के संबंध में लोगों से दावे और आपत्तियां भी प्राप्त किए जाएंगे। अगले 9 दिसंबर तक होम टू रोल सर्वे करते हुए यह जानने का प्रयास किया जाएगा कि कोई पात्र मतदाता पंजीकृत होने से छूट तो नहीं गया है। साथ ही कटे फटे मतदाता पहचान पत्र तथा ब्लैक एंड व्हाइट फोटो वाले मतदाता पहचान पत्रों को भी बदलने का काम किया जाएगा।

**शहरी क्षेत्र के बीएलओ कर्मियों के साथ की बैठक**

राज्य मुख्यालय के उप निर्वाचन पदाधिकारी संजय कुमार ने नगर परिषद् सभा कक्ष में शहरी क्षेत्र के बूथ स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी सर्वे को लेकर जरूरी निर्देश दिए साथ ही उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान उनके साथ एईआरओ सह अंचल अधिकारी सत्येंद्र पासवान और निर्वाचन कार्य से जुड़े हुए तमाम जिला स्तरीय कर्मचारी भी मौजूद थे। संजय कुमार ने सभी अधिकारीयों एवं कर्मचारियों को सुझाव दिया कि वे उन बीएलओ को यथासंभव सहयोग जरुर प्रदान करें जो किसी न किसी कारण से फील्ड में कमजोर पड़ जा रहे हों।



**डाकघर का किया औचक भ्रमण**

मतदाता पहचान पत्रों के विलंब से डिलीवर होने की शिकायतों के आलोक में संजय कुमार ने रामगढ़ प्रधान डाकघर का भी औचक भ्रमण किया, जहां उन्होंने प्रभारी पोस्ट मास्टर तथा मतदाता पहचान पत्र बुकिंग के प्रभारी पोस्टल सहायक से वार्ता कर विलंब का कारण पूछा।

झारखण्ड सरकार

कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ़

रामगढ़ जिला अन्तर्गत बिहार / झारखण्ड सकहारी समितियॉ अधिनियम 1935 तथा बिहार / झारखण्ड स्वावलम्बी सहकारी समितियॉ अधिनियम 1996 के तहत् निबंधित एवं वर्तमान में कार्यरत प्रखण्ड स्तरीय समितियॉ को वर्श 2023 – 24 से 2025 – 26 तक के लिए शेश सरकारी राजस्व जलकरों की अल्पकालीन बन्दोबस्ती हेतु प्रस्ताव प्रेशण।

प्रस्ताव प्रेशण की अंतिम तिथि 15.11.2023

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वर्ष 2023 – 24 से 2025 – 26 तक की अवधि हेतु रामगढ़ जिला के शेश अबन्दोबस्त राजस्व जलकरों की अल्पकालीन बन्दोबस्ती की जानी है, जिनकी बन्दोबस्ती अवधि 31.03.2023 को समाप्त हो गई है या जो पूर्व से अबंदोबस्त है।

सहकारिता विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 1410, दिनांक 29.06.2011 के द्वारा अल्पकालीन बन्दोबस्ती के परिप्रेक्ष्य में अधिनियम 1935 एवं अधिनियम 1996 के अन्तर्गत निबंधित समितियों में भेद को समाप्त करते हुए उक्त दोनों प्रकार की समितियों को समतुल्य करार दिया गया है। विभागीय पत्रांक 1325, दिनांक 11.10.2023 के आलोक में रामगढ़ जिला में कार्यरत सभी प्रखण्ड स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों / स्वावलंबी मत्स्यजीवी सहकारी समितियों, पंचायत स्तरीय समिति, जलाशय स्तरीय एवं नगर निगम क्षेत्र के जलकरों की अल्पकालीन बंदोबस्ती (वर्ष 2023 – 24 से 2025 – 26) हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है, जिनकी बन्दोबस्ती की जानी है, एवं जो प्रस्तावक समिति के कार्य क्षेत्र में अवस्थित है। उक्त प्रस्ताव के आलोक में सहायक निबंधक सहयोग समितियों / जिला सहकारिता पदाधिकारी के द्वारा निर्गत विगत वित्तीय वर्श का स्वच्छता प्रमाण – पत्र जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ़ को उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है। इसके पश्चात् ही बन्दोबस्ती पर विचार किया जाएगा। यदि कोई जलकर एक से अधिक मत्स्यजीवी सहयोग समिति के कार्य क्षेत्र में आता है, तो वैसी स्थिति में इन समितियों के बीच सीमित डाक कराकर उच्चतम बोली लगाने वाली समिति के साथ जलकर की बन्दोबस्ती की जाएगी।

कृशि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्य प्रभाग) से संकल्प सं0 1575, दिनांक09.11.2017 के आलोक में जलाशय स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समिति अथवा स्थानीय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों अथवा विस्थापियों के S.H.G के साथ जलाशय की बन्दोबस्ती की जायेगी। जिले में कार्यरत सभी प्रखण्ड स्तरीय सहयोग समिति (1935) एवं स्वावलम्बी मत्स्यजीवी सहकारी समितिया (1996), जलाशय स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समिति अथवा स्थानीय मत्स्यजीवी सहयोग समिति अथवा विस्थापितयों के S.H.G से राजस्व जलकरों एवं जलाशयों की बन्दोबस्ती का प्रस्ताव दिनांक 25.05.2023 तक कार्यालय अवधि में जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ़ में समिति से संबंधित निम्नलिखित कागजातों के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।

1. वर्ष 2020 – 21 एवं 2022 – 23 में समिति के द्वारा सदस्यों के साथ की गई जलकरों की वितरण की सूची :–

| क्र0सं0 | वर्ष | जलकर का नाम | सदस्य का नाम | सदस्यता पंजी में कम संख्या | बन्दोबस्ती अवधि (सदस्य के साथ) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

2. राजस्व जमा प्रतिवेदन वर्ष 2022 – 23 तक। (रसीद की छायाप्रति संलग्न करें।)
3. बकाया रहित प्रमाण पत्र।
4. आम सभा की कार्यवाही का प्रतिवेदन।
5. अंकेक्षण प्रतिवेदन। ( 2022 – 23)
6. निर्वाचन प्रमाण – पत्र।
7. सदस्यता सूची की सत्यापित छायाप्रति। (सहायक निबंधक द्वारा सत्यापित सदस्यता सूची।)
8. कार्यकारणी का प्रस्ताव।
9. सहायक निबंधक सहयोग समितियों, रामगढ़ अंचल / जिला सहकारिता पदा, रामगढ़ द्वारा निर्गत स्वच्छता प्रमाण पत्र। (सहकारिता विभाग के पत्रांक 1410, दिनांक 29.06.2011 के कंडिका – 7 के आलोक में।)
10. समिति का बैंक खाता का प्रथम पृश्ट का छायाप्रति।

आदि कागजातों को जमा करने के पश्चात ही समितियों के साथ बन्दोबस्ती करने पर विचार किया जाएगा। निर्धारित तिथि तक अपने कार्यक्षेत्र में पडनेवाले जलकरों के बन्दोबस्ती का प्रस्ताव समिति द्वारा सभी अहर्त्ताओं के साथ प्राप्त नहीं होने पर उक्त जलकर की बन्दोबस्ती खुले डाक से करने हेतु प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी। सभी मत्स्यजीवी सहयोग समितियों / स्वावलम्बी मत्स्यजीवी सहकारी समितियों को निदेश दिया जाता है कि समितियों के साथ पूर्व से बन्दोबस्त जलकरों का वर्श 2022 – 23 का राजस्व बन्दोबस्ती लेने के पूर्व अनिवार्य रूप से जमा करें।

ह0 / –
जिला मत्स्य पदाधिकारी,
रामगढ़।

PR 310024 Fish(23-24)D

## तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन कार्यक्रम संपन्न



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पश्चिमी टुंडी के फतेहपुर पंचायत अंतर्गत डंडाटांड गांव स्थित खेल मैदान में पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत आज शुक्रवार को जे एस क्लब के बैनर तले तीन दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट का आगाज किया गया जिसका शुभ उद्घाटन मांझी हड़ाम शिवबालक सोरेन एवं प्रधानाध्यापक चांद मुर्मू के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं बच्चों द्वारा राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत करने के साथ ही खेल प्रारंभ हो गया। बताया जाता है कि आज का मैच कुल दस टीमों के द्वारा खेला जायेगा। समाचार लिखे जाने तक कोई टीमों ने कोई गोल नहीं कर पाया था। इस खेल के उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से मांझी हड़ाम शिवबालक सोरेन, नायकी हड़ाम ठाकुर सोरेन, विशिष्टअतिथि रामलाल मुर्मू, देवलाल मरांडी, चांद मुर्मू, दिनेश सिंह, सनातन सोरेन, अनिल कुमार मुरमू, सोहराब अंसारी ,महेंद्र मुर्मू, राजेश गोस्वामी, सहदेव महतो, समेत सेकंड़ों खेल प्रेमी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल में सीबीएसई जोनल हॉकी टूर्नामेंट का हुआ उद्घाटन



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल में 27 अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक आयोजित सी.बी.एस.ई जोनल हॉकी टूर्नामेंट के पहले दिन की शुरुआत सफलतापूर्ण हुई। इस उत्सव में बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश और अन्य विद्यालयों के छात्र-छात्राएँ भाग ले रहे हैं। इस टूर्नामेंट में जो भी टीम विजेता होगी, वह टीम सी.बी.एस.ई नेशनल गेम में अपनी जगह बनाएगी, जहाँ वह अपने खेली गई शानदार प्रदर्शन को और भी ऊँचाईयों तक ले जाने का अवसर पाएगी। टूर्नामेंट के पहले दिन के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में, सी.ए. विकास खैतान, श्री प्रमोद अग्रवाल, हरदीप कौर, धुर्व संथालिया, डॉ. एम एन. सिंह , प्राचार्य गिरिडीह महाविद्यालय गिरिडीह, एवं प्रधानाचार्य ओपन माइंड वर्ल्ड स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल और वेव इंटरनेशनल स्कूल आदि जैसे प्रमुख अथितियों ने टूर्नामेंट के आयोजन में समिल्लित होकर बच्चों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने बच्चों की मेहनत और उत्साह की सराहना की और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## हरिजन टोला आंगनबाड़ी केन्द्र के समीप से सोलर प्लेट को अज्ञात चोरों चोरया

**बगोदर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बगोदर प्रखंड के अंतर्गत बेको पूर्व



पंचायत के नीचे टोला के मंदिर परिसर में लगे जल मीनार की सोलर प्लेट को अज्ञात चोरों ने गुरुवार की रात्रि चोरी कर ली है यह जल मीनार तत्कालिन मुखिया मद के द्वारा लोगों की सुविधा हेतू लगाया गया था। और इस जलमीनार से लाभांवित भी थे। बताया जाता है कि मंदिर से कुछ दूरी पर दस से पन्द्रह घर हरिजन बस्ती है लोगों को पानी की सुविधा वहाँ के जल मिनार से मिलती थी। साथ साव की भी वस्ती है लोग जल मिनार से पानी पिया करते थे वही नही हरिजन टोला ऑगनवाडी केन्द्र भी उसी कैंपस स्थित सोलर प्लेट चोरी होने काफी परेशानी बच्चों की होगी । पूर्व उपमुखिया प्रितम साहु ने बताया की अज्ञात चोरो के द्वारा गुरुवार रात्री में घटना का अंजाम दिया । सुबह होने पर जब ग्रामीणों की नजर पडी तो इसकी सूचना अगल के वरिय समाजिक लोगों को दिया। जिसके बाद स्थानए मुखिया तारा देवी को घटना की जानकारी दी गई। मुखिया प्रतिनिधि टेकलाल चौधरी ने कहा की असमाजिक तत्वों यह काम वैसे में यह जलमीनार मंदिर परिसर मे लगाया गया गया था जहाँ छोटी बडी काम उपयोगी था। साथ हीं हरिजन टोला ऑगनवाडी केन्द्र के ठिक बाहर लगा हुआ था। खास कर महिलाओं में सोलर प्लेट चोरी होने काफी परेशान दिख रही थी।

## एशियन हॉस्टिपल ने अभिषेक की टीम को लगातार रक्तदान आयोजनों के लिए किया सम्मानित



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एशियन द्वारिका जालान मेमोरियल हॉस्टिपल के द्वारा भाजपा नेता अभिषेक सिंह और उनकी टीम को लगातार रक्तदान शिविर आयोजित करने और रक्तदान के लिए समाज के अन्य लोगों को रक्तदान हेतु प्रेरित करने हेतु ब्लड बैंक की ओर से मोमेंटो और आभार पत्र देकर ब्लड बैंक के मेडिकल इंचार्ज डॉ एन. के.सिंह और सुदीप पांडेय ने सम्मानित किया।ज्ञात हो कि भाजपा नेता अभिषेक सिंह प्रतिवर्ष अपने जन्मदिन पर रक्तदान शिविर आयोजित करते है तथा हर 4-6 महीने के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में रक्तदान शिविर का आयोजन करवाते है,विगत कोरोना महामारी के काल में जब समाज को सबसे ज्यादा सेवा की जरूरत थी तब अभिषेक सिंह को उनकी टीम लगातार लोगों को रक्तदान और प्लाज्मा डोनेट करके और प्रेरित करके लोगों से डोनट करवा रहे हैं।टीम अभिषेक की ओर से एक हेल्पलाइन नंबर भी जारी है जिससे कोई भी जरूरतमंद फोन कर रक्तदान हेतु मदद लेता है। इसी सभी को बातों को देखते हुए एशियान जालान हॉस्टिपल के ब्लड बैंक के द्वारा अभिषेक सिंह और उनकी टीम को सम्मानित किया है। सम्मानित होने पर भाजपा नेता अभिषेक सिंह ने कहा कि रक्तदान समाज सेवा का सबसे बड़ा कार्य है। लगातार हम लोगों को सेवा कर रहे है। हमारे कुछ समय के प्रयास से अगर किसी की जिंदगी बच जाती है तो इससे बड़ा और क्या कार्य होगा। रक्तदान करके उसे सही जरूरतमंद लोगों तक उपलब्ध करवाने हेतु एशियान जालान हॉस्टिपल ब्लड बैंक का भी बहुत बड़ा योगदान है। जिसके लिए वो बधाई के पात्र है। रक्तदान मानव जाति के लिए सबसे महत्वपूर्ण सामाजिक सेवा है।

### सांसद व विधायकों के साथ उपायुक्त ने की डीएमएफटी की समीक्षा

## उपायुक्त ने डीएमएफटी फंड के लिए भेजे गए अनुशंसा की स्वीकृति व अस्वीकृति की जानकारी दी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय में डीएमएफटी को लेकर सांसद एवं विधायकों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। इस दौरान सांसद एवं विधायकों ने डीएमएफटी के नियमावली से संबंधित विषयों पर उपायुक्त के साथ चर्चा की। बैठक में जनप्रतिनिधियों के द्वारा अपने-अपने क्षेत्र के विकास के लिए भेजे गए अनुसंशा की चर्चा की गई। इस दौरान उपायुक्त द्वारा सभी जनप्रतिनिधियों को डीएमएफटी फंड के लिए भेजे गए अनुशंसा की स्वीकृति एवं अस्वीकृति की जानकारी दी गई। इस दौरान आगामी 30 अक्टूबर को होने वाले



डीएमएफटी गवर्निंग काउंसिल की बैठक को लेकर भी चर्चा की गई।

उपायुक्त ने कहा कि डीएमएफटी फंड से उन्हीं योजनाओं को स्वीकृति मिल पाएगी जो सरकार के गाइडलाइन में होगी। इसके अलावा जो भी अनुशंसा जनप्रतिनिधियों द्वारा भेजा जाता है उसे किसी अन्य फंड के द्वारा पूरा करने की कोशिश की जाएगी।

बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों ने कई क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं से हो रहे निर्माण कार्य में अनियमित की भी जानकारी दी एवं जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग भी की। साथ ही किस विधानसभा में कितनी योजनाएं ली गई और कितनी राशि खर्च हुई, उसकी सूची उपलब्ध कराने का भी अनुरोध किया।

उपयुक्त ने कहा कि जो भी कार्य हो रहे हैं वह सरकार के गाइडलाइन के अनुरूप होना सुनिश्चित किया जाएगा। अगर कहीं गड़बड़ी होगी तो उसे जांच कर कार्रवाई भी की जाएगी।


मौके पर सांसद पशुपतिनाथ सिंह, विधायक टुंडी मथुरा प्रसाद महतो, विधायक निरसा अपर्णा सेन गुप्ता, विधायक बाघमारा ढुल्लू महतो, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह एवं विधायक प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## हाथियों ने हेंसला के सुगीटांड में मचाया उत्पात, एक घर को तोड़ा



**बगोदर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बगोदर इलाके में एक फिर हाथियों के झुण्ड ने उत्पात मचाया है बताया जाता है बगोदर थाना क्षेत्र के हेंसला सुगीटांड में हाथियों के झुण्ड ने उत्पात मचाया है वहीं सुरेश यादव के घर झतिग्रस्त कर तोड दिया । साथ लगभग दो एकड में लगे धान के फसल को नष्ट कर दिया है । वहीं हाथियों के गाँव के बगल जंगल में सरण ले रखा है । शाम ढलते ही हाथियों का झुण्ड गाँव के नजदीक आ जाता है । इससे लेकर ग्रामीणों में काफी दहशत में है। तो दुसरी तरफ फसलों को नष्ट करने से लोगों में नाराजगी है। हेंसला के पंचायत समिति प्रतिनिधि अमजद खान ने घटना स्थल पर पहुंचे और पीड़त किसानों से मिले। उन्होने कहा जो भी किसान का नुकसान हुआ सभी गरीब परिवार से आते है। विभाग से झति पुर्ति की मांग विभाग से किया है। समाजिक कार्यक्रता जितेन्द्र महतो ने गाँव में देर रात तक युवाओं को पहरा भी दिया हाथियों का झुण्ड नहर के किनारे जंगल में सरण लिए है लोग दहशत में है।

## गिरिडीह में टला बागेश्वर धाम सरकार धीरेंद्र शास्त्री का कार्यक्रम



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह में दो व तीन नवंबर को आहूत बागेश्वर धाम सरकार धीरेंद्र शास्त्री का टल गया । वही ज़िला प्रशासन के सुरक्षा व्यवस्था को लेकर इसे टाल दिया गया है। विनोद सिन्हा ने पत्रकारों स बातचीत के दौरान कहा कि अब यह कार्यक्रम 2024 के जनवरी माह में होगा। उन्होंने कहा की बागेश्वर धाम बाबा शास्त्री जी को लेकर तैयारी व्यापक स्तर पर चल रही थी। लेकिन ज़िला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध करने को लेकर असमर्थता जताई । ज़िला प्रशासन द्वारा बताया गया की छतीसगढ़ में चुनाव को लेकर सभी फोर्स को चुनाव में भेज दिया गया है । इसी को लेकर बागेश्वर बाबा की कार्यक्रम को स्थगित किया गया है । वही चुनाव के बाद कर्यक्रम किया जयेगा।

## झारखंड राज्य कृषि विपणन पर्षद के अध्यक्ष ने किया बाजार समिति का निरीक्षण

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** झारखंड राज्य कृषि विपणन पर्षद के अध्यक्ष रबीन्द्र सिंह ने आज बाजार समिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण करने के बाद आयोजित प्रेस वार्ता में माननीय अध्यक्ष ने कहा कि राज्य सरकार झारखंड की सभी बाजार समिति को विकसित करने के लिए गंभीर और कृत संकल्पित है। आने वाले दिनों में सभी बाजार समिति में वृहद परिवर्तन देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा किसानों को उनके उपज की उचित लागत दिलाने के लिए फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन (एफपीओ), ई-नाम से किसानों को जोड़कर ट्रेडिंग कराया जा रहा है। अध्यक्ष ने कहा कि भ्रमण के दौरान उन्होंने किसानों से भी बात की और उनकी समस्याओं को सुना। उनकी समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा। साथ ही कहा कि निरीक्षण के दौरान प्रांगण में कुछ वस्तुओं का अभाव देखने को मिला। इसका समाधान भी शीघ्र किया जाएगा। अध्यक्ष ने कहा बाजार समिति में 30 मेट्रिक टन का कोल्ड स्टोरेज, पूरे प्रांगण में सीसीटीवी कैमरे, दुकान, हॉट इत्यादि को विकसित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसान और मजदूरों के लिए चिंतित है। किसान और व्यापारी के बीच कई लोगों को रोजगार





दिलाने का भी प्रयास किया जा रहा है। आने वाले दिनों में किसान और व्यापारियों के चेहरे चमक उठेंगे। इस अवसर पर पणन सचिव राकेश कुमार सिंह ने बताया कि धनबाद में 8 एफपीओ, चैंबर आफ फार्मर्स और 26836 किसान है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष धनबाद के किसानों ने एक महीने में सीधे कश्मीर से ऑनलाइन खरीद कर 55 लाख रुपया के सेब मंगाए हैं। यह आंकड़ा पूरे देश में नंबर वन है। साथ ही विगत वर्ष यहां के किसानों ने ऑनलाइन माध्यम से कश्मीर से एक करोड़ 90 लाख रुपया के सेब मंगाए थे।

## सर्वोदय नवजागृति केन्द्र के द्वारा आयोजित किया वार्षिक सेमिनार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बिरनी :** प्रखंड क्षेत्र के खैरीडीह पंचायत के ग्राम गोरडीह शीतल टोला सर्वोदय नवजागृति केंद्र के द्वारा वार्षिक सेमिनार का आयोजन किया गया के प्रधान कार्यालय मे वार्षिक सेमिनार का आयोजन किया गया, उक्त कार्यक्रम में केन्द्र के संस्थापक झुपर गोप ने कहा कि हमारी संस्था स्थानीय स्तर पर बच्चों के बीच विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित कर नैतिक एवं व्यावहारिक शिक्षा पर बल देती है। इस बीच दर्जनों लोगों ने संस्था की सदस्यता ग्रहण किया जिन्हे पहचान पत्र प्रदान किया गया। वहीं सचिव वीरेंद्र वर्मा ने कहा कि हमारी संस्था पर्यावरण साफ सफाई और स्वच्छता संस्कृति एवं खेल कूद जैसे कार्यक्रम का आयोजन करती रही है ताकि बच्चों की प्रतिभा को निखारा जा सके। मौके पर उपाध्यक्ष संतोष यादव, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रतन कुमार पांडेय, उपसचिव सह खैरीडीह पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मुकेश पासवान, विजेंद्र पासवान, भोला वर्मा, अशोक शर्मा, कोषाध्यक्ष राजू प्रसाद वर्मा, मार्गदर्शक अर्जुन यादव, बाबूलाल यादव, महेंद्र यादव, सुरेश यादव, अशोक वर्मा, पावन यादव, अरुण पासवान, टिंकू, वार्ड सदस्य छत्रधारी प्रसाद वर्मा, वार्ड सदस्य सुरेंद्र दास समेत सैकडों ग्रामीणों उपस्थित थे ।

## पटना-आनंद विहार, सहरसा-नई दिल्ली सहित चलेंगी कई स्पेशल ट्रेनें

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए कई पूजा स्पेषल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है । इसी कड़ी में पटना-आनंद विहार, सहरसा-नई दिल्ली सहित कई फेस्टिवल स्पेषल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा ।

08477 भुवनेष्वर-आनंद विहार टर्मिनस स्पेषल 28.10.2023 को भुवनेष्वर से 10.00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 29.10.2023 को 14.30 बजे आनंद विहार टर्मिनस पहुंचेगी। वापसी में 08478 आनंद विहार टर्मिनस-भुवनेष्वर स्पेषल 01.11.2023 को 06.00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 02.11.2023 को 10.30 बजे भुवनेष्वर पहुंचेगी । यह ट्रेन नेसुबो गोमो, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्षन के रास्ते चलेगी ।

ऽ 05658 गुवाहाटी-आनंद विहार टर्मिनस स्पेषल 28.10.2023 को गुवाहाटी से 14.00 बजे प्रस्थान कर 30.10.2023 को 00.25 बजे आनंद विहार टर्मिनस पहुंचेगी। वापसी में 05657 आनंद विहार टर्मिनस-गुवाहाटी स्पेषल 02.11.2023 को आनंद विहार टर्मिनस से 00.30 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 03.11.2023 को 14.00 बजे गुवाहाटी पहुंचेगी । यह ट्रेन बरौनी, पाटलिपुत्र, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्षन के रास्ते चलेगी ।

ऽ 02383 कोलकाता-दिल्ली स्पेषल 28.10.2023 को कोलकाता से 16.55 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 29.10.2023 को 15.20 बजे दिल्ली पहुंचेगी। वापसी में 02384 दिल्ली -कोलकाता स्पेषल 01.11.2023 को दिल्ली से 23.55 बजे प्रस्थान कर 03.11.2023 को 00.45 बजे कोलकाता पहुंचेगी । यह ट्रेन धनबाद, गया, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्षन के रास्ते चलेगी।

## अपर समाहर्ता ने सुनी लोगों की शिकायतें



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अपर समाहर्ता विनोद कुमार ने शुक्रवार को समाहरणालय के सभागार में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतों को सुना। लोगों के आवेदनों को प्राप्त कर उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को शिकायत का निष्पादन करने के लिए निर्देशित किया। जनता दरबार में पारिवारिक मामले, स्वास्थ्य संबंधित मामले, रोजगार एवं शिक्षा से संबंधित मामले, जमीन से जुड़े मामले, प्रमाण पत्र निर्गत करने, बीपीएल कोटा में बच्चों के एडमिशन, काम कराकर वेतन नही देने के मामले, रास्ता रोकने के मामले सहित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई।

## 28 व 29 अक्टूबर को खेलो इंडिया राष्ट्रीय महिला किक बॉक्सिंग लीग

### इंडोर स्टेडियम, कला भवन व उत्सव भवन में होगा आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** भारत सरकार के भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा दिनांक 28-29 अक्टूबर को इंडोर स्टेडियम, कला भवन एवं उत्सव भवन (कला भवन के विपरीत) धनबाद में ÷खेलो इण्डिया÷ राष्ट्रीय महिला किक बाक्सिंग लीग का किया जा रहा है। इस लीग प्रतियोगिता में झारखण्ड सहित देश के अन्य राज्यों के लगभग 200 महिला खिलाड़ी एवं लगभग 50 तकनीकी अधिकारी भाग ले रहे है। झारखण्ड राज्य में ÷खेलो इण्डिया कार्यक्रम के अन्तर्गत महिला



खिलाड़ियों के बीच किक बाक्सिंग खेल को प्रोत्साहित करने हेतू भारतीय खेल प्राधिकरण का यह प्रयास सराहनीय है। झारखण्ड एमेच्योर स्पोट्स किक बॉक्सिंग एसोसियशन के अध्यक्ष बी. सी. ठाकुर ने बताया कि इस प्रतियोगिता हेतू ÷वाको इण्डिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन तथा भारतीय खेल प्राधिकरण के प्रेक्षक भी धनबाद पधार रहे है। उन्होंने बताया की प्रतियोगिता का उद्घाटन दिनांक 28 अक्टूबर को अपराह्न 03ः30 बजे मथुरा प्रसाद महतो, विधायक टुण्डी तथा पूर्णिमा नीरज सिंह, विधायिका, झरिया संयुक्त रूप से करेगें। पुरस्कार वितरण समारोह दिनांक 29 अक्टूबर को अपराह्न 04:00 बजे सम्पन्न होगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद के सांसद पशुपति नाथ सिंह तथा विशिष्टि अतिथि विधायक धनबाद राज सिन्हा रहेगें। आज के प्रेस वार्ता में अध्यक्ष बी सी ठाकुर, वरिय उपाध्यक्ष अनुपम महथा एवं सुनिल कुमार पटनायक, सचिव ओवैस अरफात, आई डी पासवान पूर्व खान निर्देशक उपस्थित थे।

## रविंद्र सिंह को बाजार समिति चैंबर ऑफ कॉमर्स ने किया सम्मानित

### प्रमुख समस्याओं से कराया अवगत



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शुक्रवार को बाजार समिति चैंबर ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधिमंडल कृषि विपणन परिषद झारखंड सरकार के अध्यक्ष रविंद्र सिंह से मिल बाजार समिति के व्यापारियों की ओर से पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया एवं बाजार समिति की प्रमुख समस्याओं से उनको अवगत कराया गया। प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल, सचिव गौरव गर्ग, कोषाध्यक्ष दीपक कटेसरिया, सुरेन्द्र जिंदल, अजय बंसल आदि व्यापारी उपस्थित थे।

## टोटो व स्कूटी शोरुम का हुआ उद्घाटन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** वासेपुर में दिनांक 27 अक्टूबर को जब्बार मस्जिद के सामने टोटो और स्कूटी शोरूम का उदघाटन पूर्व सांसद चन्द्रशेखर दुबे, कांग्रेस नेता मंजूर अंसारी, ललन चौबे, मुख्तार खान, शमशेर आलम, जब्बार मस्जिद के इमाम नौशाद अहमद नदवी एवं वार्ड संख्या 14 के निवर्तमान पार्षद मोहम्मद निसार आलम के द्वारा फीता काट कर किया गया। मौके पर बड़ी संख्या मे लोग उपस्थित थे। सभी ने शोरुम के संचालक को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## कुंजी में मतदाता प्रारूप का प्रकाशन किया गया



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बाघमारा अन्तर्गत महुदा क्षेत्र के सभी बूथों में मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन बीएलओ और बीएलओ सुपरवाईजर के द्वारा मतदाताओ के बीच में किया गया। उक्त कार्यक्रम में बीएलओ सुपरवाईजर भागीरथ सिंह ने कहा कि आज मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत उत्क्रमित उच्च विधालय कुंजी सहित सभी मतदान केन्द्रों में प्रकाशन किया जा रहा है, क्योंकि इस मतदाता का सूची में जो त्रुटि है तो अपना दावा एवं आपत्ती कर सकता हैं। कार्यक्रम में बीएलओ सुपरवाईजर भागीरथ सिंह, बिनोद महतो, मुमताज अंसारी, नईमुद्दीन अंसारी, गोपी चन्द महतो, अजय सरकार, गुडु पासवान, जमील अख्तर, इन्दु सिंह , प्रभारी प्रधानाध्यापक रागिनी कुमारी, प्रिया कुमारी, अंजना कुमारी, रूमा कुमारी सिन्हा, रंजित कुमार पाण्डा, साजदा खातुन, पुष्पा कुमारी, निरद वरन तिवारी, निर्मल, शैलेश, आरती ख्वास, सागर महतो, साबीर हुसैन, संजय कुमार महतो, राजेश कुमार महतो, अमित कुमार महतो, मोहतशिम उस्मानी, आदि उपस्थित थे।

# लचरागढ़ अहिर/यादव सामाजिक फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ समापन

➲मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री एनोस एक्का व विशिष्ट अतिथि के रूप में चुड़ामनि यादव व कुंवर गोप हुए शामिल

➲खेल हमें अनुशासन सिखाता है, खेल में अनुशासन पूरी तरह से बरकरार रखें और खिलाड़ी खेल को खेल के भावना से खेलें : एनोस एक्का

➲आने वाले दिनों में लचरागढ़ ईद टांड़ मैदान में खेल मैदान सहित कई बुनियादी सुविधाओं को विकसित किया जाएगा : एनोस एक्का



**प्रभात मंत्र संवाददाता**


**कोलेबिरा :** प्रखंड क्षेत्र के लचरागढ़ में शुक्रवार को आयोजित अहिर/यादव सामाजिक फुटबॉल टूर्नामेंट फुटबाल टूर्नामेंट का समापन किया गया। फाइनल मैच पालकोट बनाम मनोहरपुर हुआ जिसमें मनोहरपुर की टीम ने 1-0 जीत दर्ज की। खेल की शुरुआती मुख्य अतिथि झारखंड सरकार मंत्री रहे एनोस एक्का, अभय विश्वकर्मा, अल्पसंख्यक झापा जिलाध्यक्ष बदरूद्दीन अहमद, सत्येन्द्र ठाकुर, दीपू पंडा, विनय अग्रवाल, कुलेश सिंह, राजेश साहू, राजेश गोप, रोहित सिंह, बिरेंद्र सिंह खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए खेल का शुरूआत किया। पूर्व मंत्री एनोस एक्का सहित उपस्थित अतिथियों ने भगवान श्री राधा कृष्ण की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित करते हुए किया गया।वहीं पूर्व मंत्री के मैदान पहुंचते ही अहिर समाज के पदाधिकारी गण और चटकटोली के महिला सदस्यों के द्वारा मांदर के साथ सुंदर गीत और नृत्य प्रस्तुत कर भव्य स्वागत किया गया।पहला क्वार्टर फाइनल पबुड़ा और बंगरु के बीच हुई जिसमें बंगरु 1-0 से, वहीं पहला सेमीफाइनल मैच मनोहरपुर और जोगबहआर के बीच खेला गया जिसमें मनोहरपुर 2-0 से,सेकंड सेमीफाइनल पालकोट और बंगरु जिसमें 1-0 से पालकोट और फाइनल पालकोट और मनोहरपुर की टीम के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ जिसमें मनोहरपुर की टीम 1-0 से विजयी हुई। मौके पर दोनों ही टीमों को पूर्व मंत्री के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। **मौके पर अपने संबोधन में एनोस एक्का :** ने कहा कि गोप समाज के द्वारा खेल के बेहतर आयोजन के लिए समिति को धन्यवाद दिया।गोप समाज के इस सार्थक पहल पर अपने समाज की परंपरा को जीवित रखने के लिए समाज को संगठित करने का काम किया है इसके लिए मैं धन्यवाद देता हूं। आपके समाज के द्वारा आज मुझे जो सम्मान मिला है मैं धन्य हूं आगे भी आपके समाज के विकास के लिए मैं सामाजिक और आर्थिक हर रुप से मदद करूंगा।उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के आयोजन से खिलाड़ियों को अपने प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। वर्तमान समय में युवाओं को खेल के क्षेत्र में देश में सुनहरा अवसर मिल रहा है इस अवसर का भरपूर लाभ पोस्ट उठाएं। खेल को खेल भावना के साथ-साथ अनुशासन को पूरी तरह से बरकरार रखें ताकि आगे तक बेहतर खेल सकें। समिति के सदस्यों ने प्रतियोगिता का आयोजन में सहयोग देने वाले पूर्व मंत्री एनोस एक्का, चुड़ामनि यादव, कुंवर गोप व यादव सामाज के पदाधिकारी गणों का भी आभार व्यक्त किया उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में यहां खेल मैदान सहित कई बुनियादी सुविधाओं का विकसित किया जाएगा,उन्होंने कहा शुरू से ही मेरा इस क्षेत्र में लगाव रहा है और इस क्षेत्र में जब मैं मंत्री था तो आने को विकास कार्य हुए, लेकिन वर्तमान जनप्रतिनिधियों की लापरवाही की वजह से इस क्षेत्र में विकास की किरणे अब ग्रामीण क्षेत्रों तक नहीं पहुंच रही है। वर्तमान सरकार लूट खसूट में लगी हुई है। खिलाड़ियों को इस क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है, इस कारण ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ी बाहर नहीं आ पा रहे,लेकिन झारखंड पार्टी गांव-गांव जाकर प्रतिभावान खिलाड़ी को प्लेटफार्म देने का काम कर रही है, ताकि वह आगे चलकर जिले का नाम रोशन करें। जिस प्रकार से इस क्षेत्र में लगातार खेल के प्रति रुझान बढ़ रहा है, इसे पता चलता है कि खिलाड़ी खेल के प्रति पूरी तरह से समर्पित होकर खेल रहे हैं और लचरागढ़ ईद टांड़ मैदान में लगातार फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन होना बहुत ही अच्छी बात है खिलाड़ी बंधु और साथ-साथ खेल प्रेमियों के लिए भी।इससे लोग एकजुट होते हैं साथ ही खेल का आनंद लेते हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी लगातार विभिन्न क्षेत्रों में दौरा कर खेल आयोजन में शामिल हो रही है और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का काम भी कर रही है और आगे भी निरंतर करती रहेगी और अंत में उन्होंने आयोजन समिति के साथ-साथ सभी खिलाड़ियों को मेरी तरफ से ढेर सारी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्री एनोस एक्का पूर्व मंत्री झारखंड सरकार सह अध्यक्ष झारखंड पार्टी, विशिष्ट अतिथि-चूड़ामनी यादव, कुंवर गोप, रंजीत गोप समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष-दिनेश्वर गोप, समाज के वर्तमान जिलाध्यक्ष-रमेश गोप, कोलेबिरा थाना के ए.एस.आई ईश्वर मरांडी, पुलिस प्रशासन को की टीम, मीडिया बंधु गण अमित कुमार, धर्मवीर सिंह, दिनेश ठाकुर,अनुज कुमार साहू, खेल समिति के अध्यक्ष राजेश गोप, संरक्षक राजु गोप, उपाध्यक्ष मुन्ना गोप, सचिव सुभाष गोप, उपसचिव राजु गोप, सह सचिव प्रदीप गोप, कोषाध्यक्ष जरासन गोप, गोवर्धन गोप एवं सदस्यगण धीरज गोप, नीरज गोप, कृष्ण गोप, देवेंद्र, कमल, गौतम, रोहित एवं अर्जुन गोप, खेल के निर्णायक वीरेंद्र सिंह उर्फ मांगा और लाइन्स मेन नीरज कुल्लू और देवेंद्र गोप, सहित काफी संख्या में लोगों उपस्थित रहे।

## समाचार पत्र के माध्यम से अज्ञात शव का हुआ शिनाख्त परिजनों ने प्रशासन से शव का किया मांग



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नीचे तुरियाडीह सड़क दुर्घटना में अज्ञात साइकिल सवार अधेड़ की मौत के दो दिन बाद समाचार पत्र के माध्यम से हुआ शव का शिनाख्त। सेन्हा थाना क्षेत्र के नीचे तुरियाडीह में हुई सड़क दुर्घटना में साइकल सवार अज्ञात अधेड़ व्यक्ति का इलाज के दौरान मौत हो गया था। जिसके पश्चात शिनाख्त नही होने पर पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम करवा कर शव का पहचानी एवं सुरक्षित रखने को लेकर रांची रिम्स अस्पताल के शीत गृह में शव को रखा गया था। जिसकी पहचान समाचार पत्र के माध्यम से मृतक के परिजनों को सूचना मिला तो खबर की पुष्टि करते हुए सेन्हा थाना में पुलिस पदाधिकारी से संपर्क कर भंडरा थाना अंतर्गत बेदाल बुडका टाइन टोली निवासी धुरन महली के पुत्र हरि महली ने मृतक का पहचान करते हुए बताया कि मेरा बड़ा भाई हीरू महली है जो 23 अक्टूबर को बुडका टाइन टोली अपना घर से बहनोई राजेश महली के घर गढ़कसमार नवाडीह गया था। जहां नवमी को संधिबली कार्यक्रम के पश्चात दूसरे दिन घर आने के लिए निकला था। परंतु वह घर नही पहुंचा साथ ही बताते हुए कहा कि 26 अक्टूबर शाम 7 बजे समाचार पत्र के माध्यम से अज्ञात अधेड़ व्यक्ति की मौत की खबर सुन पुष्टि में छानबीन करने लगा तभी जानकारी हुआ कि मेरा भाई हीरू महली का सड़क दुर्घटना में मौत हो गया है। शव की पहचानी होने पर सेन्हा थाना को बताते हुए मृतक के भाई ने कहा हिन्दू रीति रिवाज से अंतिम संस्कार हेतु शव परिजनों को सौंपने का आग्रह किया गया है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कहा कि शव का शिनाख्त के उपरांत जांचोपरांत पहचानी पुष्टि करवाते हुए परिजनों को शव सौपने का अग्रतर कारवाई पुलिस द्वारा आरम्भ कर दिया गया है।

## युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष गुलाम जीलानी के नेतृत्व में किया गया रक्तदान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेन्हा प्रखंड का अरूं ग्राम निवासी बिरसमुनि उरावइन पति राजकुमार उराव,को डॉक्टरों को सलाह पर एक यूनिट B+ ब्लड की तत्काल आवश्यकता पड़ी और जरूरतमंदो ने युथ कांग्रेस से मदद की गुहार लगाई। इसकी जानकारी मिलते ही जिला उपाध्यक्ष गुलाम जीलानी की पहल पर युवा कांग्रेस के मनिया कुरैशी ने अपना साथी रिजवान कुरैशी बुला कर बिरसमुनि उरावइन को मौके पर एक यूनिट B+ पॉजिटिव रक्तदान कर जरूरतमंद कि मदद की और जीवनदान देने का कार्य किया। जिला उपाध्यक्ष गुलाम जीलानी ने कहा कि रक्त दान महा दान है,किसी को डरना नही चाहिए सभी को रक्तदान करना चाहिए युवा कांग्रेस हमेशा से जरूरतमंदो कि मदद करता रहा है सुरक्षित रक्त की जरूरत हर जगह है। इलाज के दौरान अक्सर सुरक्षित रक्त महत्वपूर्ण होता है। यह जीवन को बचाने वाली चिकित्सियि जरूरतों में से एक है। सभी प्रकार की आपात स्थितियों (प्राकृतिक आपदा, दुर्घटना, सशस्त्र संघर्ष, रोग, अत्यधिक रक्त स्राव आदि) के दौरान घायलों के इलाज के लिए रक्त भी अहम है और मातृ और नवजात देखभाल में एक आवश्यक, जीवन रक्षक भूमिका है। इसी रक्त के महत्व और रक्तदान के महत्व को सभी को समझना चाहिए और प्राणिमात्र कि भावना का विकास करना चाहिए। रक्तदान के लिए धन या ताकत की जरूरत नहीं होती है आप जिंदगी को बचाते है जब रक्तदान करने जाते हैं। मौके पर जिला महासचिव इमरोज़ अंसारी, सचिव सुहेल अख्तर,ि दपेश उरांव, अंकित तिग्गा, मनिया कुरैशी, रघु उरांव, अफजल जानु उपस्थित थे।

## किसानों को जैविक खेती का मिला प्रशिक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** जलडेगा प्रखंड के कोनमेरला पंचायत सभागार में लीड्स संस्था द्वारा आयोजित किसानों का दो हाई वैल्यू क्रॉप प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन शुक्रवार को किया गया। दूसरे दिन के प्रशिक्षण में किसानों को जैविक खेती करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में जलडेगा एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोनू सिंह ने किसानों को खेतों की शक्ति बनाए रखने के लिए जैविक खेती के महत्व के बारे मे जानकारी दी। कहा कि गुणवत्तापूर्ण, पौष्टिक फसल प्राप्त करने के लिए जैविक खेती आवश्यक है इसके साथ ही जैविक खेती में पानी की भी कम खपत होती है। रासायनिक खाद के दुष्प्रभाव से होने वाले नुकसान के बारे में बताया। इस मौके पर किसानों को जैविक खेती से होने वाले लाभ पर विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने किसानों को जीवामृत, घनजीवामृत, नीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र बनाने की विधि व जैविक खेती के लाभ के बारे में बताया। वहीं लीड्स संस्था के प्रखंड परियोजना समन्वयक आलोक कुमार ने कहा कि आज रसायनिक स्रोतों से हमारे खेत की उर्वरा शक्ति क्षीण होते जा रही है। इसलिए जैविक खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। इस प्रशिक्षण में पंचायत सचिव अमित आशीष डुंगडुंग, लीड्स संस्था के कार्यकर्ता मनोज बिंझिया, कुलदीप सुरीन, कलिंद्र प्रधान सहित किसान उपस्थित थे।

## ग्रामीण क्षेत्रों में छोटी ट्रांसफार्मर की चोरी होने की घटना थम नही रहा, ग्रामीणों में आक्रोश



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** घटना सदर प्रखण्ड क्षेत्र के मुंदो गांव की जहाँ सरकारी स्कूल के समीप लगे 10 केवी ट्रांसफार्मर की चोरी कर ली गई पिछ्ले महीने 11 सितंबर को भी गांव में 16 केवी ट्रांसफार्मर से कोइल चोरी कर ली गई थी यह दूसरी घटना है जिसे लोग काफी आक्रोशित है। गांव में गुरुवार की रात 10 केवी ट्रांसफार्मर से कॉईल की चोरी फिर से कर ली गई। रात में बिजली नही होने के कारण सुबह जब लोग ट्रांसफार्मर की तरफ गए तो देखा की ट्रांसफार्मर से तार की चोरी कर ली गई थी,इसके बाद से ग्रामीण आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले की जानकारी लेने की प्रयास किया जिसमें अभी तक चोरी से संबंधित किसी को कोई जानकारी उपलब्ध नहीं हो पाई है। इस मामले में भट्ठखिजरी पंचायत मुखिया को भी इसकी सूचना दी गई तथा निम्नवत कार्रवाई करते हुए क्षेत्रीय ऑपरेटर को सूचना कर विभाग को सूचित किए जाने की बात कही गई। ऐसे ही चोरी की घटना क्षेत्र में पिछले एक महीना में दो बार हो चुकी है। इस बार चोरों ने गांव में लगे ट्रांसफार्मर को अपना निशाना बनाया है। इस घटना के बाद लगभग 50 परिवार अंधेरे में रहने को मजबूर हो गए है।

## जल नल योजना कार्य मे उपयोग होने वाले उपकरण का अज्ञात चोरों ने किया चोरी

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के चितरी डाँडू पंचायत अन्तर्गत एकागुड़ी केड़ाटोली ग्राम में पेय जल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा जल नल मिशन के तहत साई कन्ट्रक्शन के द्वारा जल नल योजना का कार्य साई कन्ट्रक्शन के प्रतिनिधि लोहारदगा निवासी कन्हाई राजगढ़िया द्वारा कराया जा रहा है। जल नल निर्माण के लिये उपयोग में लाया जाने वाला लोहे का उपकरण था। जिसमें पावा 6, चैनल 8 और पिलर 28 पीस था। जिसे गुरुवार की रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा लगभग 4 लाख मूल्य का सटेक्च समान का चोरी कर लिया गया। जिसे साई कन्ट्रक्शन के प्रतिनिधि कन्हाई राजगढ़िया द्वारा सेन्हा थाना में आवेदन देते हुए पुलिस प्रशासन से करवाई का मांग किया गया है। वही प्राप्त आवेदन के आधार पर सेन्हा थाना में कांड दर्ज कर पुलिस अग्रतर करवाई में जुट गई है।

## उपायुक्त ने जिला के विभिन्न मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 अंतर्गत उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा आज जिला के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया और संबंधित बीएलओ के साथ सेल्फी ली गई। इन मतदान केंद्रों में राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मन्हो का मतदान केंद्र संख्या 214, राजकीय बुनियादी विद्यालय हिरही का मतदान केंद्र संख्या 207, 208, नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत राजकीयकृत बालिका मध्य विद्यालय लोहरदगा का मतदान केंद्र संख्या 281, राजकीयकृत बालिका उच्च विद्यालय का मतदान केंद्र संख्या 279 एवं 280 शामिल है। उपायुक्त द्वारा उप निर्वाचन पदाधिकारी लोहरदगा को नये बीएलओ का प्रशिक्षण कराये जाने का निदेश दिया गया। निरीक्षण के दौरान बीएलओ को मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के अंतर्गत आवश्यक प्रपत्रों को भरे जाने, मतदाता की अर्हता तिथि आदि से अवगत कराया गया। आज इस निरीक्षण में उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो, नगर परिषद प्रशासक जयपाल सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

## विधायक भूषण बाड़ा के पहल पर जिले में खेल मैदान का हुआ विस्तार खिलाड़ियों को मिल रही है सीधी नौकरी : जोसिमा खाखा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कुरडेग भिखारियेट काथलिक सभा के तत्वावधान में हॉकी प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच खेला गया। प्रतियोगिता का उदघाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता में सातों पल्ली के प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में झरैन ने ढिंगुरपानी को 3-1 से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। मौके पर जोसिमा खाखा ने विजेता व उपविजेता बनने वाली टीम को सम्मानित करने के लिए कमेटी को ट्रॉफी व नगद राशि प्रदान किया। जोसिमा खाखा ने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा और महागठबंधन की सरकार लगातार खेल प्रतिभा को निखारने में लगी है। लगातार खेल प्रतिभा को आगे बढाने का काम कर रहे हैं। खिलाड़ियों को मंच दे रहे हैं। उन्हें बार बार मौका दिया जा रहा है। आज से रांची में हॉकी एशिया कप शुरू हो रही है। एशिया कप देखने के लिए महागठबंधन की सरकार ने टिकट नहीं ले रही है। मैच देखने के लिए किसी तरह का कोई शुल्क नहीं लगाया जा रहा है। ताकि ग्रामीण क्षेत्र के होनहार खिलाड़ी भी मैदान में जाकर देश एवं विदेश के कई दिग्गज खिलाड़ियों का खेल देख सकेंगे और उनके खेल को देखकर अपना खेल प्रतिभा भी निखार सकेंगे। यह महागठबंधन की सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा सिमडेगा जिले में भी खेल प्रतिभा को आगे बढ़ाने में लगे हैं। विधायक खेल के क्षेत्र में कई अनगिनत पहल किये हैं। जिसका नतीजा यह हुआ कि आज गांव गांव में बेहतर खेल मैदान बनाए गए हैं। इंडोर स्टेडियम, अंतरराष्ट्रीय सुविधा युक्त हॉकी स्टेडियम, टर्फ स्टेडियम सहित न जाने कितने ही खेल मैदान का भी निर्माण हुआ। उन्होंने कहा कि आज खिलाड़ियों को सीधी नौकरी देकर राज्य सरकार ने खिलाड़ियों के सुनहरा भविष्य का द्वार खोल दिया है। जोसिमा खाखा ने कहा कि सिमडेगा जिला खेल की नगरी रही है। और इस क्षेत्र से आज भी सैंकड़ो हॉकी खिलाड़ी विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी कर रहे हैं। हॉकी खेल ने सिमडेगा को अलग पहचान दिलाई है। अब आप जैसे युवा और प्रतिभावान खिलाड़ियों के हाथ है कि आप खेल के क्षेत्र में सिमडेगा जिला की पहचान कहाँ तक ले जाते हैं। वही केरसई जिप सदस्य प्रेमा बाड़ा ने कहा कि खिलाड़ी खेल को खेल भावना से खेलें। खेल अब रोजगार पाने का बेहतर जरिया बन चुका है। आप अपनी खेल प्रतिभा में लगातार निखार लाने के लिए प्रयत्न करें। मौके पर फ़ा बोनिफास, पीटर खाखा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष तुलसी परंगत खलखो, मुखिया राहुल तिग्गा, मुखिया मुंश खेस, पूर्व मुखिया फ्रांसिस खलखो, विजय बेक,प्रतिमा कुजूर, उर्मिला केरकेट्टा, आयोजन समिति के अध्यक्ष सुशील, प्रदीप सहित सातों पल्ली के सदस्य उपस्थित थे।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव के0 रवि कुमार ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** के0 रवि कुमार,मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव झारखंड के द्वारा आज शुक्रवार को लोहरदगा जिला के भंडरा प्रखंड में ड्रॉप पब्लिकेशन के क्रम वाचन निरीक्षण में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 69-बिशुनपुर का मतदान केंद्र संख्या 80 एवं 81 का निरीक्षण किया गया। बीएलओ से प्राप्त जानकारी के बाद मतदाताओं का एपिक कार्ड जिसका स्पीड पोस्ट के माध्यम से पोस्ट ऑफिस के द्वारा वितरण किया जाता है, की समीक्षा के क्रम में बीएलओ द्वारा मतदाता अंजली कुमारी का मतदाता पहचान पत्र के संबंध में डिलीवरी की जानकारी हेतु मसमानो पोस्ट ऑफिस का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में पोस्ट ऑफिस में 19 मतदाता पहचान पत्र अन-डिलीवर्ड पाया गया। इसके विषय में बीपीएम और पोस्टमैन से पूछताछ की गई जिनके द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। सभी मतदाता कार्ड का आर्टिकल नंबर और एपिक नंबर का डिलीवरी का जांच करने हेतु अपने साथ संख्या के साथ सूची बनाकर सूची से वेरीफाई करने के लिए साथ ले गए। पोस्ट ऑफिस के द्वारा एपिक कार्ड वितरण में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया। आज इस मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम, प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत सिन्हा, अंचल अधिकारी दिनेश गुप्ता, संबंधित बीएलओ सुपरवाइजर, बीएलओ आदि उपस्थित थे।

कैरो प्रखंड के सभी 37 मतदान केन्द्रों पर मतदाता सुचि प्रारूप का किया गया प्रकाशन

## सूची की प्रविष्टि में त्रुटियों को 01 माह के अन्दर डोर-टू-डोर जाकर सभी बीएलओ करें ठीक : बीडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 27 अक्टूबर शुक्रवार को प्रखंड के सभी मतदान केन्द्रों पर मतदाता सूची प्रारूप का किया गया प्रकाशन। इस अवसर पर प्रखंड के 167, 168, 169, 172 मतदान केन्द्र पर कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो ने मतदान केंद्र पहुँचकर आम लोगों के समक्ष मतदाता सूची प्रारूप का प्रकाशन करते हुए प्रविपदा0 ने कहा कि प्रथम चरण पुर्व में सभी बीएलओ के द्वारा डोर-टू-डोर जाकर मतदाता सूची में त्रुटीयों को मृत हुये व्यक्तियों का सुचि मे नाम हटाकर आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिले के उपायुक्त के निर्देश पर प्रारूप का प्रकाशन की जा रही है। यह प्रारूप मे यदि अब भी कुछ त्रुटियाँ अवशेष रह गई है तो द्वितीय चरण मे सभी बीएलओ डोर-टू-डोर घर घर मतदाताओं के बीच जाकर सुचि के प्रविष्टि मे त्रुटियों को 01 माह के अन्दर ठीक करने का कार्य करेंगे। दिनांक 27 अक्टूबर शुक्रवार को प्रखंड के हनहट, सढ़ाबे, कैरो, नरौली, गजनी, व गुड़ि पंचायत मे पड़ने वाले सभी मतदान केन्द्रों पर मतदाता सुचि का आम लोगो के बीच प्रकाशन कर सेल्फी भी ली गई। इस अवसर पर मतदान केंद्र पर प्रखंड विकास पदाधिकारी पवन कुमार महतो, दिनेश कुमार, अमन शिखर, मुखिया वीरेंद्र महली, आम मतदाता जगदीश साहू, बीएलओ पंचम एतवा पहान, सुचित्रा लकड़ा, सुनीता देवी, नसीमा खातून, बबिता देवी, परमिला उराँव, मरियम कुजुर प्रतिमा देवी, गायत्री देवी, ममता देवी इत्यादि बीएलओ के द्वारा अपने अपने मतदान केन्द्रों मतदाता सूची प्रारूप का प्रकाशन किया गया।

## कुरडेग के विभिन्न ग्रामों में पुर्व मंत्री एनोस एक्का ने ग्रामीणों संग की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुरडेग :** कुरडेग प्रखण्ड के बैधमा, बरटोली, छाताकाहु, खरवाटोली में पुर्व मंत्री एनोस एक्का ने ग्रामीणों संग बैठक करते हुए उनकी समस्याएं सुनी इस दौरान ग्रामीणों ने नाच गान करते हुए भव्य तरीके से उनका स्वागत किया साथ ही झारखण्ड पार्टी का पुर्ण समर्थन करने की बात कही ग्रामीणों ने मुख्यतः सड़क, पानी, सिचाई के लिए बिजली की समस्या रखी ग्रामीणों ने बताया कि गाँव की समस्या को लेकर पुर्व से लेकर वर्तमान विधायक तक समस्या दूर करने के लिए कहा गया लेकिन किसी प्रकार की सुनावाई नही होती है बैधमा के ग्रामीणों ने कहा कि जर्जर सड़क के कारण एम्बुलेंस भी गाँव में नही आती है ग्रामीणों की समस्या सुनने के बाद पुर्व मंत्री श्री एक्का ने कहा कि जन प्रतिनिधि की लापरवाही से ये समस्या उत्पन्न हुई है यहाँ आज तक कांग्रेस और भाजपा जैसी राष्ट्रीय पार्टी के विधायक चुनाव जितते आए हैं जो चुनाव जीतने के बाद गाँवों की ओर देखना भी पसन्द नही करते भाजपा और कांग्रेस के बिधायक प्रतिनिधित्व मिलने के वावजूद भी ग्रामीणों की मुलभूत सुविधाओं को पूरा नहीं कर पाये ये दोनो पार्टी सिर्फ जाति धर्म के नाम पर लोगों को डराकर वोट लिया है और ठगने का काम किया है कांग्रेस आर एस एस , बजरंग दल , विश्व हिन्दू परिषद से डर दिखाकर वोट लिया तो भाजपा हिन्दुत्व बचाने के नाम पर। उन्होने उपस्थित लोगों को झापा से जुड़कर प्रतिनिधित्व देने का आग्रह करते हुए कहा कि एक बार झापा को क्षेत्र से जिताकर देखें कैसे विकास की गंगा बहेगी आप स्वयं देखेगे बैंधमा के ग्रामीणों के सड़क मांग पर उन्होने कहा कि भले ही आज मैं बिधायक मंत्री नही हु लेकिन घर घर जाकर मैं आप लोगों की सेवा करूंगा बहुत जल्द आप लोगों का सड़क बना दिया जाएगा वही उन्होंने कहा कि क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं को दूर करना उनकी पहली प्राथमिकता है क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं के लिए हमेशा से ही झापा संघर्षरत है मौके पर जिला अध्यक्ष मतियस वागे, कोचेडेगा मुखिया शीशीर टोप्पो, कुरडेग मुखिया उर्मीला कुजूर, विनोद बारला, जीशान खान, समी खान, किशोर बारला, हीरा धनवार, बिनोंद डंगवार, एवं भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## गैंगरेप आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**कैरो-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैरो थाना क्षेत्र में एक नाबालिक लड़की के साथ रेप का मामला प्रकाश में आया है। जिले किस्को थाना क्षेत्र के एक 13 वर्षीय नाबालिक लड़की कैरो प्रखंड के नगड़ा गांव में जतरा देखने आई थी। 22 अक्टूबर की रात्रि कुडू प्रखंड के लवागाई गांव के दो युवक बालिका को अपने साथ ले गए और गैंगरेप किया। लड़की के बयान पर कैरो थाना में लवागाई निवासी आरोपी चंदर उरांव 19 वर्ष और शैलेष उरांव 20 वर्ष के खिलाप मामला दर्ज किया गया। कैरो थाना कांड संख्या 48/23 धारा 376 डी (ए) आईपीसी पोस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी चन्दर उरांव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**चलते चलते एक नजर**

## भारत दूरसंचार प्रौद्योगिकी निर्माता और निर्यातक के तौर पर उभर रहा : अश्विनी वैष्णव



**नई दिल्ली :** केंद्रीय संचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत एक दूरसंचार प्रौद्योगिकी निर्माता और निर्यातक के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की ओर दुनिया उम्मीद भरी नजरों से देख रही है।अवश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को 'इंडिया मोबाइल कांग्रेस' 2023 के उद्घाटन सत्र में अपने संबोधन में यह बात कही। वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्पष्ट दृष्टि और नेतृत्व से प्रेरित होकर दूरसंचार क्षेत्र ने संपर्क, सामर्थ्य तथा मानकों पर कई मील के पत्थर हासिल किए हैं। साथ ही मुकदमेबाजी तथा 2जी घोटाले के साये से बाहर निकल गया है।संचार मंत्री वैष्णव ने देश में 5जी सेवाओं के तेजी से शुरू होने और भारत के स्पष्ट 6जी दृष्टिकोण का हवाला देते हुए कहा कि दूरसंचार, डिजिटल का मार्ग प्रशस्त करता है। इससे पहले राजधानी नई दिल्ली के भारत मंडपम में इंडिया मोबाइल कांग्रेस के 7वें संस्करण का प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी ने उद्घाटन किया।उल्लेखनीय है कि इंडिया मोबाइल कांग्रेस' 2023 का यह सातवां संस्करण है। इसमें 22 देशों के लगभग एक लाख लोगों के शामिल होने का अनुमान है। इसमें मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) स्तर के 5000 प्रतिनिधि और 400 स्टार्टअप शामिल हो रहे हैं।

## अंजुमन इस्लामिया जेनरल बॉडी की बैठक 29 को

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंजुमन इस्लामिया रांची के मजलिसे मुन्तजमा (जेनरल बॉडी) की बैठक 29 अक्टूबर को रिसालदार बाबा मजार मैदान में बुलायी गयी है। अध्यक्ष हाजी मोख्तार ने शुक्रवार को बताया कि अंजुमन इस्लामिया के बायलॉज की दफा 22 (ए), 35 एवं 36 के मुताबिक बैठक बुलायी गयी है। इसमें विभिन्न मुद्दों और किये गए कार्यों की समीक्षा की जायेगी।

## जदयू ने प्रमंडलीय संगठन प्रभारी की घोषणा की

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रदेश जदयू अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने पार्टी को मजबूत करने के लिए विभिन्न प्रमंडलों में संगठन प्रभारी मनोनीत किया है। साथ ही पंचायत और बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने के लिए निर्देशित किया है। यह जानकारी प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने शुक्रवार को दी। **ये बने प्रमंडलीय संगठन प्रभारी:** हाजी हसिब खां - पूर्व उपाध्यक्ष, प्रभारी, दक्षिण छोटनागपुर प्रमंडल अशोक चौधरी, पूर्व उपाध्यक्ष प्रभारी संथाल परगना प्रमंडलशैलेंद्र महतो, पूर्व संयोजक प्रभारी पलामू प्रमंडल मुन्ना मल्लिक - प्रदेश महासचिव प्रभारी, उतरी छोटानागपुर प्रमंडल श्रवण कुमार - प्रदेश महासचिव प्रभारी, कोलहान प्रमंडल।

## अवैध बालू उठाव रोकने में असफल सिल्ली थानेदार सस्पेंड

**रांची ।** लगातार अवैध बालू उठाव और इसके परिचालन पर रोक लगाने में असफल साबित हो रहे सिल्ली थानेदार आकाशदीप को वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने सस्पेंड कर दिया। इससे संबंधित अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। इससे पहले भी वरीय पुलिस अधीक्षक की ओर से पत्राचार कर स्पष्टीकरण मांगा गया था। लेकिन थाना प्रभारी आकाशदीप का जवाब संतोषजनक न होने के कारण यह कार्रवाई की गई हैं। बता दें कि वरीय पुलिस अधीक्षक की क्यूआरटी ने पकड़ा था अनगड़ा में बालू लोड गाड़ी। जिसके बाद जांच में पाया गया कि सिल्ली से बालू का उठाव हर दिन हो रहा हैं।

# देश में आंतरिक सुरक्षा संभालने में टेक्नोलॉजी का होगा अहम रोल : शाह

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज कहा कि आने वाले दिनों में देश की आंतरिक सुरक्षा संभालने में टेक्नोलॉजी का एक अहम रोल होने वाला है। इसी को देखते हुए मोदी सरकार ने %पुलिस टेक्नोलॉजी मिशन% की स्थापना की। इसका उद्देश्य देश की पुलिस सेवाओं को टेक्नोलॉजी की दृष्टि से विश्व में सबसे सुसज्जित बनाना, पुलिसिंग में और देश की आंतरिक सुरक्षा संभालने में टेक्नोलॉजी का उपयोग बढ़ाना और पुलिस टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अपराधियों से हमेशा दो




कदम आगे रहे, ऐसी व्यवस्था करना है। शाह ने शुक्रवार को हैदराबाद में सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी में पासिंग आउट परेड के निरीक्षण के बाद 75वें बैच को संबोधित करते हुए कहा कि आज यहां से दीक्षित हो रहा 75 आरआर बैच का बहुत महत्व है, क्योंकि जब देश आजादी की शताब्दी मनाएगा तब आप लोग पुलिस व्यवस्था में 25 वर्ष की सेवा के बाद नेतृत्व कर रहे होंगे और देश की आंतरिक सुरक्षा की जिम्मेदारी आपके हाथों में होगी। आप इस मौके को अपने परिश्रम, निष्ठा, बलिदान और देश के प्रति समर्पण से इसे और ऐतिहासिक बनाएं। शाह ने कहा कि 75 आरआर बैच में 175 प्रशिक्षु अधिकारियों में 34 महिला अधिकारी हैं, जो अब तक सबसे बड़ा महिला भागीदारी का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ हमने जीरो टॉलरेंस की पॉलिसी अपनाई है। अब हमें इससे आगे बढ़कर जीरो टॉलरेंस स्ट्रेटेजी और जीरो टॉलरेंस एक्शन की ओर जाना है।

## झारखंड में सुबह-शाम की ठंड शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के कई जिलों में अब ठंड का एहसास होने लगा है। सुबह और शाम को चलने वाली ठंडी हवाओं ने गर्म कपड़ों की जरूरत को महसूस कराना शुरू कर दिया है। मौसम विभाग ने संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में ठंड की रफ्तार और तेज होगी। तापमान में और गिरावट दर्ज की जायेगी। राज्य में हिमालय और उत्तर भारत से आ रही ठंडी हवाओं के कारण ठंड महसूस होने लगी है। मौसम शुष्क और धूप के कारण अभी ठंड का ज्यादा एहसास होगा। रांची मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव की वजह से मौसम अपना मिजाज बदल रहा है। साईक्लोन सर्कुलेशन का असर राज्य में कुछ हिस्सों में आंशिक रूप से बादल नजर



आयेंगे। संभावना व्यक्त की है कि राजधानी रांची, देवघर, सिमडेगा, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, बोकारो, सरायकेला, गोड्डा, साहेबगंज और पाकुड में बादल नजर आयेंगे और हल्की बारिश हो सकती है। रांची का न्यूनतम तापमान 18.6 दर्ज की गई है जबकि डालटनगंज में सबसे कम तापमान 17.7 दर्ज की गई है।

## रांची में कांग्रेस का लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन प्रशिक्षण कार्यक्रम 28 को

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में शनिवार को लीडरशीप डेवलपमेंट मिशन का प्रशिक्षण कार्यक्रम रांची के मोरहाबादी गीतांजलि बैंक्वेट हॉल में आहूत किया गया है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में झारखण्ड प्रभारी अविनाश पांडे , के राजू, नेशनल को-ऑर्डिनेटर, अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष राजेश लिलोठिया एवं प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर उपस्थित रहेंगे।प्रदेश कांग्रेस के महासचिव राकेश सिन्हा ने शुक्रवार को बताया कि 28 को ही झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी की ओर से चलाये जा रहे आ अब लौट चले अभियान '' के तहत कई पुराने और नये लोगों का कांग्रेस में वापसी हो रहा है। इसी के तहत पूर्व शिक्षा मंत्री, गीताश्री उरांव ईटकी रोड़ मेजर कोठी के पास आगमन बैंक्वेट हॉल में कांग्रेस का सदस्यता ग्रहण करेंगी। इस कार्यक्रम में झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर उपस्थिति रहेंगे। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे शुक्रवार को रांची पहुंचे। एयरपोर्ट पर कांग्रेस नेताओं ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वह धनबाद रवाना हो गए। उल्लेखनीय है कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी की ओर से अयोजित उदयपुर चिंतन शिविर में यह निर्णय लिया गया था कि एससी और एसटी आरक्षित संसदीय और विधानसभा क्षेत्र में वचिंत वर्गों के बीच नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए लीडरशीप डेवलपमेंट मिशन (एलडीएम ) नेतृत्व विकास ध्येय चलाने का संकल्प लिया गया था। इसमें एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यकों की भूमिका सक्रिय होगी।

# विश्व कप : रोहित शर्मा नए कीर्तिमान के करीब

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** वनडे वर्ल्ड कप में टीम इंडिया काफी अच्छी प्रदर्शन कर रही है। भारत ने अभी तक टूर्नामेंट में कुल पांच मैच खेले हैं, जहां उन्होंने सभी मुकाबलों में जीत हासिल की है। टीम इंडिया के ऐसे प्रदर्शन के पीछ हिटमैन रोहित शर्मा का काफी ज्यादा योगदान है। रोहित और वनडे वर्ल्ड कप इन दोनों का काफी पुराना रिश्ता रहा है। वनडे वर्ल्ड कप आते ही रोहित का बल्ला आग उगलना शुरू कर देता है। पिछ्ले वनडे वर्ल्ड कप से ही रोहित शर्मा ऐसा करते आ रहे हैं। ऐसा ही कुछ इस साल भी नजर आ रहा है। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा इस वनडे वर्ल्ड कप काफी शानदार फॉर्म में नजर आ रहे हैं। रोहित शर्मा ने अभी तक खेली गई पांच पारियों में 62.20 की औसत से 311 रन बनाए हैं। जहां उनका स्ट्राइक रेट 133.48




का रहा है। अब रोहित शर्मा एक और कीर्तिमान के काफी नजदीक है। रोहित शर्मा वर्ल्ड कप में अगर अपने शानदार फॉर्म को जारी रखते हैं तो वह न जाने कितने रिकॉर्ड तोड़ देंगे। लेकिन फिलहाल को कप्तान रोहित एक खास रिकॉर्ड के बेहद करीब हैं। रोहित शर्मा इंग्लैंड के खिलाफ 29 अक्टूबर को खेले जाने वाले मुकाबले में अपने 18000 इंटरनेशनल रन से सिर्फ 47 रन दूर हैं। रोहित शर्मा इंग्लैंड के खिलाफ सिर्फ 47 रनों की पारी खेल देते हैं तो वह 18000 रन बनाने वाले दुनिया के 20वें खिलाड़ी बन जाएंगे। रोहित शर्मा ने इंटरनेशनल करियर पर एक नजर डालें तो उन्होंने 456 मैचों में 17953 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका औसत 43.36 का रहा है। वहीं स्ट्राइक रेट 86.71 का है। रोहित शर्मा ने इंटरनेशनल क्रिकेट में कुल 45 शतक भी जड़ा है।

### वर्ल्ड कप में रोहित शर्मा के रिकॉर्ड

वनडे वर्ल्ड कप में रोहित शर्मा का रिकॉर्ड काफी शानदार है। उन्होंने वनडे वर्ल्ड कप में 22 मैचों में 64.45 की औसत और 102.95 की स्ट्राइक रेट से कुल 1289 रन बनाए हैं। रोहित शर्मा ने इस दौरान 7 शतक और 4 अर्धशतक भी जड़े हैं। रोहित शर्मा वनडे वर्ल्ड कप इतिहास में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में पहले स्थान पर हैं। ऐसे में न्यूजीलैंड के लिए रोहित शर्मा को रोक पाना आसान नहीं होगा। वहीं भारतीय टीम को इंग्लैंड के खिलाफ अपने पिछले टी20 वर्ल्ड कप से सेमीफाइनल वाली हार का बदला लेना है तो कप्तान रोहित का चलना बहुत ज्यादा जरूरी है।

# महुआ मोइत्रा ने संसद की आचार समिति के समक्ष पेश होने के लिए पांच नवंबर तक का मांगा समय

**एजेंसी**

**नई दिल्ली:** तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा ने संसद की आचार समिति के समक्ष 31 अक्टूबर को पेश होने में असमर्थता दर्शाई है। उन्होंने व्यवस्तथाओं का हवाला देते हुए कहा है कि वे 5 नवंबर के बाद किसी भी तारीख को समिति के समक्ष पेश हो सकती हैं। महुआ ने आचार समिति की ओर से भेजे गए समन के जवाब में पत्र लिखा है, जिसे उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल से भी साझा किया है। महुआ का कहना है कि आचार समिति को न्याय की दृष्टि से पहले सांसद निशिकांत दुबे और वकील की शिकायत पर उन्हें सुनना चाहिए था। सांसद ने पेश होने में असमर्थता की बात कहते हुए पत्र में इस बात का जिक्र किया है कि सांसद रमेश बिधूड़ी भी चुनावी व्यवस्थताओं का हवाला देते हुए समिति के समक्ष पेश नहीं हो रहे हैं। ऐसे में उन्हें भी समय



दिया जाना चाहिए। उनके यहां दुर्गा पूजा एक बड़ा त्योहार है। वे अपने क्षेत्र में इसके चलते व्यस्त है। वे इस दौरान दिल्ली में भी नहीं है। तृणमूल नेता ने समिति के अध्यक्ष के मीडिया को दिए बयान पर सवाल उठाया है और कहा है कि उन्हें आधिकारिक जानकारी देने से पहले मीडिया में बयान दिया गया है। उन्होंने कहा कि सभी शिकायतें और स्वतः संज्ञान संबंधी हलफनामे भी मीडिया को जारी किए गए। महुआ मोइत्रा ने मांग की कि हीरानंदानी को भी समिति के समक्ष पेश होना चाहिए। साथ ही उन्हें बिजनेसमैन को क्रास एक्जामिन करने का भी अवसर मिलना चाहिए।

उन्होंने उनके खिलाफ समिति को भेजे पत्र में और टीवी चैनल को दिए साक्षात्कार में गंभीर आरोप लगाए हैं। इन आरोपों में तथ्य नहीं है। उन्होंने उपहार लिये हैं तो उसका ब्यौरा भी होना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ दुर्भावना से प्रेरित कैंपन चलाया जा रहा है। ऐसे में उन्हें अपने आपका बचाव करने का पर्याप्त अवसर मिलना चाहिए। वे विपक्ष की नेता के नाते कार्पोरेट स्कैम और राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर मुखर होकर अपनी बात रखती हैं। लोकसभा की आचार समिति की गुरुवार को बैठक हुई। बैठक में तृणमूल कांग्रेस महुआ मोइत्रा को 31 अक्टूबर को 'पैसे के बदले प्रश्न' मामले में उसके समक्ष प्रस्तुत होने के लिए कहा गया है। समिति ने गृह मंत्रालय और आईटी मंत्रालय से जांच में सहयोग मांगा है।

समिति ने कल मामले में वकील जय अनंत देहाद्राई और भाजपा नेता निशिकांत दुबे के बयान दर्ज किए। सूत्रों के मुताबिक संसद की आचार समिति इस बात से सहमत है कि तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा पर लगे आरोप बेहद गंभीर हैं और समिति उन पर गंभीरता से विचार करेगी।

## भाजपा ने ओम धनखड़ को राष्ट्रीय सचिव और नायब को हरियाणा का नया प्रदेश अध्यक्ष बनाया

**नई दिल्ली :** हरियाणा भाजपा के मौजूदा अध्यक्ष ओपी धनखड़ को राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही पार्टी ने कुरुक्षेत्र के सांसद नायब सिंह सैनी को हरियाणा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। ये नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। शुक्रवार को राष्ट्रीय महासचिव और मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने ओम प्रकाश धनखड़ को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय सचिव नियुक्त किया है और नायब सिंह सैनी,को भारतीय जनता पार्टी हरियाणा का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि हरियाणा के साथ अगले साल आम चुनाव होने हैं। ऐसे में नायब सिंह सैनी को हरियाणा विधानसभा चुनाव की बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। नायब सिंह सैनी स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य भी हैं।

# विश्व कप : साउथ अफ्रीका ने पाकिस्तान को हराया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली.** वर्ल्ड कप में बड़े उलटफेर का शिकार होने वाली साउथ अफ्रीका की टीम विजयरथ पर सवार हो चुकी है. पाकिस्तान के खिलाफ वर्ल्ड कप में अपना छठा मुकाबला खेलने उतरी साउथ अफ्रीका ने जीत का सिलसिला जारी रखा है. पाकिस्तानी टीम इस मुकाबले में चार खिलाड़ियों के चक्रव्यू में फंसती नजर आई. जिसमें 2 गेंदबाज भी शामिल हैं. पहले बैटिंग करने उतरी पाकिस्तान ने दो अर्धशतकों की बदौलत साउथ अफ्रीका के सामने 271 रन का लक्ष्य रख दिया था.गेंदबाजी में साउथ अफ्रीका ने शानदार शुरुआत की. टीम के स्टार पेसर मार्को यान्सन ने तीन विकेट हासिल किए, जिसमें दोनों ओपनर्स भी शामिल हैं. हालांकि, पाकिस्तान की तरफ से कप्तान बाबर आजम ने 65 गेंद में 50 रन की पारी खेली.



इसके अलावा सऊद शकील ने 52 गेंद में 52 रन बनाए. इन दोनों बल्लेबाजों के बाद पाकिस्तान की टीम बड़ी मुश्किल में नजर आई. हालांकि, शादाब खान ने मोर्चा संभाला और 43 रन की पारी खेलकर स्कोर को बूस्ट किया.पाकिस्तान ने गेंदबाजी में अच्छी शुरुआत की. डिकॉक, डुसेन और क्लासेन जैसे दिग्गज खिलाड़ियों को पाकिस्तानी गेंदबाजों ने देर तक टिकने नहीं दिया. लेकिन दूसरे छोर पर एडन मार्करम अंगद की तरह क्रीज पर जमे रहे. उन्होंने मुश्किल समय में टीम के लिए शानदार शतकीय पारी खेली. दूसरी तरफ से लगातार विकेट गिरते रहे जिसके चलते यह मुकाबला अंतिम समय तक तराजू पर रखा रहा. मार्करम ने 93 गेंद में 91 रन की शानदार पारी को अंजाम दिया. बदकिस्मती से वे शतक से 9 रन दूर रह गए. साउथ अफ्रीका ने इस मुकाबले में 1 विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की.वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के लिए मुश्किलें बढ़ चुकी हैं.

# दिल्ली जाने के लिए आज से चलेगी स्पेशल ट्रेन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** दुर्गा पूजा के खत्म होने के बाद दिल्ली लौटने वाले यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखते हुए हटिया से दिल्ली के बीच स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जायेगा।

रांची रेल मंडल के मुताबिक, ट्रेन संख्या 08857 हटिया नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन की यात्रा 28 अक्टूबर और ट्रेन संख्या 08858 नई दिल्ली-रांची स्पेशल ट्रेन की यात्रा एक नवंबर को होगी। इन ट्रेनों में एसएलआरडी के 02 कोच, सामान्य श्रेणी के 10 कोच, द्वितीय श्रेणी स्लीपर क्लास के 11 कोच, एवं रसोई यान का 01 कोच , कुल 24 कोच होंगे।

28 अक्टूबर को ट्रेन हटिया से रात 8:15 मिनट पर प्रस्थान करेगी। रांची से प्रस्थान 8:50 बजे, मुरी से प्रस्थान 10 बजे, बोकारो स्टील सिटी से प्रस्थान 11 बजे, गोमो से प्रस्थान रात बारह बजे, कोडरमा आगमन से प्रस्थान रात एक बजकर 20 मिनट पर होगा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय से प्रस्थान सुबह 07:55 बजे, प्रयागराज से प्रस्थान 11:55 बजे, कानपुर से प्रस्थान 2:20 मिनट पर, नयी दिल्ली आगमन रात के 11 बजे होगा।

ट्रेन संख्या 08858 नई दिल्ली रांची स्पेशल ट्रेन की यात्रा एक नवंबर को होगी। इस दौरान ट्रेन नई दिल्ली से प्रस्थान 23:30 बजे करेगी। कानपुर आगमन सुबह छह बजे होगा। प्रयागराज से प्रस्थान 9:40 बजे, पंडित दीनदयाल उपाध्याय आगमन 01:05, गया से प्रस्थान 4:35 बजे, कोडरमा से प्रस्थान 6 बजे, गोमो से प्रस्थान 7: 35 बजे, बोकारो स्टील सिटी प्रस्थान 08:50 बजे, मुरी से प्रस्थान 10:00 बजे, रांची आगमन रात 11:20 बजे होगा और हटिया आगमन 11:55 बजे होगा।

## राजस्थान विस चुनावः अशोक गहलोत ने किया कॉलेज छात्रों को लैपटॉप देने का वादा

**जयपुर :** राजस्थान में दो दिन पहले झुंझुनूं में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी की मौजूदगी में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से प्रदेशभर की महिलाओं को दोबारा सरकार बनने पर दो गारंटी का ऐलान करने के बाद शुक्रवार को पांच अन्य गारंटियां दे दी गईं। उन्होंने राजस्थान में दोबारा कांग्रेस की सरकार आने पर कॉलेज छात्रों को लैपटॉप देने के साथ छत्तीसगढ़ की तर्ज पर राजस्थान में भी गोधन गारंटी योजना लागू करने का ऐलान किया। गहलोत ने किसानों के लिए छत्तीसगढ़ की तर्ज पर गोधन गारंटी लागू कर गाय का गोबर दो रुपये किलो खरीदने, छात्रों के लिए सरकारी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में एडमिशन के लिए लॉटरी की जरूरत लागू नहीं कर सभी को एडमिशन देने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि हम इंग्लिश मीडियम स्कूलों की तर्ज पर इंग्लिश मीडियम कॉलेज भी शुरू करेंगे। उन्होंने युवाओं के लिए हर कॉलेज में स्टूडेंट को एडमिशन के साथ ही लैपटॉप या टैबलेट देने की गारंटी दी।

**उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ ने बाबा केदार के दर्शन किए**

# बाबा केदारनाथ धाम में अपार शांति का अनुभव होता है : उपराष्ट्रपति

**एजेंसी**

**गुप्तकाशी :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार सुबह पत्नी संग बाबा केदारनाथ के दर्शन कर देश की खुशहाली की कामना की। इस मौके पर प्रदेश के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह मौजूद रहे।

उप राष्ट्रपति के आगमन पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। शुक्रवार सुबह उपराष्ट्रपति पत्नी संग केदारनाथ धाम पहुंचे। वीआईपी हेलीपैड पहुंचने पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि), जिलाधिकारी डॉ. सौरव गहरवार, पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे, एडीएम बीर सिंह बुदियाल, उप जिलाधिकारी ऊखीमठ जितेंद्र वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष महावीर पंवार, केदार सभा के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी



ने पुष्प भेंट कर उप राष्ट्रपति का स्वागत किया।इसके बाद उपराष्ट्रपति ने केदार घाटी की जानकारी ली।

कुछ देर सेफ हाउस में रुकने के बाद उपराष्ट्रपति बाबा केदारनाथ मंदिर पंहुचे। मंदिर के समीप केदार सभा, मंदिर समिति, तीर्थ पुरोहित समाज ने परंपरागत मंत्रोच्चारण एवं रुद्राक्ष की माला पहनाकर उनका स्वागत किया। साथ ही बाबा केदारनाथ का वस्त्र बाघंबर ओढ़ाकर उनका सम्मान किया।

उपराष्ट्रपति ने केदारनाथ मंदिर प्रवेश कर रूद्राभिषेक एवं विशेष पूजा-अर्चना की और देश की खुशहाली एवं जनकल्याण की कामना की। इसके बाद राज्यपाल ने उपराष्ट्रपति को केदारपुरी में चल रहे पुनर्निर्माण एवं विकास कार्यों की विस्तृत जानकारी दी।इस अवसर पर उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि बाबा केदारनाथ धाम में अपार शांति का अनुभव हो रहा है।

यहां के विहंगम दृश्य मंत्रमुग्ध करने वाले हैं। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों का अभिवादन किया। साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा धाम में कठिन परिस्थितियों में किए जा रहे कार्यों की सराहना भी की।गुरुवार को उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे हैं। गुरुवार को ही उपराष्ट्रपति ने गंगोत्री धाम पहुंच दर्शन किए।

आज केदारनाथ के दर्शन के बाद उप राष्ट्रपति भगवान बदरीविशाल के दर्शन और पूजा अर्चना करेंगे। उनके दौरे को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है।